हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● शुक्रवार ● 06.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 134 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये




# हेमन्त कैबिनेट में छह नए चेहरे, 11 ने ली मंत्री पद की शपथ

## झामुमो से छह, कांग्रेस से चार व राजद कोटे से एक विधायक को बनाया गया मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में हेमन्त सोरेन सरकार में गुरुवार को झामुमो के छह विधायकों समेत 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन के अशोक उद्यान में मंत्रियों को शपथ दिलाई।

मंत्री पद की शपथ लेने वाले छह झामुमो विधायकों में सुदिव्य कुमार, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, योगेन्द्र प्रसाद और हफीजुल हसन शामिल हैं।

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी और राधाकृष्ण किशोर ने मंत्री पद की शपथ ली, जबकि राजद के संजय प्रसाद यादव को भी मंत्री पद मिला। झामुमो नेता हेमन्त सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

हेमन्त सोरेन सरकार में छह नए चेहरे शामिल किए गए हैं, जबकि दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, दीपक बिरुआ और रामदास सोरेन को दूसरी बार तथा हफीजुल हसन को तीसरी बार मंत्री पद मिला है।

शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में स्टीफन मरांडी के शपथ लेने के साथ हुई। पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद जेएमएम के वरिष्ठ विधायक मरांडी को विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया था।

पिछले महीने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने लगातार दूसरी बार झारखंड में सत्ता हासिल की थी और 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीटें हासिल की थीं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 24 सीटें मिली थीं। झारखंड विधानसभा चुनाव में आश्चर्यजनक रूप से उभरी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को एक मंत्री पद मिला है। पार्टी ने छह में से चार सीटों पर जीत दर्ज की है।

2019 में राजद केवल चतरा सीट जीतने में सफल रही, जहां सत्यानंद भोक्ता ने जीत दर्ज की थी। 12 सदस्यीय मंत्रिमंडल में जेएमएम को सीएम सोरेन समेत कुल सात पद मिले। जेएमएम ने 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 34 सीटें जीतीं, जो विधानसभा चुनावों में पार्टी द्वारा जीती गई अब तक की सबसे अधिक सीटें हैं।

कांग्रेस को चार मंत्री पद मिले हैं। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 16 सीटें जीती थीं, जबकि सीपीआई (एमएल) लिबरेशन, जिसने इंडिया ब्लॉक के सहयोगी के रूप में दो सीटें हासिल की थीं, ने पहले घोषणा की थी कि वह कैबिनेट का हिस्सा नहीं होगी।

भाजपा ने 68 सीटों पर चुनाव लड़ा, 21 सीटें जीतीं और विधानसभा में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। पिछले शनिवार को सोरेन के शपथ लेने के बाद यह भी तय हुआ कि 9 से 12 दिसंबर तक विधानसभा का सत्र आयोजित किया जाएगा।

### स्टीफन मरांडी ने ली प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को स्टीफन मरांडी को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल गंगवार ने राज भवन में आयोजित एक समारोह में मरांडी को झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ दिलाई। इससे पहले भी वे यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। झारखंड विधानसभा में स्टीफन मरांडी सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं। वह पहली बार 1980 में विधायक चुने गये थे।

### राधाकृष्ण किशोर सबसे अनुभवी चेहरा

छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर छठी बार निर्वाचित होकर विधायक बने राधाकृष्ण किशोर हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद में शामिल हो गए हैं। वे मंत्री बन चुके हैं। किशोर वरिष्ठ विधायक हैं। दलित समाज से आते हैं। 11 मंत्रियों में सबसे पहले राधाकृष्ण किशोर ने ही शपथ ली। 1980 में पहली बार विधायक बनने वाले राधाकृष्ण किशोर का 45 साल का राजनीतिक करियर रहा है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के नई मुहल्ला के निवासी हैं।

### मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंत्रिपरिषद की शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को पोस्ट में मुख्यमंत्री ने लिखा कि अबुआ सरकार के मंत्रिपरिषद की शपथ लेने के लिए सभी मंत्रियों को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। झारखंड के वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों के आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा कर सोना झारखंड का निर्माण हमें मिलकर करना है।

## हेमन्त कैबिनेट की बैठक आज

**रांची :** हेमन्त कैबिनेट की बैठक छह दिसंबर को होगी। इसमें कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक छह दिसंबर को दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। बताते चलें कि गुरुवार को हेमन्त मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। कुल 11 मंत्रियों को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।

## एक नजर

### रिश्वत लेते बड़ा बाबू गिरफ्तार

**लोहरदगा :** समेकित ग्रामीण विकास अभिकरण में पदस्थापित प्रधान सहायक राजेंद्र उरांव को एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार किस्को थाना क्षेत्र के चरहु गांव निवासी इमरान खान ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को लिखित आवेदन देकर सूचित किया था कि कल्याण विभाग के जरिये उन्हें अल्पसंख्यक मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण के लिए 24 लाख 98 हजार रुपए का काम दिया गया है। कब्रिस्तान घेराबंदी का 80 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है कार्यालय से आठ लाख 95 हजार 150 रुपये भुगतान किया जा चुका है। इस राशि का कमीशन बड़ा बाबू राजेंद्र उरांव के जरिये 8 प्रतिशत के हिसाब से 70 हजार रुपये रिश्वत के रूप में मांगा जा रहा था। लेकिन इमरान खान इतनी राशि नहीं देना चाहता था। बाद में 50 हजार रुपये लेकर काम करने को बड़ा बाबू तैयार थे।

# देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## अजित पवार और एकनाथ शिंदे ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

एजेंसी

**मुंबई :** देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए हैं। मुंबई के आजाद मैदान में फडणवीस ने सीएम पद की शपथ ली। उनके साथ एनसीपी नेता अजित पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली है। तमाम सस्पेंस को दरकिनार करते हुए एकनाथ शिंदे ने भी डिप्टी सीएम की शपथ ली है। नई सरकार के कैबिनेट मंत्रियों का ऐलान बाद में होगा।

शपथ के बाद पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने देवेंद्र फडणवीस को बधाई दी है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एनसीपी प्रमुख अजित पवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। वहीं, पीएम मोदी ने शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई देते नजर आए। देवेंद्र फडणवीस 2014 से 2019 में पहली बार सीएम बने थे। 2019 में अजित पवार की मदद से वो सीएम बने, लेकिन दो दिन बाद ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। पिछली बार एकनाथ शिंदे सरकार में वे डिप्टी सीएम रह चुके हैं। अजित पवार छठी बार डिप्टी सीएम बनेंगे। वे महाविकास अघाड़ी और महायुति सरकार में डिप्टी सीएम रह चुके हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री समेत तमाम नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही शाहरूख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, सचिन तेंदुलकर समेत कई सेलेब्रिटी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। अदाणी एंटरप्राइजेज से मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव अदाणी और उद्योगपति कुमार मंगलम बिरला ने भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में फडणवीस के नाम पर बुधवार को मुहर लगाई गई थी। इसके बाद, फडणवीस, शिंदे और पवार ने 4 दिसंबर को राज्यपाल सी।पी। राधाकृष्णन से मिलकर महायुति सरकार बनाने का दावा पेश किया था।



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज की थी। उसने 288 में से 235 सीटों पर विजय हासिल की थी। यह परिणाम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जो 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। वहीं, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को बड़ा झटका लगा, जिसमें कांग्रेस को सिर्फ 16 सीटें मिली थीं। गठबंधन सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीतीं, जबकि एनसीपी (शरद पवार गुट) को सिर्फ 10 सीटें मिली थीं।

# सड़क हादसे में रांची के तीन की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला के बसिया में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होने की खबर है। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना बसिया थाना के पास बुधवार की देर रात हुई है। घायल लोगों को रांची के रिम्स रेफर किया गया है। सभी रांची रहने वाले है। जिन लोगों की मौत हुई है उसमें पवन साहू, रतन गोप और प्रवीण राम शामिल है। तीनों रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। इसके अलावा जिन दो लोग गंभीर रूप से घायल है उसमें विश्वनाथ गोप और असीम गोप शामिल है।

### बारात से लौटने के दौरान हुई दुर्घटना

घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से बुधवार की शाम सिमडेगा बारात गयी थी। लौटने के दौरान देर रात कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## एक नजर

### स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण



**चौपारण :** प्रखंड के झापा पंचायत के अंतर्गत परसावां स्कूल में झापा मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया। मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने कहा की बढ़ती ठंड को देखते हुए 3 से 6 वर्षों तक के बच्चों को सरकार के तरफ उपलब्ध स्वेटर का वितरण किया गया है। बहुत जल्द ही पुरे पंचायत के स्कूली बच्चों को स्वेटर उपलब्ध होगा। स्वेटर मिलने पर स्कूली बच्चे काफी खुश नजर आ रहें थे। मौके पर वार्ड सदस्य मोहम्मद साकिर, मोहम्मद शकील, मोहम्मद युसूफ बच्चों के अभिभावक और शिक्षक गण मौजूद थे।

### रामनारायण यादव की 40वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**बरही :** आरएनवाईएम कॉलेज में स्वर्गीय रामनारायण यादव की 40वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और महाविद्यालय कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सबसे पहले सभी अतिथियों ने स्व. रामनारायण यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डॉ विमल किशोर, सचिव परमेश्वर यादव ने नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव को मोमेंटो व बुके देकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर व संचालन प्रो हिरामन साव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्व. रामनारायण यादव के पुत्र सह बरही से नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद रहे। इसके अलावा यूनिवर्सिटी रिप्रजेंटेटिव डॉ चंद्रशेखर सिंह, स्व. रामनारायण यादव के पुत्र सह शासी निकाय शिक्षाविद बिनोद यादव, सरोज यादव, विद्यालय प्रबंधन के सचिव परमेश्वर यादव भी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय बर्णवाल ने किया।

### मंजीत यादव हत्याकांड में पप्पू कुमार यादव को पुलिस ने भेजा जेल

**हजारीबाग :** हजारीबाग के पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष मंजीत यादव हत्याकांड में संलिप्त आरोपी पप्पु कुमार यादव उर्फ कट्प्पा को पुलिस ने स्थानीय बस स्टैंड के नजदीक दौड़ा कर पकड़ा। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कारवाई करते हुए बस स्टैंड के नजदीक सरना स्थल पहुंचे तो वहां पुलिस को देख उपस्थित कुछ लोग भागने लगे छापामारी दल ने उनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया तथा दो लोग अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल रहे। पकड़ाये हुए व्यक्ति का नाम-पता पूछने पर उन्होने अपना नाम पप्पु कुमार यादव, पिता-केदार यादव, ग्राम-मंडई खुर्द, थाना-लोहसिंधना, जिला-हजारीबाग बताया गया जिसका विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से एक अवैध देशी पिस्तौल, दो जिन्दा कारतुस एवं एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल बरामद किया गया पकड़ाये। अभियुक्त पप्पु कुमार यादव द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बडा.बाजार कांड सं0-419/2024 में मंजीत यादव की हत्या करने में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए डेली मार्केट स्थित सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण किया। सुबह करीब 11 बजे प्रसाद सब्जी मंडी पहुंचे और व्यापारियों से उनकी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। व्यापारियों ने उन्हें बिजली, चापाकल, शौचालय, नाली की सफाई, रोड की मरम्मत,और मंडी की समग्र व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। प्रसाद ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार से संपर्क किया। उनकी उपस्थिति में मंडी का निरीक्षण किया गया और हर समस्या को बारीकी से समझा गया। अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। महिलाओं के लिए शौचालय फ्री, महिलाओं को पहले शौचालय के उपयोग के लिए 10 रु शुल्क देना पड़ता था। विधायक ने तत्काल प्रभाव से इसे निशुल्क कर दिया। चापाकल की व्यवस्था,वर्तमान में मंडी में केवल एक चापाकल है। विधायक ने अतिरिक्त चापाकल लगवाने का आदेश दिया ताकि पानी की समस्या दूर की जा सके। बिजली व्यवस्था बिजली के तारों की खस्ता हालत को सुधारने का निर्णय लिया गया ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाएं न हों। पार्किंग सुविधा यातायात को सुगम बनाने के लिए सब्जी मंडी के बाहर कांग्रेस मैदान के सामने स्थित उर्दू विद्यालय परिसर में पार्किंग सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। सफाई और नाली व्यवस्था,मंडी की नियमित सफाई और नाली की उचित व्यवस्था के लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया है। विधायक प्रदीप प्रसाद करीब 2 घंटे तक मंडी में मौजूद रहे और संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा। मंडी में मौजूद व्यापारियों और नागरिकों से बातचीत के दौरान प्रसाद ने कहा की मैं आपकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं। जनता की भलाई और शहर के विकास के लिए हम हर स्तर पर काम करेंगे। प्रसाद के इस कदम से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में उत्साह है और उन्होंने विधायक के प्रयासों की सराहना की। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। मैंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैं सदैव जनता के साथ हूं। मेरे दरवाजे हर नागरिक के लिए खुले हैं। मेरा उद्देश्य है कि सदर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुए और हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों।

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी :** उत्पाद विभाग की टीम न गुरुवार को इटखोरी थाना अंतर्गत ब्रम्हा मोड़ के समीप छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। मिनी फैक्ट्री का संचालन भोला दांगी के जरिये अपने घर के सामने एक कंपाउंड में किया जा रहा था। जहां स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार कर ब्रांडेड शराब की बोतलों में भर कर नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर पैक करने का काम किया जाता था। मौके से अवैध शराब कारोबारी भोला दांगी अपने सहकर्मियों के साथ भागने में सफल रहा। इसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उत्पाद विभाग की कार्रवाई में बोतलबंद विदेशी शराब 164 लीटर, तैयार रंगीन शराब 40 लीटर, स्पिरिट 630 लीटर, कैरेमल पांच लीटर सहित रोयल स्टैग व्हिस्की, इंपीरियल ब्लू, स्टारलिंग रिजर्व, रॉयल चैलेंजर का ढक्कन और लेबल और होलोग्राम, विभिन्न ब्रांड का खाली बॉटल, स्पिरिट का खाली जार एवं अन्य सामग्री जब्त किया गया है। मामले में संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। अधीक्षक उत्पाद के जरिये जानकारी दी गई कि आरोपित भोला दांगी अपराधी है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी अभियोग दर्ज किया गया है। आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध इसी प्रकार सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद आशीष कुमार पांडेय, अभिषेक आनंद, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## प्रखंड व अंचल कार्यालय में सभी समस्याओं का समाधान होगा : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में विधायक रोशन लाल चौधरी के विधायक कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी व पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर के संचालन ने किया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर विधायक कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन पूर्व पूर्व रोशन लाल चौधरी के प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर उपस्थित प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार तथा उपस्थित अन्य पंचायत जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ता के द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी से कहा कि जनता की जो भी समस्याएं आती है उन समस्याओं को आप समाधान करने का प्रयास करें। शिकायत का मौका नहीं दें। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हमारा सकारात्मक पहल रहेगा, कि हम आपके साथ मिलकर काम करें। अगर जनता की काम नहीं होती है तो आप पर भी आरोप लगेगा और मुझे भी लोग कहेंगे कि विधायक यह काम नहीं कर पाए। जनता को इस प्रकार की शिकायत का मौका नहीं दें। यदि आपको लगता है कि जिला व राज्य में हमारे माध्यम से कोई काम हो सकता है ,तो आप जरूर बताएं। बड़कागांव विधानसभा की जनता ने हमें जो अपार समर्थन दिया है। मैं जनता की सेवक बनाकर उनकी सेवा करना चाहता हूं। मौके पर उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, आजसु केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, पूर्व मुखिया भीखन महतो, शशि कुमार मेहता, कामेश्वर महतो, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, विनोद यादव,राजा खान, दिनेश कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## 2047 तक भारत को स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को सफल बनाना है : कुलपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने 5 दिसंबर 2024 को फिट इंडिया वीक के तहत विश्वविद्यालय के मुख्यालय परिसर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। केंद्रीय पुस्तकालय भवन के सामने रैली को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार ने फिट इंडिया कार्यक्रम सप्ताह को 'प्रारंभ' उद्घोषित किया। इस समय तालिया के गरगड़ाहट के बीच उन्होंने रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर फिट इंडिया का संदेश को दूर-दूर तक भेजा। रैली को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा, युवा हमारे देश की शक्ति हैं। फिटनेस और स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए भी आवश्यक हैं। तन स्वस्थ होगा तो मन भी स्वस्थ होगा। इसी प्रकार एक स्वस्थ भारत का निर्माण संभव होगा। इसके बाद कुलपति ने रैली को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संकायअध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा, फिट इंडिया अभियान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। हमें छात्रों को इस दिशा में प्रेरित करना चाहिए। सीसीडीसी डॉ. के.के. गुप्ता ने कहा, जो फिट है वही हिट है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, मानवशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद रंजन, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ जॉनी रुफिना तिर्की तथा अर्थशास्त्र विभाग से डॉ ईफशा खुर्शीद उपस्थित थे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. उमेंद्र सिंह ने इस आयोजन का संचालन किया और छात्रों को फिटनेस के पति जागरूक होने को कहा। इस रैली में शोधार्थी पुष्कर कुमार पुष्प, आरती मेहता तथा अभिषेक कुमार महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। रैली के दौरान फिटनेस और स्वास्थ्य से संबंधित नारों और संदेशों के माध्यम से जागरूकता फैलाई।

## बरही प्रखंड में चलो घर बनाएं अभियान का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने चलो घर बनाएं अभियान की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य लंबित आवासों को समय पर पूरा करना है। इस अभियान के तहत प्रखंड कर्मियों को आवास निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कर्मी संबंधित पंचायतों में भेजे गए हैं ताकि इस कार्य को गति दी जा सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने इस अभियान की प्रगति की समीक्षा करने के लिए विभिन्न पंचायतों में लाभुकों के साथ बैठक की। उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण भी किया और लाभुकों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के साथ आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीडीओ जयपाल महतो ने कहा, हमारा उद्देश्य गरीब और पात्र परिवारों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराना है। सभी कर्मियों और लाभुकों से अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की जाती है। चलो घर बनाएं अभियान का उद्देश्य गरीब और पात्र परिवारों को जल्द से जल्द आवास मुहैया कराना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों और लाभुकों से सहयोग की अपील की है। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, यास्मीन तब्बसुम, मंगलदेव यादव, छोटन ठाकुर, कमलेश भारतीं, रवि यादव, साँवना मांझी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# नगर निगम के विभिन्न व्यस्ततम मार्गों की नियमित सफाई से यातायात समास्याओं से लोगों को मिलेगी राहत : शेफाली गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता नगरनिगम क्षेत्रान्तर्गत में जन जरूरतो एवं समास्याओं पर सदैव लोगों के बीच हमेशा खडी रहती है तथा उनकी समास्याओं से भी निजात दिलाती आ रही है। गुरूवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद से मांग पत्र के माध्यम से नगरनिगम क्षेत्र की सफाई, कुडादान एवं शौचालय निर्माण की मांग रखी। नक्सा के माध्यम से गलीयो की वस्तुस्थिति से अवगत की तथा समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं 17 और वार्ड नं 30 में अवस्थित नेमीचंद गली, निसार गली, गांजा गली और धोबी गली जो वर्षों से कुड़ा कचरा के ढेर से आवागमन अवरूद्ध हो गया है। जिसके कारण यातायात व्यवस्था में राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा। उन्होंने बताया कि सभी गलियों का जुड़ाव शहर के विभिन्न व्यस्त मार्ग से जुड़ा हुआ है। अगर इन सभी गलियों से कुड़ा कचरा को साफ कर दिया जाए तो यातायात के दृष्टिकोण से काफी सुविधा राहगीरों को होगा साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल किया जा सकता है। और आये दिन यातायात को लेकर जाम की समस्यायों से लोगों को राहत मिलेगी। ऐसे में बताना अहम यह होगा कि इन अवरूद्ध गलियों में कुड़ा दान लगाने से लोगों को कुड़ा कचरा गलियों में फेंकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसलिए इन चिन्हित किए गए गलियों में कुड़ा दान की भी व्यवस्था अविलंब किया जाए। साथ ही नाला रोड पर स्थाई रूप से कुछ शौचालय निर्माण कार्य किया जाए ताकि राहगीरों को इधर-उधर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसे सफाई की दृष्टि कोण से महत्वपूर्ण विषय के तौर पर देखा जाए। उन्होंने बताया कि सभी समस्याओं का समाधान अविलंब किया जाए इसके लिए नगर निगम क्षेत्रवासियों की ओर से आपकी सदा आभारी रहूंगी। नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद ने गंभीरता से मामला को संज्ञान में लिया। नियमित साफ- सफाई, चिन्हित गलीयो में कुडादान लगाने एवं शौचालय निर्माण करने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### एदला में एक ही रात दो घरों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**कटकमसांडी :** कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पंचायत बाझा के अंतर्गत ग्राम एदला में एक ही रात चोरों ने दो घरों को खंगाल लिया। ठंड के कारण बगल के इट वाला कमरे में सोने चले गए ओर मिट्टी वाला घर में ताला मारकर सभी लोग एक रूम में सो रहे थे। इस बीच ताला तोड़कर चोर कमरे में घुस गए। कमरे में रखी आलमारी व बक्से का लॉक तोड़कर उसमें रखे जेवर, नकदी व अन्य कीमती सामान समेट कर फरार हो गए। सुबह नींद खुली तो घर में चोरी होने की जानकारी मिली। जिसके घर में चोरी हुई है वह आर्थिक ओर शारीरिक दोनों से कमजोर है जिसका नाम रामसेवक राम है बता दे कि रामसेवक राम के घर में आज से पूर्व दो महीने पहले भी चोरी हो चुकी है उस समय भी नगद राशि ओर कुछ जेवरात का चोरी का अंजाम चोरों ने दिया था बता दे कि रामसेवक राम को दो साल पहले लकवा मार दिया था जिस से वह आज तक इस बीमारि से ग्रसित है । प्रभारी निरीक्षक तरुण महतो ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। घर के सदस्य ने बताया कि बुधवार की रात परिजन भोजन करने के बाद कमरे के अंदर सो रहे थे। रात लगभग 12 बजे से थोड़ा पहले कमरे का दरवाजा खोलकर चोर अंदर दाखिल हो गए। कमरे में रखी बक्सा का लाक तोड़कर उसमें रखे जेवर और नकद राशि चुरा लिये और सामान से भरे कुछ कुछ सामान उठा ले गए। बृहस्पतिवार भोर में जब नींद खुली तो दरवाजा खुला देखा। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। खोजबीन करने लगे तो देखे सारा सामान गायब है। रामसेवक राम के अनुसार चोर सोने का हार, एक मगंलसूत्र, बिंदिया, दो कान का झुमका, पाजेब व पायल सहित कपड़े व नकदी चोर उठा ले गए जो मेरी बेटी का था । इसी रात में चोरों ने मीणा भुइयां के मकान में भी चोरी की। कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कुछ नहीं पाया जिस कमरा में चोर घुसे थे उस कमरा में बर्तन के अलावा कुछ नहीं था।

### एनटीपीसी के एनएमएल द्वारा खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया



**बड़कागांव :** बड़कागांव के ग्राम इतिज स्थित पीट कार्यालय में एनटीपीसी के तहत एनएमएल के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के तत्वाधान में 67वां खान सुरक्षा सप्ताह आज दूसरा दिन मनाया गया । मुख्य अतिथि आई एस ओ सह निरीक्षक आफताब अहमद , खान प्रबंधक अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को उद्घाटन किया। इसके पहले पीट कार्यालय पहुंचते ही अतिथियों को क्षेत्रीय गीत व नृत्य से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा संबंधित अधिकारियों एवं खान कर्मियों ने संकल्प लिया। मौके पर मुख्य अतिथि आइसो सहनिरीक्षक आफताब अहमद ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है खान से संबंधित सभी अधिकारियों कर्मियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की जितने भी सुरक्षा संबंधित नियम बनाया गया है, सभी अधिकारियों एम कर्मियों को अनुपालन करना आवश्यक है। एनटीपीसी का उद्देश्य रहता है कि सुरक्षा के लिए उच्च श्रेष्ठ प्राप्त करना और इसका परिणाम भी देखने को मिलता है। पकरी बरवाडीह कोल परियोजना को सुरक्षा के मामले में भी पिछले वर्ष अवार्ड दिया गया था। हम चाहते हैं कि इस परियोजना के पदाधिकारी एवं कर्मी इसका अच्छा रिजल्ट दें। ताकि इस बार भी इसी परियोजना को अवार्ड मिले। खान प्रबंधक अरविंद कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत सुरक्षा के लिए जागरूक किया जाता है इसके लिए लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला, प्रतियोगिता, नाट्य कला की प्रस्तुत की जाती है। इतना ही नहीं सुरक्षा की जागरूकता के लिए ऑडियो वीडियो द्वारा भी हम लोग प्रसारित करते रहते हैं। खान सुरक्षा एवं वाहनों में सुरक्षा के लिए पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के कर्मियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसे देखकर लोग प्रभावित हुए। वहीकार्यक्रम में आइसो निरीक्षक आफताब अहमद ने माइनिंग ऑपरेशन, प्लानिंग एंड सर्वे, मेडिकल संबंधित 15 स्टाल को अवलोकन किया। मौके पर चंद्र शेखर, खान प्रबंधक अरविंद सिंह, अमित कुमार, मधु रंजन, बलराम मंडल, पवन कुमार सिंह, कमलेश सिंह, सरोज प्रसाद, प्रदीप कुमार, पी आर ओ दिलीप ठाकुर समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व मे पतरातू से सैकड़ों कार्यकर्त्ता रामगढ़ के लिए हुए रवाना

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** अंबेडकर पार्क पतरातू से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एकल अभियान के आचार्य एवं कार्यकर्ता,विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल एवं भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओ को माननीय विधायक बड़कागांव विधानसभा श्री रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व मे हिंदू सनातन आक्रोश रैली रामगढ के लिए रवाना हुई ।जिसमें पतरातू के विभिन्न गांव से सैकड़ो हिंदू सनातनी धर्मावलंबी आक्रोश रैली एवं धरना के लिए रामगढ़ रवाना हुए। वही माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा राष्ट्रीय सनातन समाज रामगढ़ जिला के द्वारा आक्रोश रैली की जा रही है ।बांग्लादेश में हो रहे निरंतर सनातनी धर्म मठ मंदिरों संतों पर बर्बरता पूर्ण अत्याचार एवं अन्याय होने पर उन्हें घोर संकट का सामना करना पड़ रहा है जो निंदनीय है इसके विरोध में सिद्धू कानू मैदान एमएमटी ग्राउंड में समस्त सनातन धर्म के रक्षक एकत्रित होकर अपनी चटानी एकजूटता का परिचय देने पतरातू से सैकड़ो हिंदू सनातन के लोग रवाना हुए। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा से किशोर कुमार महतो गणेश कुमार ठाकुर संजय रजक चंदन कुमार धर्मेंद्र सिंह गणेश करमाली राहुल मुखिया हेमंत कुमार और आरएसएस से संजीत कुमार विकास कुमार सुनील महतो राजकिशोर सिंह रवि कुमार एकल अभियान से नागेश्वर महतो सत्येंद्र ठाकुर शांति देवी निलम देवी इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता रवाना हुए।

### भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में किसान प्रक्षेत्र दिवस का हुआ आयोजन

**बरही :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरियाकरमा में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित परियोजना झारखंड में पोषण एवं आजीविका सुरक्षा हेतु धान-परती पारिस्थितिकी तंत्र में दलहनी फसलों की सतत गहनता के अंतर्गत किसान प्रक्षेत्र दिवस (अरहर) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोरिया करमा, खेरौन, निचतपुर सहित आसपास के गांवों से लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। किसानों ने अरहर की खेती से जुड़े अनुसंधान एवं बीज उत्पादन प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया। डॉ. अनिमा महतो (वैज्ञानिक) ने अरहर की खेती और गुणवत्तापूर्ण बीज के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मोनू कुमार और डॉ. आकाश ए ने वैज्ञानिक विधियों से अरहर की खेती और बीज उत्पादन की तकनीक समझाई। डॉ. सनत कुमार महंता ने अरहर के पौधे को हरे या सूखे चारे के रूप में उपयोग करने की सलाह दी। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर सुबोध कुमार (अधिकारी, बागीश्वरी किसान उत्पादक संगठन) ने किसानों को मृदा परीक्षण की जानकारी दी।

## एक नजर

### अर्चा साहित्य कला अकादमी का समागम 8 को

**रांची :** अर्चा साहित्य कला अकादमी के बैनर तले आठ दिसंबर सुबह 11 बजे रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम मोरहाबादी रांची में आयोजित होना है। इसमें झारखंड राज्य से 108 कलाकार हिस्सा लेंगे। 15 रविंद्र संगीत एक मंच पर प्रस्तुत की जाएगी। इसमें महिला और पुरुष दोनों कलाकार मौजूद रहेंगे। 15 गानों को 7 मेंटरों ने मिलकर बनायी है। यह जानकारी अर्चा साहित्य कला अकादमी के चेयरमैन डॉ पंपा सेन विश्वास, सरोज प्रसाद, दीप्ती शिखा गुहा और अखिलेश कुमार ने लालपुर के सीटी पैलेस में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड में पहली बार हो रहा है। वहीं कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रोफेसर डॉ अमिताभ मुखर्जी, पूर्व सीएमडी एचईसी अभिजीत घोष, पूर्व अध्यक्ष एफ जेसीसीआई कुणाल आजमानी व बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष और प्रदीर लाहिड़ी मुख्य अतिथि रहेंगे। लिली मुखर्जी, अपराजिता भट्टाचार्य, कुमकुम बनजी, डॉ। पंपा सेन विश्वास, परोमिता चौधरी, अपस्पा चौधरी, रुमकी दास प्रसिद्ध रवींद्रसंगीत गुरु प्रणति लाहिड़ी शामिल हैं। कलाकारों का परिधान साड़ी और पजामा कुर्ता एक ही कलर का होगा। सभी कलाकारो को अंग वस्त्र, सर्टीफिकेट और मोमेंटम देकर सम्मानित किया जाएगा।

### 30 लाख रुपये में सीट बेचने की साजिश के आरोपों के बीच सीजीएल का रिजल्ट जारी किया गया: बाबूलाल



**रांची :** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीजीएल रिजल्ट को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि जेएसएससी-सीजीएल का मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है, फिर भी झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जल्दबाजी में रिजल्ट जारी कर दिया जाना बेरोजगारों के गले नहीं उतर रहा है। खुद आयोग के सचिव ने कहा था कि जब तक मामला कोर्ट में है तब तक रिजल्ट घोषित नहीं होगा। उन्होंने आगे लिखा है कि 30 लाख रुपए में सीट बेचने की साजिशों के आरोपों के बीच, इंटरनेट बंद कर पेपर लीक की बात चर्चा में रही। अब छात्रों को अंधेरे में रखते हुए परिणाम जारी कर दिया गया। जेएसएससी-सीजीएल का मामला अभी कोर्ट में लंबित है, फिर भी जेएसएससी द्वारा जल्दबाजी में परिणाम जारी कर दिया जाना बेरोजगारों के गले नहीं उतर रहा। दिलचस्प यह है कि छात्रों की आपत्ति पर जेएसएससी के सचिव ने खुद कहा था कि जब तक मामला न्यायालय में है, तब तक सीजीएल परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं होगा। सोशल मीडिया में सितंबर का एक स्क्रीनशॉट भी वायरल हो रहा है, जिसकी हम पुष्टि नहीं करते। उसमें गड़बड़ी करने वाले दो रोल नंबर्स का ज़िक्र है। ताजा जारी परिणाम में इन दोनों रोल नंबर्स को सफल घोषित कर दिया गया है। यह गहन जांच का विषय है। बाबूलाल ने सीएम से आग्रह किया है कि इस परीक्षा परिणाम को रद्द करें। साथ ही पूरे मामले की सीबीआइ जांच कराएं। भाजपा सड़क से सदन तक युवाओं के हक के लिए लड़ाई लड़ेगी।

# बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे हमले जल्द रोके जाएं : विश्व हिन्दू परिषद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हिंदू सनातन धर्म के सैकड़ों लोगों ने गुरुवार को बापु वाटिका से पैदल मार्च शुरू किया। सभी पैदल मार्च करते हुए रेडियम रोड होते हुए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचे। यहां पर उपायुक्त कार्यालय को हिंदू पर हो रहे हमले को रोकने का लिए आवेदन सौंपा गया। लोगों ने कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले स्थानीय हिंदू को सुरक्षा प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज पर हमले हो रहे हैं। उनके मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। पुरोहित पर गलत आरोप लगाकर उन पर अत्याचार किया जा रहा है। इसे जल्द रोका जाना चाहिए।



#### बांग्लादेश में सैनिक उतारकर सबक सिखाने की जरूरत


विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्रीय मंत्री बिहार झारखंड के बिरेंद्र बिमल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न की घटना हो रही है। इसे जल्द रोका जाना चाहिए। यह भारत की भूमि रही है। बांग्लादेश का इतिहास भारत का इतिहास रहा है। इन्हें बनाने में भारत की भूमिका है। झारखंड के बलिदानी वीर अल्बर्ट एक्का बांग्लादेश के निर्माण में शहीद हुए थे। आज बांग्लादेश में हिंदूओं पर अत्याचार हो रहा है। भारत का एक सौ दस करोड़ हिंदू समाज आक्रोशित और आंदोलित है। बांग्लादेश भारत के तीन छोर से घिरा हुआ है।

अगर उन्हें लगता है कि बांग्लादेश के हिंदूओं पर अत्याचार कर के बच जाएगा तो उसका भूल साबित होने वाला है। न भारत की पावन भूमि है। बांग्लादेश माता धाकेशरी की भूमि है। वहां से भारत सेवा आश्रम के निमार्ता स्वामी परवानंद बांग्लादेश से ही निकले थे। मतुवा समाज आज बांग्लादेश का एक बहुत बड़ा हिंदू समाज है। उसके संस्थापक स्वामी हरीशचंद्र बांग्लादेश के थे। ऐसी पावन भूमि पर अत्याचार आज भारत में हिंदू समाज को कष्ट दे रहा है। यहां पर आक्रोश बढ़ रहा है। विश्व के हिंदू समाज बंगलादेश में हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए एक होने की जरूरत है।

#### हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार बंद हो

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि भारत से पानी, खाद्य सामग्री पर रोक लगाना चाहिए। ताकि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को जल्द रोका जा सकता है। मौके पर उतम यादव, भैरो सिंह, राजीव कुमार बिटु, मिथलेशर मिश्र, बिरेंद्र सिन्हा, धीरज सिंह, सुजित कुमार सिंह, अशोक पुरोहित, विष्णु जालान, किशन साबु, अमन पुरोहित, धीरेंद्र कुमार व मुनचु राय समेत अन्य शामिल थे।

## युवा महोत्सव 14 दिसंबर से, 12 दिसंबर तक प्रतिभागी करा सकेंगे पंजीकरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गुरुवार को विकास भवन स्थित जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में रांची जिला और प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव 2025 के लिए एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने की, जिसमें नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रौशन कुमार, गौरव अग्रवाल, अनुभव चक्रवर्ती, कौशल किशोर, जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी और जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार भी उपस्थित थे।

बैठक में झारखंड खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा 14 दिसंबर से आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। बताया गया कि 14 दिसंबर को रांची में जिला स्तरीय और 16 दिसंबर को प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन ऑड्रे हाउस में किया जाएगा। इस महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल), कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला (सामूहिक), फोटोग्राफी शामिल हैं।

प्रतिभागियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 12 दिसंबर तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे।

## बीएयू में विश्व मृदा दिवस का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** दुनिया के जीवों को 95 प्रतिशत से अधिक खाद्य पदार्थ मिट्टी से प्राप्त होता है इसलिए मिट्टी के स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वैज्ञानिकों, नीति नियामकों, शोधार्थियों, नौकरशाहों, विद्यार्थियों, किसानों और आम समाज सबको मिलकर काम करना होगा। मिट्टी में लाभदायक सूक्ष्मजीवों की आबादी बढ़ाने पर काम होना चाहिए। मिट्टी स्वस्थ रहेगी तभी मानव, पशु, पक्षी, कीड़े किसी को भी पोषक आहार मिल पाएगा।

उपरोक्त विचार बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने बृहस्पतिवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस के रांची चैप्टर द्वारा बीएयू में आयोजित विश्व मृदा दिवस को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि पोषक तत्व और पानी जमीन से मिलते हैं तथा वातावरण को शुद्ध करने में भी मिट्टी का योगदान है। ऊपरी सतह की दो-तीन इंच मिट्टी बनने में 1000 साल से अधिक लगते हैं, इसलिए मानव हरकतों से यदि यह मिट्टी बर्बाद हो गई तो सदियों पछताना पड़ेगा, आनेवाली पीढियां के लिए हम अपराधी साबित होंगे। कुलपति ने कहा कि फसल उत्पादन में जैविक और जीवाणु खाद का प्रयोग बढ़ाना होगा ताकि मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की आबादी बढ़े क्योंकि वही उत्पादकता बढ़ाते हैं तथा प्लास्टिक सहित किसी भी सामग्री को डीकंपोज करते हैं। आंखों से नहीं दिखने वाले मिट्टी में अगणित संख्या में रहने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीवों को बचाने, बढ़ाने पर पूरी दुनिया अपना शोध केंद्रित कर रही है। मिट्टी का सूरतेहाल जानने के लिए



सरकार द्वारा मिट्टी जांच अनिवार्य किया गया है और वर्ष 2014 के बाद इसमें काफी तेजी आई है लेकिन मिट्टी जांच रिपोर्ट में पोषक तत्वों के स्तर और कमी सम्बन्धी सूचना रहने के साथ-साथ उसमें यह भी जानकारी रहनी चाहिए कि वह मिट्टी किन फसलों के लिए उपयुक्त है तथा उसमें सूक्ष्मजीवों की आबादी कैसी है। मृदा विज्ञान सोसाइटी के अध्यक्ष तथा बीएयू के कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही ने कहा कि कटाव, वर्षा, बाढ़ तथा रासायनिक उर्वरकों के अविवेकपूर्ण प्रयोग से ऊपरी मिट्टी बर्बाद हो रही है जिसे बचाने के लिए सबको सजग होना होगा। उन्होंने कहा कि हमें रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न्यूनतम करते हुए जैविक और जीवाणु खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट आदि का प्रयोग यथासंभव बढ़ाने का प्रयास करना होगा ताकि धरती माता का स्वास्थ्य अच्छा रह सके। झारखंड की मिट्टी का स्वास्थ्य बहुत से मैदानी राज्यों की तुलना में बेहतर है।

## जेएसएससी-सीजीएल परिणाम छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक : भाजपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हाल ही में जारी एसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ "क्रूर मजाक" करार दिया है और कहा कि यह हेमंत सोरेन सरकार की उदासीनता और अहंकार को दर्शाता है।

साह ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कहा कि हमने उम्मीद की थी कि भारी जनादेश के साथ यह सरकार छात्रों और युवाओं के प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखाएगी लेकिन इसके बजाय, सरकार का रवैया अहंकारी और गैर-जिम्मेदाराना होता जा रहा है। सरकार ने निष्पक्ष जांच का वादा किया था, लेकिन बिना किसी उचित प्रक्रिया और जांच के परिणाम जारी करना, इस सरकार की लापरवाही का परिचायक है।

अजय साह ने सोशल मीडिया पर वायरल एक संदेश का जिक्र करते हुए कहा कि परिणाम से पहले एक वायरल संदेश में दो विशेष रोल नंबर का उल्लेख था और परिणामों में वही रोल नंबर दिखाई दिए हैं। भाजपा इस संदेश की सत्यता की पुष्टि नहीं करती, लेकिन जब लाखों छात्रों के भविष्य का सवाल है, तो इस संदेश समेत सभी संबंधित तथ्यों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

उन्होंने सरकार की संवैधानिक प्रक्रिया के उल्लंघन की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब कई छात्रों द्वारा यह मामला न्यायालय में ले जाया गया है, तो न्यायालय के निर्णय का इंतजार किए बिना परिणाम जारी करना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि छात्रों के अधिकारों का हनन भी है। इसके अलावा, यह भी स्पष्ट है कि परिणाम ऐसे समय में जारी किया गया जब चुने हुए प्रतिनिधि मंत्रिमंडल विस्तार में व्यस्त थे। यह दर्शाता है कि वर्तमान सरकार पर अफसरशाही का दबदबा है, जो मंत्रिमंडल के विस्तार का भी इंतजार नहीं कर सकी। उन्होंने छात्रों के आक्रोश के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि पार्टी इस मुद्दे को सदन में उठाएगी।

## कांग्रेस में टूट का खतरा, 16 विधायकों में से कई नहीं पहुंचे शपथ ग्रहण समारोह में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मंत्रीमंडल विस्तार गुरूवार को हो गया। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही झारखंड कांग्रेस पर टूट का खतरा मंडराने लगा है। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस को पार्टी के तौर पर झारखंड की सत्ता में अपनी भागेदारी गंवानी पड़ सकती है।

टूट का अंदेशा निराधार नहीं है। इसके संदेश शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखा। कांग्रेस के 16 विधायकों में से अधिकांश ने समारोह से दूरी बना ली। हालांकि अभी कोई कुछ भी खुल कर बोलने को तैयार नहीं है। इनमें अधिकांश विधायक रांची में मौजूद रहें, लेकिन राजभवन नहीं पहुंचे। सूत्रों के अनुसार मान-मनौव्वल का दौर जारी है। कांग्रेस विधायकों की नाराजगी की कई वजहें हैं, पर दो वजहें प्रमुख हैं। पहली वजह यह है कि सामान्य जाति से किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया है। वैसे देखा जाये तो पूरे मंत्रिमंडल में सामान्य जाति से कोई मंत्री नहीं है। दीपिका पांडेय सिंह को ओबीसी माना जा रहा है।

दूसरी बड़ी वजह दूसरे दल से टूट करके कांग्रेस में आने वाले विधायक को तरजीह देना बताया जा रहा है और इस सबके लिए कांग्रेस से शीर्ष नेतृत्व को जिम्मेदार माना जा रहा है। राधा कृष्ण किशोर अलग-अलग समय में दल बदलते रहे हैं। वह वर्तमान सरकार में भी मंत्री बने हैं। मंत्री पद की शपथ लेने वाले इरफान अंसारी को लेकर कहा जा रहा है कि पिछली सरकार में उन्होंने सरकार को अस्थिर करने में किस तरह के काम किये थे, वह जग जाहिर है।

# कांके जज कॉलोनी से लेकर हरमू के सहजानंद चौक तक बनेगा फ्लाईओवर, निकाला गया टेंडर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार की ओर से कांके रोड स्थित जज कॉलोनी से लेकर हरमू सहजानंद चौक तक बनने वाले फ्लाईओवर को लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, अगले 2 से 3 महीने के अंदर हरमू फ्लाईओवर निर्माण के टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि इसके निर्माण में करीब 300 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। वहीं, इसकी लंबाई 3.5 किलोमीटर होगी। फिलहाल फ्लाईओवर के निर्माण के लिए हरमू से कडरू रेडिशन ब्लू तक परामर्श की तलाश जारी है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। अब तक इस प्रोजेक्ट के लिए एक कंपनी ने 34 प्रतिशत कम रेट पर टेंडर भरा है। इसकी समीक्षा पथ विभाग कर रहा है।



#### वैकल्पिक मार्ग किया जाएगा तैयार

बता दें कि हरमू फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए एक वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाएगा। इसका कारण है कि इस सड़क से वीवीआईपी मूवमेंट काफी अधिक होता है। इस फ्लाईओवर का निर्माण कांके रोड स्थित जज कॉलोनी से हरमू सहजानंद चौक तक होगा। इसके निर्माण के बाद सूचना भवन चौराहा के पास से फ्लाईओवर पर चढ़ने वाले रातू रोड चौक, शनि मंदिर, गाड़ीखाना चौक, किशोरगंज चौक, भारत माता चौक होते हुए सहजानंद चौक पर जाकर उतरेंगे। वहीं, सहजानंद चौक के पास एक रैंप बनाया जाएगा ताकि कडरू मार्ग से आने वाली गाड़ियां फ्लाईओवर पर चढ़ सकें। साथ ही दूसरा रैंप गौशाला चौक के निकट बनाया जाएगा ताकि रातू रोड और पहाड़ी मंदिर से आने वाले वाहन फ्लाईओवर में चढ़ सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने दाल-भात केंद्र के संचालकों के साथ की बैठक



**रांची :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने दाल भात केंद्र के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में मोनी कुमारी ने संचालकों को दाल भात केंद्र खोलने के समय, वहां दिए जाने वाले भोजन संबंधित समीक्षा की। मौके पर सभी संचालकों ने अपनी समस्या से विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी को अवगत करवाया, जिसपर मोनी ने उनके समस्या को समाधान करने की बात कही। बता दें कि रांची अनुभाजन के 12 दाल भात केंद्र संचालित हैं, जहां 5 रुपए में भोजन की व्यवस्था है।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मीर बोले बेहतरीन बना है मंत्रिमंडल, सभी को साथ लेकर चलें



**रांची :** शपथ ग्रहण समारोह के बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इसमें कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जो वादे किए गए हैं, उन्हें पूरा करने का वक्त आ गया है। आज शाम या कल सुबह तक विधायक दल का नेता चुन लिया जाएगा। नाम भी घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने मंत्रिमंडल के गठन पर कहा कि यह मंत्रिमंडल बेहतरीन बना है। उन्होंने सभी साथ लेकर चलने का भी निर्देश दिया। बताते चलें कि कांग्रेस कोटे से राधाकृष्ण किशोर, डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की मंत्री बनाए गए हैं।

### कैमरून में फंसे झारखंड के 47 मजदूर सोशल मीडिया पर वतन वापसी की लगाई गुहार



**रांची :** झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 47 प्रवासी मजदूर अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे हुए हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है। चार महीने से इन मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने खाने-पीने और अन्य जरूरतों का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने बेहतर कमाई के लिए कैमरून का रुख किया था, लेकिन अब वे बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। उनके पास न तो खाने के लिए पर्याप्त भोजन है और न ही लौटने के लिए संसाधन। प्रवासी मजदूरों के मुद्दों पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब प्रवासी मजदूर विदेशों में फंसे हैं। इससे पहले भी झारखंड के कई मजदूर अधिक पैसे कमाने की उम्मीद में विदेश जाकर मुश्किलों में फंस चुके हैं। सिकंदर अली ने कहा कि सरकार को प्रवासी मजदूरों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने के लिए झारखंड में रोजगार के अवसर बढ़ाने चाहिए, ताकि लोग मजबूरी में पलायन न करें। उन्होंने मजदूरों की जल्द से जल्द वतन वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### एक्शन में नगर विकास सचिव, संस्थानों के बकाया होल्डिंग टैक्स की वसूली करने का दिया निर्देश

**रांची :** नगर विकास विभाग में राजस्व वृद्धि पर जोर दिया है। विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने केंद्रीय संस्थानों सीसीएल, बीसीसीएल, पोस्ट ऑफिस, सेल, रेलवे से बकाया होल्डिंग टैक्स वसूली का निर्देश दिया है। इन संस्थानों पर 200 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। राज्य सरकार के वैसे भवन जहां से होल्डिंग टैक्स नहीं मिल रहा है उसके लिए वित्त विभाग और अन्य विभागों से समन्वय स्थापित बजटीय उपबंध कराने का निर्देश दिया है। जियाडा क्षेत्र के औद्योगिक संस्थानों से होल्डिंग टैक्स वसूली की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। प्रधान सचिव ने कहा कि सभी नगर निकायों का बकाया होल्डिंग टैक्स सहित विभिन्न प्रकार की कर वसूली को भी प्राथमिकता सूची में रखें। अधिक से अधिक संसाधनों को चिन्हित कर उससे निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम बनायें। इन स्रोत से आनेवाले राजस्व का इस्तेमाल वहां के नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधा और जीवन स्तर प्रदान करने में किया जाये। बताते चलें कि 2020-21 में इस मद में कर संग्रहण 147 करोड़ रुपया था जो 2023-24 में बढ़कर 220 करोड़ रुपया हो गया है।

### सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए सीसीएल ने किया समझौता

**रांची:** झारखंड की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। कांके में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए सीसीएल, बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता किया। यह समझौता सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में आयोजित एक समारोह में संपन्न हुआ। मौके पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह मौजूद थे। यह पहल सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेन्दु कुमार सिंह के दूरदर्शी और प्रेरक नेतृत्व का परिणाम है। इस अवसर पर सीएमडी ने कहा, सीसीएल का उद्देश्य सिर्फ कोयला उत्पादन नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना भी हमारी प्राथमिकता है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना झारखंड के हर वर्ग को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, बीएवीपी और डीएएसएस के वरिष्ठ प्रतिनिधि और सेवांकुर भारत की टीम के डॉक्टर उपस्थित थे। साथ ही एसी। मोहंता, डॉ। रत्नेश जैन, आरआर सिंह, पीके साहू और अमित प्रकाश एवं अन्य उपस्थित थे। बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के सहयोग से यह अस्पताल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। बीएवीपी, महाराष्ट्र के संभाजीनगर में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो अपनी सामाजिक और चिकित्सा सेवा पहलों के लिए प्रसिद्ध है। यह अस्पताल स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने के साथ-साथ आम लोगों के लिए सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं सुनिश्चित करेगा। यह पहल सीसीएल की समाज के प्रति प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। लोगों के लिए यह अस्पताल न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक नई शुरूआत है, बल्कि समाज के कल्याण और क्षेत्रीय विकास की ओर एक मजबूत कदम भी है।

**एक नजर**

### लोन चुकता करने के बाद भी बैंक ने लगाया पेनाल्टी

**धनबाद:** भारत की सबसे बड़ी बैंक एसबीआई बैंक से जुडा एक मामला प्रकाश में आया है जहाँ एक रेलवे कर्मी पर लोन चुकता कर देने के बावजूद 25 हजार की पेनल्टी लगा दी गई।यह मामला धनबाद के बुधन भूइंया का है जिन्होंने एसबीआई इसरी ब्रांच से लोन लिया था। लोन की पूरी राशि उन्होंने चुकता भी कर दी। बैंक ने उन्हें एनओसी भी दे दिया है। पिछले एक सप्ताह पूर्व बैंक ने इन्हे 25 हजार रु का पेनल्टी लगा दिया। आज इसकी शिकायत करने बुधन भूइंया एसबीआई जगजीवन नगर ब्रांच पहुंचे। मिडिया ने भी बुधन भुईया के मामले में ब्रांच मैनेजर से बात की।ब्रांच मैनेजर ने बुधन भुईया के मामले की जानकारी नहीं होने की बात कह बुधन भुईया के समस्या का जल्द से जल्द समाधान कर लेने का भरोसा दिया। बुधन भुईया को यह भी भरोसा दिया गया है कि उन्हें कोई पेनल्टी नहीं लगेगी।यह एक बड़ा सवाल यह है कि आखिर बैंक इस तरह की लापरवाही कैसे कर सकती है। एक आदमी जिसने लोन की सारी राशि चुकता कर दी है और तो और बैंक उन्हें एन ओ सी भी दे रखी है। बावजूद पेनल्टी करना बैंक की कार्यशेली पर भी बड़ा सवाल है।

### अवैध बालू की ढुलाई से ग्रामीण पथ हो रहा जर्जर, लोग परेशान

**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखंड के पंचायत बाटबिनोर तथा नयावन के अंतर्गत दामोदर नदी दलगधटिया घाट व शमशान घाट पर अवैध रुप से वालु की ढुलाई हो रही है जिससे ग्रामीण पथ जर्जर हो रही है। लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। लोगों में आक्रोश है। इस संबंध में झारखण्ड शौषण मुक्ति उलगुलान मंच केन्द्रीय अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ राजेश कुमार महतो ने बनगडिया ओपी को आवेदन देकर अवैध वालु ढुलाई पर रोक लगाने की मांग किया है। महतो ने इस संबंध में प्रखण्ड व जिला के संबंधित अधिकारी को भी आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दर्जन ट्रैक्टरों के द्वारा अवैध बालू की धुलाई होती है जिसके कारण ग्रामीण पर अति जर्जर हो गया है लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ट्रैक्टर गांव में घुसकर बालू घाट जाता है जिससे दुर्घटना का भी संभावना बनी रहती है। अध्यक्ष महतो व ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से भी अवैध जुलाई पर रोक लगाने की मांग किया है। यदि अवैध बालु ढुलाई पर रोक नही लगती है तो मंच आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### नया मोड़ बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं को करें सुदृढ़ : डीसी

**बोकारो** : चास नगर निगम क्षेत्र एवं बीएस सिटी के मैपिंग डिजिटलाइजेशन को लेकर सायनोप्सिस तैयार करने को एएमसी बीएसएल प्रबंधन को दिया निर्देश समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने चास नगर निगम क्षेत्र एवं बीएस सिटी क्षेत्र में शहरवासियों को उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, अपर नगर आयुक्त चास श्री संजीव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं, बीएस सिटी श्री कुंदन कुमार, सहायक नगर अयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह व अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने चास नगर निगम एवं बीएस सिटी को सुंदर एवं व्यवस्थित करने को लेकर क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस दौरान शहरवासियों से नयामोड़ स्थित बस स्टैंड की अव्यवस्था को लेकर मिल रही।

# वेदांता ईएसएल स्टील ने चास और चंदनकियारी के 33 प्रतिभाशाली युवाओं को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, विशेष रूप से अपने आस-पास के क्षेत्रों में, बोकारो जिले के चास और चंदनकियारी ब्लॉक के ग्रामीण युवाओं को सराहना और पुरस्कृत करने के लिए भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। उत्कृष्टता के इस उत्सव में शिक्षा, कौशल और खेल पर केंद्रित अपने विभिन्न सीएसआर अंतर्गत कार्यक्रमों के तहत 33 उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करना शामिल था। सियालजोरी में प्लांट परिसर के अंदर स्थित वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 लोग शामिल



हुए, जिनमें सुसैन राजवार, रोहित रजक और वेदांता ई एस एल के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य शामिल थे। इनमें रवीश शर्मा अमल घोष और डॉ. सरोज कुमार सिंह शामिल थे। गणमान्य व्यक्तियों के अलावा, दर्शक दीर्घा में छात्र, उनके माता-पिता, उनके शिक्षक और कोच, ई एस एल कार्यकर्ता, इन गांवों के आम नागरिक और 24 से अधिक पीआरआई सदस्य शामिल थे। दर्शकों ने अपने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तालियाँ बजा कर उनका उत्साह वर्धन किया ।

**दूसरों को भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरणा मिली**

बोकारो के इन ग्रामीण युवाओं को, सम्मानित करने वाला भव्य सम्मान समारोह व्यक्तियों को प्रेरित करने, प्रभावशाली कहानियों को प्रदर्शित करने और वेदांता ई एस एल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना था, जो कि उनके हस्तक्षेपी कार्यक्रमों जैसे कि प्रोजेक्ट प्रेरणा और आस विद्यालय, वेदांता ई एस एल स्किल विद्यालय और वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने के लिए है,जो बोकारो के चास/चंदनकियारी ग्रामीण क्षेत्र के आसपास तीरंदाजों को बढ़ावा देने और विकसित करने का शानदार काम कर रहा है।

**शैक्षणिक हस्तक्षेपकारी कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को तैयार किया गया**

प्रोजेक्ट प्रेरणा के तहत 13 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिनमें से 4 ने हाल ही में झारखंड राज्य पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की है और 9 ने एसएससी ग्रुप डिस्कशन चरण के लिए अर्हता प्राप्त की है। प्रोजेक्ट प्रेरणा के अलावा, आस विद्यालय के छात्रों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं की परीक्षा में शीर्ष तीन प्रदर्शन करने वाले छात्र शामिल हैं, जिन्हें आस विद्यालय में नामांकन से लाभ मिला है और वे छात्र जो बिजुलिया, चंदनकियारी और योगीडीह में स्थित तीन एएएस विद्यालय कैफे में नियमित आंतरिक मूल्यांकन प्रतियोगिताओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं।

**कौशल हस्तक्षेप कार्यक्रम में प्रतिभागियों को तैयार किया गया**

वेदांता ई एस एल स्किल विद्यालय के तहत हाल ही में संपन्न सोलर पीवी इंस्टालर कोर्स में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दो उत्कृष्ट प्रतिभागियों की भी सराहना की गई, जो सौर और परिधान उद्योग के लिए उद्योग-तैयार युवाओं का निर्माण कर रहा है।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ दांत आवश्यक : डॉ संजीव चंदन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल,चास के बच्चों के लिए मुफ्त दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 1200 बच्चों के दांतों की जांच की गई। इसमें 70% बच्चों के दांतों में सड़न सहित अन्य दंतरोग से ग्रस्त पाए गए। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए बच्चों का स्वस्थ रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार चंदन ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई एवं देखभाल के लिए प्रेरित किया। डॉ संजीव ने दांत सुरक्षा के उपायों की जानकारी बच्चों को देते हुए कहा की चेहरे की खूबसूरती और अच्छी सेहत का संबंध सुंदर एवं स्वास्थ्य दांतों से है। डॉ प्रशांत कुमार ने कहा की शरीर के अन्य अंगों के साथ दांत की हिफाजत किया जाना अति आवश्यक है। गुरु गोविंद सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा की ऐसे जागरूकता कार्यक्रम के निरंतरता की जरूरत है। दंत जांच शिविर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह ने भी शिविर का जायजा लिया। शिक्षिका उषा कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## अपने रीति रिवाजों से परिणय सूत्र में बंधेंगे 101 जोड़े : प्रदीप सिंह


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को हीरापुर स्थित वेडिंग ब्लिस मैरिज गार्डन में सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में की गई।समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि लगातार 11वें वर्ष सामूहिक विवाह समिति के द्वारा 15 जनवरी 2025 को 101 जोड़ों का विवाह की जा रही है।सामूहिक विवाह का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दी गई है अभी तक कुल 14 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन फॉर्म ले चुके हैं फार्म बेकार बांध स्थित पंडित डेकोरेटर में निःशुल्क दी जा रही है।सामूहिक विवाह में सभी धर्मो का विवाह अपने-अपने रीति-रिवाज से की जाती है।समिति धनबाद का सबसे गौरवशाली



कार्यक्रम सर्व धर्म सामूहिक विवाह विगत 10 वर्षों से करते आ रहे हैं जिसमें किसी वर्ष 101 या किसी वर्ष 111 बालिग बच्चे झबच्चियों का विवाह कराया जा चुका है।सभी धर्म के बच्चे एवं बच्चियों की शादी एक मंच पर की जाती है इसमें 180 बाय तीस फुट का विशाल मंच बनाया जाता है जिसमें सभी 101 दूल्हा और दुल्हन बैठते हैं और सामने बैठे हजारों लोग इस ऐतिहासिक विवाह के साक्षी बनते हैं।जिसका बहुत ही अद्भुत और मनोरम नजारा होता है जिसमें बच्चों और बच्चियों के धर्म के रीति रिवाज के अनुसार विवाह कराया जाता है जिसके हर वर्ष पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों लोग साक्षी रहते हैं। सामूहिक विवाह में धनबाद के कई संस्थाओं का सहयोग रहता है।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का दूसरा दिन, संगीत की धुनों पर झूमे श्रद्धालु




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** हाउसिंग कॉलोनी धनबाद के समस्त भक्त जनों के तत्वावधान में चल? रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को कथा वाचक महंथ राजीव लोचन शरण महाराज द्वारा शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं।शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्व से बाहर आए इस तरह सुखदेव जी का जन्म हुआ। कथा व्यास जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। कथा व्यास जी ने उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है।

## डीपीएस में तीन दिवसीय फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ उनमें कलात्मक व रचनात्मक गुणों के विकास को लेकर दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के प्राइमरी विंग में आयोजित तीन-दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में शामिल नन्हे छात्र-छात्राओं की मनोहारी वेशभूषा, उनकी सुंदर रूप-सज्जा, मासूम अदाकारी और तोतली जुबान में उनके संवाद-प्रेषण ने खूब लुभाया। तीन दिनों की अवधि में 400 से अधिक बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। अलग-अलग रूपों में सज-संवरकर अपनी प्रस्तुतियों के जरिए नन्हे विद्यार्थियों ने देश की समृद्ध संस्कृति, पर्यावरण और समस्त प्राणियों की रक्षा का सुंदर संदेश दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन प्रथम कक्षा के कई विद्यार्थी शेर, हाथी, अजगर,



उल्लू दरियाई घोड़ा, बाघ, पांडा, मछली सहित भांति-भांति के पशु-पक्षी, जलीय जीव व पेड़-पौधे का रूप धर आए और लुप्तप्राय प्राणियों की अस्तित्व-रक्षा तथा प्रकृति बचाने का संदेश दिया। कई बच्चे नेताजी सुभाषचंद्र बोस, झांसी की रानी, स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मदर टेरेसा, आइंस्टीन एवं विश्व की अन्य प्रसिद्ध हस्तियों के वेश में आए। इसके अलावा, जूट, पेपर क्राफ्ट, अखबार, बोरा आदि वस्तुओं से बने परिधानों में बच्चों की अप्रतिम साज-सज्जा, उनकी और उनके अभिभावकों की मेहनत बयां कर रही थी। इसके जरिए उन्होंने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोग के लायक बनाने की कला समझाई।

## लिआफी के पदाधिकारी का मनोबल गिराने, प्रताड़ित करने का किया जाएगा डटकर विरोध : प्रशांत कुमार दुबे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता संघ लिआफि हजारीबाग मंडल अंतर्गत धनबाद शाखा-1 पहुंचकर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रशांत कुमार दुबे, मंडल अध्यक्ष सुर्यकांत सिंह, मंडल सचिव संजय सिंह निकुंभ, मंडल कोषाध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी, मंडल फेडरल इ सी मेंबर ओमेश्वर कुमार सिंह, मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मंडल सचिव बिनोद कुमार दुबे, पहुंचकर धनबाद शाखा-1 सचिव को दिए गए पत्र का प्रतिउत्तर देते हुए शाखा प्रबंधक से कहे की लिआफी के पदाधिकारी का मनोबल गिराने, प्रताड़ित करने का डटकर विरोध किया जाएगा जिसके तहत हम सब एकजुटता




प्रकटीकरण के तहत उपस्थित हैं और आपको यह पत्र देने का नैतिक अधिकार नहीं है।चूंकि आप खुद शाखा में ताला मारकर गेट बंद करके अपना वेतनमान बढ़वाते हैं जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उलंघन है जबकि अभिकर्ता संघ लिआफी का शांतिपूर्ण संघर्ष आंदोलन कार्यक्रम भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्तरोत्तर उत्थान के लिए है। निगम के उत्तरोत्तर उत्थान के मुख्य संवाहक अभिकताओं की मांगों को मानना जरुरी है ताकि वो इन मांगों के मानने से अपना भविष्य सुरक्षित मानकर ज्यादा से ज्यादा संजीदगी से बीमा करें।। भयादोहन के नियत से पत्र देने का नैतिक अधिकार शाखा प्रबंधक/कर्मचारी अधिकारी को नहीं है जो गेट पर ताला मारकर अपना अपना वेतन और मील कुपन राशि बढ़वाते हैं जबकि अभिकताओं को मिलने वाली सुविधाओं मे कटौती करते हैं जबकि निगम को आगे बढ़ाने के लिए अभिकताओं के मांगों को मानना उन्हें उत्साहित करना जरूरी है पर येन केन प्रकारेण अभिकताओं को हताश निराश करके निगम को नुकसान पहुंचाने का काम किया जाता हैं।। 68 वर्ष बाद भी अभिकताओं को केन्द्रीय कार्यालय द्वारा निर्देशित सम्मानित जगह उपलब्ध नहीं है।वहीं सीएलआईए के लिए निर्धारित जगह का आवंटन 18 वर्ष बाद भी नहीं करके अभिकताओं सीएलआईए के प्रति दुराग्रह पुर्ण व्यवहार से निराशा पैदा कर निगम विरुद्ध कार्य जो हो रहा है उसके विरुद्ध अभिकर्ता समुदाय स्वाभिमान सम्मान की इस संघर्ष को जारी रखेंगे जिसमें स्वाभिमानी अभिकर्ता सहयोग करेंगे पर जिनको स्वाभिमान सम्मान के बजाय पैसा चाहिए उनको पैसा मुबारक जिनको स्वाभिमान सम्मान के लिए संघर्षरत हैं उनके जैसे स्वाभिमानी पदाधिकारी अभिकर्ता साथि शाखा अध्यक्ष बिनोद ठाकुर, शाखा सचिव दिनेश उपाध्याय, अन्य जांबाज पदाधिकारीगण पिनाकी रंजन दत्ता, भास्कर शर्मा, अरूण कुमार शर्मा समेत सभी साथियों का उत्साहवर्धन करते हुए एकजुटता प्रकट कर आभार व्यक्त करते हुए।

**संक्षिप्त खबरें**

### डीएवी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियों ने प्राप्त किया पदक

**धनबाद** : नोएडा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 2,3,4 दिसंबर को आयोजित डीएवी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड धनबाद के प्राची सिन्हा, श्रेया दत्ता डीएवी कुसुंडा ने स्वर्ण पदक, रिया सिंह,हार्दिक सिंह, मुस्कान विश्वकर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को भारतीय ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रभात शर्मा झारखंड के महासचिव संजय शर्मा धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा सुमीर शर्मा कोच विशाल पंडित दीपक बाउरी, अमर बाउरी, महिपाल कुमार वकील खान ने बधाई देते हुये शुभकामना दिया।

### पिजन ब्रांड के ब्रांच मैनेजर श्यामल दास पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप



**धनबाद:** किचन अप्लायंसेज की कंपनी पिजन ब्रांड के ब्रांच मैनेजर झारखण्ड,श्यामल दास के खिलाफ धनबाद के दुकानदारों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष मनोरंजन सिंह एवं धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दुकानदारों ने गांधी सेवा सदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से श्यामल दास के धोखा धडी का कच्चा चिटठा खोला। मनोरंजन सिंह ने बताया कि पिजन कंपनी समय समय पर स्कीम चलाती रहती है पर श्यामल दास की हेराफेरी की वजह से कंपनी की वह ओरिजनल स्कीम दुकानदारों तक नहीं पहुँचती है।अभी हाल ही में दुगार्पूजा दीपावली धनतेरस के समय भी कंपनी ने स्कीम निकाला पर श्यामल दास के हेराफेरी के कारण उचित स्कीम हम दुकानदारों तक नहीं पहुंच पाया। इस वर्ष 2024-25 के दूसरे क्वार्टर की लिस्ट भी आई थी जिसमें दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ को लेकर विभिन्न प्रकार की स्कीम दी गई थी, एवम कुछ प्रोडक्ट में रेट कंपनी द्वारा कम करके भी दिया गया। झारखंड के बी एम श्यामल दास और उनकी टीम के द्वारा यह लिस्ट हमें एक महीने विलंब से 9 सितंबर को दी गई, जिसमें कई प्रकार की छेड़छाड़ की हुई थी। उन्होंने कहा कि कंपनी के नेशनल सेल्स हेड से फोन पर शिकायत कि गई पर जवाब उसके उलट मिला। कहा गया कि यह स्टॉक एक्सचेंज की लिस्टेड कंपनी इतनी चोरी लाजमी है। अब ऐसे में कोई कार्यवाही नहीं करना भी इन्वेस्टर के मन में शंका पैदा करता है।

### सद्भावना बनाये रखने के लिए मंगला आरती समिति ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित




**धनबाद** : कतरास में शांतिपूर्ण माहौल तैयार करने तथा सद्भावना और सहयोग की भावना रखने के लिए मंगला आरती समिति के सदस्यों ने कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह को अंग वस्त्र पहनाकर तथा राम दरबार की तस्वीर और हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मानित किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि रामनवमी हो या दुर्गा पूजा, दीपावली या छठ महापर्व हो या अन्य सामाजिक कार्य हो कतरास पुलिस प्रशासन की ओर से हर कार्यों में भरपूर सहयोग मिला। जिसके कारण सभी तरह के धार्मिक और सामाजिक कार्य शांति व्यवस्था के साथ संपन्न हुए। इसके अलावा समिति के सदस्यों ने मंगला आरती समूह के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में थाना प्रभारी को विस्तार से अवगत कराया। बताया कि लगातार 122 वां सप्ताह मंगला आरती का पाठ कतरास के विभिन्न मंदिरों में संपन्न कराया जा चुका है। इसके अलावे समिति विभिन्न तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रही है। कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने भी समिति के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोग निरंतर इस तरह के सामाजिक कार्य करते रहे। ऐसे कार्यो में पुलिस प्रशासन की जहां आवश्यकता पड़ेगी कतरास पुलिस हर संभव सहयोग करेगी। थाना प्रभारी ने समिति के सदस्यों को कई तरह के आवश्यक सुझाव और निर्देश भी दिया। कतरास की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि कतरास की जनता भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में भरपूर सहयोग करती है। उन्होंने आगे भी सभी से सहयोग बनाये रखने की अपील की।

### सांसद ढुलू महतो ने सदन में उठाए जनहित के कई मुद्दे

**धनबाद:** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद ढुलू महतो ने संसद के शीतकालीन सत्र में महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को उठाकर अपनी क्षेत्रीय जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के माध्यम से उन्होंने 'जल है अमृत योजना', 'स्मार्ट सिटी मिशन' और अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाए। इन सवालों के उत्तर में संबंधित मंत्रालय ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। जल है अमृत योजना सांसद ढुलू महतो ने जल है अमृत योजना के अंतर्गत देशभर में मलजल शोधन संयंत्रों (रळढ) की स्थिति और जल पुनर्चक्रण की प्रगति पर सवाल किया। मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत 848 मलजल शोधन संयंत्रों को पंजीकृत किया गया है, जिनमें जल गुणवत्ता सुधार और पुन: उपयोग के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। राज्यों और शहरों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी निर्धारित की गई है। स्मार्ट सिटी मिशन में झारखंड की उपलब्धियां सांसद महतो ने झारखंड विशेषकर रांची के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी ली। मंत्रालय ने बताया कि रांची स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत 1,847 करोड़ रुपये की सभी 26 परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई हैं।

### पहला कदम स्कूल में दिव्यांगता प्रमाणपत्र शिविर आयोजित, सैकड़ों को मिली राहत




**धनबाद** : गुरुवार को सिविल सर्जन, धनबाद और डीएलएसए सचिव के संयुक्त प्रयासों से पहला कदम स्कूल में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों और उनके अभिभावकों को विभिन्न सरकारी प्रमाणपत्र प्रदान करना था। शिविर का आयोजन बड़ी सफलता के साथ हुआ, जिससे सैकड़ों लोगों को लाभ हुआ। इस शिविर के दौरान, करीब 20 लोगों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा, 10 लीगल गार्डियनशिप सर्टिफिकेट, 10 निरामय स्वास्थ्य बीमा, और 25 यूडीआईडी कार्ड प्रदान किए गए। साथ ही, शिविर में लगभग 50 नए आवेदन भी प्राप्त किए गए। पहला कदम स्कूल के प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के इस पहल से दिव्यांग व्यक्तियों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का एक बेहतरीन अवसर मिला। इस कार्यक्रम से न केवल दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला, बल्कि उनके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ निकाली गयी आक्रोश रैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में खूंटी के विभिन्न हिंदू संगठनों और धार्मिक संगठनों ने गुरुवार को विशाल आक्रोश रैली निकाली और बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और वहां के हिंदू धार्मिक स्थलों की रक्षा करने की मांग की। सनातन समाज के नेतृत्व में निकाली गई रैली गायत्री नगर से शुरू होकर मिश्रा टोली, नेताजी चौक, भगत सिंह चौक, बाजार टांड़ कचहरी होते हुए समाहरणालय पहुंची, जहां कुछ देर तक प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। आक्रोश रैली में शामिल लगभग सैकड़ों लोग अपने-अपने हाथों में विभिन्न नारों से युक्त तख्तियां और भगवा ध्वज पकड़कर बांग्लादेश सरकार और जेहादी आतंकवादियों के विरुद्ध नारेबाजी करते चल रहे थे। रैली में शामिल आक्रोशित लोग बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद युनूस कें चित्र को सड़कों पर रखकर उसे पैरों से कुचल रहे थे । रैली में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रैली में खूंटी के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा सहित हजारों लोग शामिल थे। समाहरणालय के पास पहुंच कर रैली सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों का समर्थन कर वहां की सरकार मानवता का हनन कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश की सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम अलग देश बना सकते हैं, तो उसे खत्म भी कर सकते है। सभा को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि बांग्लदेश में मानवाधिकार के हो रहे हनन पर संयुक्त राष्टसंघ को अविलंब हस्तक्षेम करना चाहिए और भारत सरकार को भी कड़ा विरोध करना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं सहित तमाम अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों के जरिये लगातार किए जा रहे हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक है।

## खलिहान में लगी आग, 40 हजार का धान व पुआल जलकर राख

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया थाना क्षेत्र के बागोडीह पंचायत अंतर्गत गांव स्थित एक खलिहान में आग लग गई जिससे लगभग 40000 का धान तथा पुआल जलकर राख हो गया। घटना गुरुवार की दोपहर लगभग 3:00 बजे की है। बताया जाता है कि भुक्तभोगी किसान मुनव्वर अंसारी तथा मुंशी मियां अपने खलिहान में काम कर रहे थे। देखा कि उनके कल्याण में रखे धान से धुआं निकल रहा था। इसकी जानकारी टोले मोहल्ले के लोगों को दी गई जब तक लोग आज पर काबू पाते तब तक सारा धान तथा पावल आग की चपेट में आ चुका था। घटना की सूचना पाकर सरिया पुलिस भी पहुंची। बताया जाता है कि खलिहान के बगल के खेत में लोगों ने खरपतवार को जलाया था.संभवत: उसी की चिंगारी से खलिहान में आग पकड़ी होगी।

# बीमार और बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों के लिए कानून में कई अधिकार हैं : पीडीजे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए गठित विधिक सेवा इकाई समिति सदस्यों के लिए व्यवहार न्यायालय सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत गुरुवार को हुई। कार्यशाला का उदघाटन प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरंजन सिंह, प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,राष्ट्रीय लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा, चीफ एलएडीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पीडीजे ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से विकलांग लोगों के लिए कानून में कई अधिकार प्राप्त हैं। जानकारी के अभाव में इससे पीड़ित लोग अपने अधिकारों को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों की जिम्मेवारी है कि ऐसे लोगों को समुचित उपचार और कानून में मिले अन्य अधिकार उन तक पहुंचाया जाए। क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए उनका अधिकार दिलाएं तब ही समिति के उद्देश्यों की पूर्ति हो सकेगी।

# अवैध बालू लदे 5 ट्रैक्टर जब्त



**सरिया (गिरिडीह) :** अवैध रूप से बालू की कारोबारी का खेल सरिया प्रखंड क्षेत्र में लगातार जारी है। जिससे सरकार को राजस्व का काफी नुकसान हो रहा है। इसे लेकर गुरुवार के अहले सुबह सरिया एस डी एम संतोष कुमार के निर्देश पर सरिया पुलिस के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सरिया के कई स्थानों से अवैध ढंग से बालू ले जा रहे 5 ट्रैक्टर को जब्त कर सरिया थाना में रखा गया है। वहीं ट्रैक्टर चालक पुलिस की कार्रवाई को देखते ही वाहन छोड़ कर भागने में सफल रहे। इसे लेकर एस डी एम ने बताया कि प्रशाशन के द्वारा गलत ढंग से बालू की ढुलाई करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह एक अभियान के तौर पर सरिया ,बगोदर और बिरनी प्रखंड में चलाए जाएंगे। बालू के अवैध कारोबारी के विरुद्ध बगोदर,सरिया तथा बिरनी प्रखंड के सम्बंधित अधिकारियों को इसका निर्देश भी जारी कर दिया गया है। गुरुवार के अभियान में पकड़े गए सभी ट्रैक्टर पर विभागीय कार्रवाई के लिए जिला खनन अधिकारी को अग्रसारित कर दिया गया है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच सौर लाइट वितरित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कुरुमगढ़ में 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में, 32वीं बटालियन एसएसबी की 'डी कंपनी' ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद व्यक्तियों को सौर लाइट वितरित की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन दूरदराज और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर जीवनशैली और सुरक्षा प्रदान करना है। सौर लाइट्स की आपूर्ति से यहां के निवासियों को रात के समय बेहतर रोशनी मिलेगी, जिससे उनकी सुरक्षा और सुविधा में सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सम्राट दिव्यजीत चंद्रजीत की उपस्थिति में सौर लाइट वितरित किया गया। इसके साथ ईशांत राठी और पुलिस स्टेशन कुरुमगढ़ के अधिकारी, प्रधानाचार्य बुनियादी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, कुरुमगढ़ रवि बेक व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से, 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। यह कार्यक्रम न केवल स्थानीय लोगों को बेहतर जीवनशैली प्रदान करने में मदद करेगा, बल्कि यह क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा।

# धर्मबंगस पुरखा पंचबल देवचरण भगत की 9वीं जयंती मनायी गयी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर के थाना रोड स्थित पुरखा पंचबल देवचरण भगत की समाधि स्थल पर धर्मबंगस पुरखा पंचबल देवचरण भगत की 9वी जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवचरण भगत की समाधि स्थल में पुष्पआर्चन कर एवं सामुहिक सरना प्रार्थना गाकर किया गया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की एकजुट से ही सरना धर्म समाज की रक्षा की जा सकती है। आज हमारा समाज कई विकट परिस्थितियों से जूझ रहा है। समाज के ही कई अगुवा लोग खंड-खंड में बट कर समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। जिसे हमें समझने की आवश्यकता है। हम एकजुट रहेंगे तभी हमारा समाज सुरक्षित रह सकता है। वैचारिक मतभेद के कारण कई लोग खंड-खंड में बटे हुए हैं। लेकिन मेरा प्रयास है कि लोग एक मंच पर रहकर समाज की सेवा में लगे। जिससे हमारा समाज को बल मिलेगा। कई लोग सरना समाज को राजनीतिक कार्यों के लिए भी इस्तेमाल करते हैं । हमें अपने समाज की रक्षा के लिए एक मंच पर आकर आगे बढ़ना होगा। हमारे समाज का बरसों पुरानी मांग सरना धर्मकोड को लेकर हमारा समाज संघर्षरत रहा है। लेकिन आज तक हमें हमारा पूर्ण अधिकार नहीं मिल पाया है। हमारे समाज को सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल करने का काम किया जा रहा है।

# डीसी ने की एकलव्य भूमि से संबंधित मामलों की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एकलव्य मॉडल आवसीय विद्यालय कुरडेग सहित सिमडेगा जिला के अन्य प्रखण्डों में चयनित भूमि में वनभूमि पर अनापत्ति प्रदान करने की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंडों में एकलव्य की भूमि से संबंधित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने वन प्रमंडल विभाग से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में फॉरेस्ट क्लीयरेंस देने हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया। तथा सभी मामलों क्लीयरेंस देने हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कहीं। इसके साथ उपायुक्त ने शहरी क्षेत्रों अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अपर समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने समादेष्टा कार्यालय, बस स्टैण्ड, क्रिकेट स्टेडियम, कचरा डंपिंग यार्ड सहित अन्य योजनाओं के लिए ससमय भूमि का चयन करने का निर्देश दिया।

# आठवींबार पुलिस के हत्थे चढ़ा पीएलएफआइ नक्सली गोविंद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई का कुख्यात नक्सली गोविंद मांझी आठवीं बार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मांझी रांची, खूंटी, चाईबासा, सिमडेगा सहित कई जिलों में व्यापारियों और ठेकेदारों से पीएलएफआइ के नाम पर लेवी वसूलने वाले गिरोह का सरगना है। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे गुरुवार को जेल भेज दिया। उसकी गिरफ़्तारी कर्रा थाना क्षेत्र के करमडीह जंगल से की गयी। वह तपकारा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। तोरपा कें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्तोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गोविंद मांझी की गिरफ़्तारी से रांची, खूंटी, चाईबासा, सिमडेगा आदि जिलों में घटित कई मामलों का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ संगठन के कुछ नक्सली कर्रा थाना क्षेत्र के करमडीह जंगल में जुटे हैं तथा किसी बढ़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के बाद एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने करमडीह जंगल में छापेमारी कर गोविंद मांझी ऊर्फ राजन दा को गिरफ़्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा पीएलएफआइ का पर्चा बरामद किया गया। गोविंद मांझी ऊर्फ राजन दा हत्या, लूट सहित उग्रवादी गतिविधि से संबंधित कई मामले में पूर्व से शामिल रहा है। वह इसके पूर्व सात अलग-अलग कांड में जेल की हवा खा चुका है। तोरपा बांसटोली टोंगरी में हुए दोहरे हत्याकांड, डोड़मा तथा तपकारा बाजार में व्यापारियों से हुई लूट सहित आर्म्स एक्ट और उग्रवादी गतिविधि से संबंधित मामले में वह जेल जा चुका है। गोविंद मांझी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसडीपीओ के अलावा पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास जयसवाल, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, सब इंस्पेक्टर दीपक कांत, निशा कुमारी, जुगेश सिंह, भारत भूषण पटेल आदि शामिल थे।


**JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL**
J.S.C.A Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3, Dhurwa, Ranchi - 834004
Phone - 0651-2444502 Fax: 0651-2444506
E-mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

Jharkhand Education Project Council invites Request for Proposal (RFP) for Selection of agency for Establishment of additional Smart Class which includes Supply, Installation and maintenance for 5 years of Hardware, Software & Connected accessories in the selected 291 Government High School. The detail tender document including pre-bid dates, last date of submission, list of Schools, etc. can be seen in website http://jharkhandtenders.gov.in only. Interested bidder can submit their bid through the portal http://jharkhandtenders.gov.in.

*Notice Ref No. JEPC/ICT/52/78/2024/4535, dated 04/12/2024.*

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

PR 341274 School Education and Literacy (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**
**अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ F,-46/2024-25 दिनांक – 04.12.2024**

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाइ प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 09.12.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.12.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)

ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.12.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of G.C.I. Sheet Shed (60'0" X14'0") for Cycle Stand at K.O. College Hostel, Gumla, Block-Gumla Dist. Gumla | I.T.D.A. | 634700.00 | 12700.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 2 | Construction of Boundary Wall & Gate at K.O. College Hostel Gumla Block- Gumla, Dist. Gumla. | I.T.D.A. | 1550300.00 | 31100.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट:–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR 341299 Minor Irrigation(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/22/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 2 room ACR with 7'0" wide verandha at GPS Chaha, Block- **Gumla**, District- Gumla. UDISE CODE- 20160814001 | 20,67,113.00 | 41,500.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2 | Construction of 2 room ACR with 7'0" wide verandah at GMS Nawadih, Block-**Gumla**, District- Gumla. UDISE CODE- 20160804101 | 20,67,113.00 | 41,500.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3 | Construction of 2 room ACR with 7'0" wide verandha at GUMS Chundri, Block- **Ghaghra**, District- Gumla. UDISE CODE- 20160201501 | 20,67,113.00 | 41,500.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 4 | Construction of R.C.C Box Bridge at Khakhsi Nala near Between Bitari and jari village Bitari, Panchayat-sisikam toli, Block – **Jari**, District- Gumla. | 24,78,100.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 5 | Construction of R.C.C Box Bridge at Khakhsi Nala near Between sikri and Dumartoli at village Dumartoli , Panchayat- Panchayat-sisikam toli, Block – **Jari**, District- Gumla. | 24,50,100.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –12.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.12.2024 से दिनांक 19.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 23.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.341300 Rural Development (24-25):D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**
**2nd Call**

e-Tender Reference No.-RCD/FSD/AP/RAN/42/24-25 Dated 04.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road- Pagli Durga Mandir Mandai (MDR-210) to Koyla Bazar Fulwaria road and Link road upto Jonka including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Sahebganj in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in CategoryI with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 15.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand) through online mode only.As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 06.12.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 13.12.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 16.12.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10 | PR No | 337811 Road (24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders. gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR.NO.341245 Road(24-25):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
**(जिला खेल शाखा)**
दूरमाष : .................................. Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के पत्रांक–643 दिनांक 29.11.2024 के आलोक में स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर "**राष्ट्रीय युवा महोत्सव–2025**" का आयोजन प्रमण्डल स्तर पर दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 से 20 दिसम्बर, 2024 तक एवं राज्य स्तर पर दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 से 23 दिसम्बर, 2024 के बीच तिथि निर्धारित है। उक्त के आलोक में रामगढ़ जिला अन्तर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव (National Youth Festival)–2025 के आयोजन की तिथि, समय एवं आयोजन स्थल निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता का नाम | पुरस्कार राशि | आयु वर्ग | तिथि एवं समय | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सामूहिक लोकनृत्य | 1st -7000/-, 2nd -5000/-, 3rd -3000/- | 15 से 29 (पुरुष एवं महिला) | 13.12. 2024 पूर्वा0 09. 00 बजे से | मैक्स इन्स्टीच्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग (बी0एड0.कॉलेज), बिजुलिया, रामगढ़। |
| 02 | सामूहिक लोकगीत | 1st -7000/-, 2nd -5000/-, 3rd -3000/- | | | |
| 03 | एकल लोकनृत्य | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 04 | एकल लोकगीत | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 05 | कविता लेखन | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 06 | कहानी लेखन | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 07 | चित्रकला | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 08 | भाषण प्रतियोगिता | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 09 | विज्ञान मेला (एकल) | 1st -3000/-, 2nd -2000/-, 3rd -1500/- | | | |
| 10 | विज्ञान मेला (सामूहिक) | 1st -7000/-, 2nd -5000/-, 3rd -3000/- | | | |
| 11 | फोटोग्राफी | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |

नियम एवं शर्तें :–
1. सामूहिक लोकनृत्य/लोकगीत में अधिकतम 10 प्रतिभागी (गायन/बाजन सहित) ही भाग लेंगे।
2. उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियो के साथ मैनेजर एवं इन्चार्ज भेजना अनिवार्य है। महिला प्रतिभागी के साथ महिला मैनेजर एवं इन्चार्ज अनिवार्य है।
3. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा प्रतिभागियों को Google Link-https://forms.gle/VcmfGYKviRJDb9VU8 पर **दिनांक 10.12.2024 के अप0 05.00 तक** रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है, साथ ही खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित Mybharat Portal (https://mybharat.gov.in) पर भी पंजीकरण करें।
4. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ही प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के भेजा जायेगा।
5. फोटोग्राफी प्रतियोगिता केवल जिला स्तर पर ही आयोजित होगा।
6. इच्छुक युवा प्रतिभागी किसी एक ही कार्यक्रम/प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ से प्रकाश महतो, मोबाईल नं0–8709816456, नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय, रामगढ़ के महेश प्रसाद, मोबाईल नं० 9801121528, एवं नितेश कुमार मोदी, मोबाईल नं० 9135973356 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़

PR 341232 District(24-25)#D

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?



डॉ. रमेश ठाकुर

**अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं।**

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।

दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर



उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें जमीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवजा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंडियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे।

प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हांलाकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाईं। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।

किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।

## संपादकीय

### ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की बेचैनी

डोनाल्ड़ ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी, 2025 को शपथ लेंगे लेकिन उन्होंने अभी से अपनी नीतियों और कार्यक्रमों पर अमल करना शुरू कर दिया है। ट्रंप ने अपने मंत्रिमंड़ल में ऐसे लोगों का चयन किया है जो घरेलू एवं विदेश मोर्चे पर उनकी नीतियों से सहमत हैं। अमेरिका की घरेलू आर्थिक नीतियों का दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ता है। वह अपने चुनाव सभाओं में कहा करते थे कि वह अमेरिकी हितों की रक्षा के लिएटैरिफ का इस्तेमाल करेंगे। ट्रंप ने कनाड़ा और मैक्सिको जैसे देशों से आने वाले सामानों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा करके इन देशों की बेचैनी बढ़ा दी है। आर्थिक नीतियों का इस्तेमाल राजनीतिक और रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिएभी किया जाता है। यदि इन देशों से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाते हैं तो यह इनके खिलाफ एक रणनीतिक कदम माना जाएगा। ट्रंप यहीं पर नहीं रुके, बल्कि अपनी संरक्षणवादी नीतियों को विस्तार देते हुए ब्रिक्स देशों को भी चेतावनी दी है कि वे ड़ॉलर का इस्तेमाल बंद कर-के नई करंसी लॉन्च करते हैं तो ब्रिक्स देशों पर 100 फीसद टैरिफ लगाया जाएगा।




ब्रिक्स की अफ्रीका में संपन्न शिखर वार्ता में ब्राजीली राष्ट्रपति लूला ड़िसिल्वा ने ब्रिक्स करंसी का सुझाव दिया था। ब्रिक्स करंसी के जरिए विश्व व्यवस्था पर वर्चस्व कायम करने वाले अमेरिकी ड़ॉलर का दबदबा खत्म हो सकता है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के घटते प्रभाव के कारण विभिन्न महाद्वीपों के अनेक देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। जाहिर है कि ब्रिक्स अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। ब्रिक्स की संभावित करंसी को लेकर ट्रंप की बेचैनी समझी जा सकती है। ट्रंप इस खतरे को अच्छी तरह समझ रहे हैं। हालांकि दुनिया में नई करंसी का प्रचलन बहुत जटिल और दुरुह प्रक्रिया है। इसी बात को ध्यान में रखकर ब्रिक्स देशों ने तय किया है कि फिलहाल नई करंसी के स्थान पर विभिन्न देशों की राष्ट्रीय करंसी में आपसी व्यापार किया जाए। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि यदि अमेरिका आपात शुल्क में बढ़ोतरी करता है तो उसके सहयोगी यूरोपीय देशों पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। बड़ा सवाल है कि क्या ट्रंप अपने सहयोगी देशों को नाराज करके आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा को लागू कर पाएंगे। उनका पहला कार्यकाल विवादों से भरा हुआ था। क्या ड़ोनाल्ड़ ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भी उनकी तुनकमिजाजी के लिए याद किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

### मन को जगाएं

दूसरा महायुद्ध चल रहा था। भीषण बमवर्षा हो रही थी। पूरा लंदन नगर संत्रस्त था। सारे नगर में भय का साम्राज्य छाया हुआ था। पर उसी नगर में एक बूढ़ी महिला निश्चिंत रूप से सोती और निश्चिंत जागती। आस-पास के लोगों की नींद पूरी तरह गायब हो चुकी थी। वे न सुख से सो पाते और न सुख से जाग पाते। दूसरे सभी जागते, किन्तु बुढ़िया निश्चिंत सोती, गहरी नींद लेती। लोगों ने बुढ़िया से पूछा, मां! क्या बात है? सारा नगर भय से आक्रान्त है। यहां कोई भी सुख की नींद नहीं सो सकता। तुम कैसे सुखपूर्वक सो जाती हो? इसका रहस्य क्या है? बुढ़िया ने कहा, बेटा! इसका रहस्य यही है कि मेरा प्रभु सदा जागता है। फिर मैं क्यों जागती रहूं? दो को जागने की जरूरत नहीं है। यह सच है। जब मन जाग जाता है, फिर कोई जागे या न जागे, कोई जरूरत नहीं है। किसी को जगाने की भी जरूरत नहीं है। वास्तविकता तो यह है कि मन के जगाने पर कोई सोया रह नहीं सकता। सबको जागना ही पड़ता है। एक के जागने पर सब जाग जाते हैं। एक के सोने पर सब सो जाते हैं। मन का मार्ग बहुत लम्बा-चौड़ा और दीर्घ है। वह एक क्षण में सारी दुनिया का चक्कर लगा सकता है। मन को साधने के बाद उसका भटकाव मिट जाता है, प्रमाद मिट जाता है, सोने की आदत मिट जाती है। फिर वह पूर्ण अनुशासित हो जाता है, नियंत्रित हो जाता है। जागरूकता का विकास सिद्धान्त को जानने मात्र से नहीं होता। उसका विकास तब होता है, जब साधक उचित दिशा में जागरूकता का अभ्यास करे।

# बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष में भारत और हिंदू मोहरा बने?




सनत जैन

बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को भारत सरकार ने पनाह दे रखी है। जिस तरह से उन्होंने धांधली कर चुनाव जीता था, उसके बाद से ही उनके खिलाफ बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। रही सही कसर अदानी समूह के साथ बिजली समझौते ने बांग्लादेश की राजनीति और सत्ता संघर्ष को बढ़ाने का काम किया। कहा जाता है, शेख हसीना ने इस समझौते में भारी भ्रष्टाचार करते हुए बिजली का अनुबंध किया था। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से चुनाव कराए गए थे। विपक्षियों को चुनाव में भाग लेने से रोका गया था। उसके बाद से ही शेख हसीना को बांग्लादेश में चारों तरफ से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। वह तानाशाही की तरफ बढ़ती चली जा रही थीं। विपक्षियों का दमन किया जा रहा था। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में शेख हसीना सरकार की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर गोलियां चलाई गईं। इससे माहौल बुरी तरह से बिगड़ गया। एक समय ऐसा भी आया, जब शेख हसीना को अपनी जान बचाकर बांग्लादेश से भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। भारत में शरण लेने के बाद वह निरंतर यूनुस सरकार पर हमलावर हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। इसका असर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और भारत के संबंधों पर पड रहा है। शेख हसीना के समय बांग्लादेश में जिस तरीके का नरसंहार हुआ था। पुलिस और सेना ने आम नागरिकों के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किए थे। हाल ही में शेख हसीना ने नरसंहार के लिए उस समय के निर्वासित नेता यूनुस को जिम्मेदार ठहराने वाला बयान दिया है। 4 माह पहले शेख हसीना बांग्लादेश से जान बचाकर भारत में शरण ली है। वह भारत में बैठकर जिस तरीके के बयान लगातार दे रही हैं। उसके कारण भारत के बांग्ला देश के साथ संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। अदानी का बिजली वाला समझौता भी बांग्लादेशी नागरिकों को यह बता रहा है। महंगी दरों पर बिजली खरीद करके शेख हसीना ने भारी भ्रष्टाचार किया था। शेख हसीना के भ्रष्टाचार की चर्चा घर-घर में हो रही है। शेख हसीना को बचाने के लिए भारत सरकार अपने राजनायिक रिश्तो को बलि पर चढ़ा दिया है। बांग्लादेश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के स्थान पर, शेख हसीना को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने का अवसर भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जिस तरह से भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में जो प्रयास करना चाहिए। बांग्लादेश सरकार से बातचीत करके मामले को सुलझाने की पहल करनी चाहिए। उसके स्थान पर भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ अघोषित रूप से एक पार्टी बनकर उभर रही है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। उसकी प्रतिक्रिया अब बांग्लादेश में भी देखने को मिल रही है। जिसके कारण बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार की एक नई शुरूआत देखने को मिल रही है। जो इसके पहले कभी भी बांग्लादेश में नहीं थी। इस्कॉन मंदिर अभी तक किसी राजनीति में नहीं रहता था। बांग्लादेश में इस्कान मंदिर के स्वामी ने जिस तरह का बयान दिया। उसे कहीं से भी न्याय संगत नहीं ठहराया जा सकता है। इस्कान मंदिर हमेशा प्रेम और सद्भाव के कारण सारी दुनिया में तेजी के साथ फैला। बांग्लादेश में वह भी विवादित बन गया है। अंतरिम सरकार के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता को प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके पास इसके ठोस आधार हैं। उन्होंने शेख हसीना पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रत्यापन की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच में प्रत्यावर्तन संधि का समझौता है। भारत को इसका पालन करना चाहिए। भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सामान्य और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। भारत सरकार इस मामले को हिंदू और मुसलमान के एंगल से देखकर शेख हसीना को बचाने के चक्कर में खुद एक पार्टी बन गई है। जिससे भारत की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य मामलों में पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को लेकर दूरियां बनना शुरू हो गई हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। हाल ही में भारत के कई हिस्सों में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं। भारत में बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष को हिंदू-मुस्लिम एंगल से देखा जा रहा है। कहीं ना कहीं भारत सरकार की विदेश नीति में पहली बार यह गड़बड़ी होते हुए देखी जा रही है। भारत सरकार बांग्लादेश के साथ सीधी बात क्यों नहीं कर रही है। इसको लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं। शरणार्थी के रूप में शेख हसीना भारत में रह रही हैं। कम से कम उन्हें बयान देने से भारत सरकार द्वारा रोका जाना चाहिए। यदि यह संदेश बांग्लादेश में जा रहा है, कि शेख हसीना भारत में रहते हुए बांग्लादेश की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। भारत से बैठकर वह बांग्लादेश की राजनीति कर रही हैं। भारत सरकार का उन्हें समर्थन प्राप्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश और भारत के संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता है। वर्तमान स्थिति में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को सुरक्षित कर पाना संभव नहीं होगा। भारत में जिस तरह से मुसलमानो के धार्मिक क्षेत्रों की खुदाई की जा रही है। जगह-जगह सर्वे की शुरूआत हो चुकी है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। इसका असर भी बांग्लादेश के हिंदुओं पर पडता हुआ दिख रहा है। भारत सरकार को बड़ी गंभीरता से वर्तमान स्थिति को देखते हुए बांग्लादेश के साथ अपने राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अन्यथा बांग्लादेश के साथ-साथ भारत में भी कानून व्यवस्था की स्थिति दिनों दिन खराब हो सकती है। इस बात का भी ध्यान भारत सरकार को रखना होगा। जब तक शेख हसीना भारत में शरण लेकर रह रही हैं। भारत सरकार को उनको भी अनावश्यक बयान देने से नियंत्रित करने की जरूरत है। यहां रहते हुए वह इस तरह का कोई बयान नहीं दें। शेख हसीना के बयान से दोनों देशों के संबंधों पर विपरीत असर पड़े। होना तो यह चाहिए, भारत सरकार को शेख हसीना को किसी ऐसे देश में शरण दिलाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। शेख हसीना भारत में नहीं रहेगी, तभी भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। भारत और बांग्ला देश पड़ोसी देश हैं। भारत सरकार जितनी जल्दी बांग्लादेश के आंतरिक विवाद से दूर होगी, उतनी ही जल्दी भारत सरकार और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू भी सुरक्षित होंगे। भारत सरकार को इस विषय पर गंभीरता से चिंतन करते हुए अपने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। भारत को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में दखल देने के स्थान पर अपने हितों को सुरक्षित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

# शेयर बाजारः गिरावट का गुणा गणित



राहुल लाल




भारतीय शेयर बाजार पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट का रुख है और बेंचमार्क निफ्टी और स्मॉलकैप 100 अपने सार्वकालिक उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा टूट चुके हैं। बाजार कमजोर नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली का पहले से दबाव झेल रहा था। इस बीच, खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी और डॉलर में मजबूती ने चिंता बढ़ा दी है। बाजार के उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा फिसलने को ही 'तकनीकी रूप से गिरावट' कहा जाता है।

डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड में तेजी के मद्देनजर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारत से अपना निवेश लगातार निकाल रहे हैं। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने 94,017 करोड़ डॉलर की निकासी की तो नवम्बर में 21,612 डॉलर की। अमेरिकी फेड रेट में कटौती के बाद से ही एफपीआई में निकासी जारी है। बीते माह चीन सरकार ने स्पेशल राहत पैकेज का ऐलान कर अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की कोशिश की। इस राहत पैकेज ने भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया। इसलिए विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल कर अमेरिका और चीन के बाजार में निवेश करना शुरू कर दिया। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से दूरी बनाई तो घरेलू निवेशकों ने शेयर बाजार में मोर्चा संभाला। लेकिन चिंता की बात यह है कि घरेलू निवेशकों में काफी ऐसे हैं, जिन्हें शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की मोटी-मोटी जानकारियां नहीं हैं। कड़वी सच्चाई है कि शेयर बाजार से 90 फीसद से ज्यादा रिटेलर पैसे नहीं बना पाते, बल्कि अपनी मेहनत से कमाए पैसे गंवा जरूर देते हैं। रिटेल निवेशकों को समझना होगा कि अभी जब निजी इक्विटी फर्म, प्रवर्तक इकाइयां इत्यादि शेयर बाजार से दूरी बना रही हैं, तब वे बिना रिसर्च किए शेयर बाजार में निवेश करेंगे, तो उनका निवेश कैसे सुरक्षित रह सकता है?

शेयर बाजार काफी जोखिम भरा होता है, एक छोटी सी गलती निवेशक को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। आज सोशल मीडिया पर कई इनफ्लुएंसर ज्ञान देते हैं कि किस शेयर में निवेश करना चाहिए। हमें इनसे प्रभावित होकर निवेश नहीं करना चाहिए। जब भी किसी कंपनी के शेयर खरीदें, तो आपको उस कंपनी के बारे में गहन रिसर्च करनी चाहिए। शेयर बाजार में कई कंपनियों में उतार-चढ़ाव कृत्रिम किस्म का होता है, जिसमें बड़े खिलाड़ी तो लाभ लेकर निकल जाते हैं, परंतु छोटे खुदरा निवेशक बर्बाद हो जाते हैं। सरकार और सेबी जैसे नियामकों के लिए आवश्यक है कि शेयर बाजार में कृत्रिम उतार-चढ़ाव को लेकर सदैव सख्त रहें। छोटे निवेशकों की पूंजी न डूबे, इसके लिए सेबी और सरकार को भी कुछ सेफगार्ड बनाने चाहिए। निवेशकों को शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की बारीकियों की सीख देने के लिए भी सेबी को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। निवेशकों को भी अर्थव्यवस्था की विभिन्न चुनौतियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। उदाहरण के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक ओर महंगाई और दूसरी ओर सुस्त होती रफ्तार से जूझ रही है। आरबीआई के लिए आवश्यक है कि महंगाई को 6प्र. के दायरे में रखे जबकि इस समय खुदरा महंगाई दर 6.2 प्रतिशत है। आरबीआई इस दृष्टि से ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता। ब्याज दरों में कटौती करेगा, तो महंगाई और बढ़ जाएगी। दूसरी तरफ, इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रही, जो 7 तिमाहियों में सबसे कम है। इस समय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए सस्ते कर्ज की जरूरत है, जिसके लिए आरबीआई को ब्याज दर में कटौती करनी होगी परंतु महंगाई दर के कारण वह संभव नहीं। ब्याज दरें कम नहीं हुई तो आर्थिक सुस्ती जल्द ही आर्थिक मंदी की ओर अग्रसर हो जाएगी।

कुल मिला कर ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश सीमित होना अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार के लिए अच्छी खबर नहीं है। ऐसे में निवेशकों को परिस्थितियों के अनुसार निवेश की योजना बनानी चाहिए। शेयर बाजार में जो हाहाकार मचा है, उसमें विदेशी निवेशकों की भारी-भरकम निकासी भी प्रमुख कारण है। स्पष्ट है कि भारत को टिकाऊ स्तर पर उच्च निवेश की आवश्यकता है, ताकि लंबी अवधि तक देश ऊंची वृद्धि दर हासिल कर सके। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह उच्च स्तर पर निकासी की है, उससे बचने के लिए आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था के सभी उच्चतर संकेतकों को मजबूत रखा जाए। देश विकास के जिस चरण में है, वहां हमारी घरेलू बचत 'जीडीपी वृद्धि' के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में विश्व से टिकाऊ पूंजी जुटाने की जरूरत है। भारत में आने वाली विदेशी पूंजी कई लक्ष्यों के साथ आती है। उदाहरण के लिए कुछ एफपीआई केवल भारत और अमेरिका की ब्याज दरों के अंतर का लाभ उठाने के लिए आते हैं। ऐसे निवेश अल्पकालिक प्रकृति के हो सकते हैं, और बहुत जल्दी वापस चले भी जाते हैं।

# पांच साल पुराने जलावन की लकड़ी विवाद में हुई थी रिटायर्ड शिक्षक की हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के हलुमाड़ गांव में हाई प्रोफाइल रिटायर्ड शिक्षक परीक्षण सिंह हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पांच साल पहले जलावन की लकड़ी को लेकर हुए विवाद के कारण परीक्षण सिंह की हत्या की गयी थी। पुलिस ने हत्या में शामिल आरोपित को गिरफ्तार करते हुए कांड में इस्तेमाल टांगी बरामद कर लिया है। आरोपित की पहचान हलुमाड़ गांव के ही प्रदीप सिंह के रूप हुई है। प्रदीप सनकी टाइप युवक बताया गया है। गुरूवार को थाना प्रभारी अंचित कुमार ने पत्रकारों को बताया कि मृतक परीक्षण सिंह के पुत्र सतीश सिंह ने लिखित आवेदन देकर गांव के ही तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। इस संबंध में सतबरवा थाना में एक दिसंबर को मामला दर्ज किया गया था। मामले के अनुसंधान में प्राथमिक अभियुक्त प्रदीप सिंह से कड़ाई से पूछताछ की गई। इसके बाद उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। हत्या में उपयोग किए गए टांगी को अपराधी की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व प्रदीप सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। उसने 17 मार्च 2019 को परीक्षण सिंह की पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया था, जिसका सतबरवा थाना में मामला दर्ज है। जलावन की लकड़ी मृतक की पत्नी जला दी थी। इसी कारण विवाद हुआ था। उसी समय से दुश्मनी चली आ रही थी। प्रदीप को लगता था कि परीक्षण सिंह का परिवार उसकी हत्या कर देगा। थाना प्रभारी के अनुसार एक दिसम्बर की सुबह शौच जाने के दौरान परीक्षण सिंह को सड़क से पांच फीट नीचे गड्ढा में धकेल कर गिरा दिया था। गिरने के बाद टांगी से वार करके हत्या कर दी गयी थी। मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण एसपी के निदेर्शानुसार डॉग स्क्वॉड को जांच के लिए मौके पर लाया गया था। जांच एवं कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई वसंत कुमार दुबे, एएसआई सुबोध कुमार, एएसआई कुमार नीरज तथा सतबरवा थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## एक नजर

### बाल मजदूरी के लिए जा रहे 23 बच्चों को मुक्त कराया गया

**गिरिडीह :** बाल मजदूरी के लिए गुजरात ले जा रहे 23 बच्चों को गिरिडीह के देवरी थाना पुलिस ने गुरुवार को मुक्त कराया है। बताया गया कि कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के सहयोग से देवरी पुलिस को ये सफलता हाथ लगी। इस दौरान तीन आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया। इन आरोपितों के जरिये जिस गुजरात नंबर के स्लीपर बस से 23 बच्चों को लेकर जाया जा रहा था, उस बस को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजरात के बस चालक चिराग कुमार, जमुआ के मलेडीह निवासी रवींद्र कुमार और जमुआ के सियातांड निवासी छोटू भाई शामिल है। जानकारी के अनुसार छोटू भाई बस का मालिक भी बताया जा रहा है। मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराए गए 23 बच्चे गिरिडीह के देवरी, तिसरी के साथ देवघर के मधुपुर और पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले से जुड़े बताए जा रहे है। इनकी उम्र 15 से 20 के करीब है। पूछताछ में तीनो आरोपितों ने बताया कि बच्चों को जमुआ से गुजरात ले जाया जाना था। लेकिन जमुआ जाने से पहले इन बच्चो को रेस्क्यू कर लिया गया। पुलिस अब इनके खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### नव नियुक्त चौकीदारों को एसपी ने दिया निर्देश

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में नवनियुक्त चौकीदारों से गुरुवार को एसपी अजय कुमार ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चौकीदारों से प्रशिक्षण के दौरान जुटाई गई जानकारी के बारे में पूछा। साथ ही एसपी ने उन्हें बताया कि ग्रामीण पुलिस के सामने कई चुनौतियां आती हैं। सबसे बड़ी बात यह होती है कि अपने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर कैसे लगाम लगाना है। साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोग पुलिस विभाग के लोगों को निशाना भी बनाते हैं। सजगता और समझदारी से अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने और अवैध कारोबारों पर अंकुश लगाने के लिए तत्पर रहने के लिए दिशा निर्देश दिया गया।

### विधायक पहुंचे सब्जी मंडी, जाना व्यापारियों का हाल



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए डेली मार्केट स्थित सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण किया। व्यापारियों ने उन्हें बिजली, चापाकल, शौचालय, नाली की सफाई, रोड की मरम्मत और मंडी की समग्र व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। प्रसाद ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार से संपर्क किया। उनकी उपस्थिति में मंडी का निरीक्षण किया गया और हर समस्या को बारीकी से समझा गया। अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। मैंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैं सदैव जनता के साथ हूं। मेरे दरवाजे हर नागरिक के लिए खुले हैं। मेरा उद्देश्य है कि सदर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुए और हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व मृदा दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में विश्व मृदा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने की। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने विश्व मृदा दिवस की शुरूआत से लेकर अब तक के थीम की विस्तृत जानकारी दी। वर्तमान समय में मृदा की घटती उर्वरा क्षमता पर चिंता जाहिर करते हुए कुलपति डॉ पीके नायक ने मृदा संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि मिट्टी फसलों को पोषण और आधार प्रदान करती है। मिट्टी स्वस्थ रहेगी तो फसलें स्वस्थ होगी, जिससे मानव जीवन भी स्वस्थ होगा। ऐसे में देखा जाए तो मिट्टी जीवन का आधार है।

## स्नान घर निर्माण में अनियमितता समाजसेवी कर रहे कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के बिजुलिया तालाब में स्नान घर निर्माण के नाम पर घोटाला हो रहा है। यह खबर जब दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई तो स्थानीय समाजसेवी भी मुखर होकर सामने आए। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुकी मधु गुप्ता ने गुरुवार को इसे एक खास पार्टी के घोटाले की संज्ञा दी है। उन्होंने विधायक निधि से होने वाले कार्य और स्नान घर निर्माण कार्य की जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा कि पब्लिक का पैसा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक खास पार्टी के कार्यकर्ता विकास के नाम पर गटक रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि बिजुलिया तालाब में निरंतर करोड़ों रुपए का घोटाला होता रहा है। कुछ खास राजनीतिक पार्टी के लोग यह घोटाला कर रहे हैं। करप्शन की इस सीढ़ी को खत्म करने के लिए जिला प्रशासन से उन्होंने तत्काल पहल करने की मांग की है। ताकि करप्शन करने वालों को यह पता लग सके की जनता को अब बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता है। बिजुलिया तालाब के सुंदरीकरण को लेकर पहले भी करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। इस बार बिजुलिया तालाब में स्नान करने वाले लोगों के लिए स्नान घर का निर्माण विधायक निधि से कराया जा रहा है। लेकिन स्नान घर के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि ना तो इस योजना की जांच हो रही है और ना ही कोई संवेदक को निर्देश देने वाला है। जैसे तैसे काम पूरा कर लाखों रुपए का बंदर बांट हो जाएगा।

## आरपीएफ ने मुरी स्टेशन पर एक गर्भवती महिला की सहायता की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मुरी :** रांची मंडल आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार द्वारा आरपीएफ को महिलाओ, बच्चों और बुजुर्गों की सहायता के लिए उचित दिशा निर्देश मिले हुए है उसी क्रम में दिनांक 5 दिसंबर को ट्रेन 13352 (एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस) के मुरी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर आरपीएफ मुरी और मेरी सहेली टीम ने ऑपरेशन मातृ शक्ति के तहत एक गर्भवती महिला को देखा। फिर मुरी के सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को इसके लिए मेसेज भेजा गयाकमौके पर मौजूद मेरी सहेली टीम ने उक्त महिला को प्रारंभिक सहायता प्रदान की। बाद मे मुरी रेल्वे के स्वास्थ्य अधिकारी ने उस महिला को प्राथमिक चिकित्सा के बाद आरपीएफ एस्कॉर्ट के साथ सदर अस्पताल, सिल्ली में स्थानांतरित करवा दिया। बाद मे उक्त महिला ने एम्बुलेंस के अंदर एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। पूछताछ करने पर पता चला कि महिला आंचल देवी (उम्र 21 वर्ष), पत्नी अर्जुन भगत, निवासी जयनगर, पोस्ट-उरलाहा, थाना-उरलाहा, जिला-पूर्णिया (बिहार) अपने पति के साथ कोयंबटूर से धनबाद तक ट्रेन संख्या 13352 (एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस) में जनरल टिकट लेकर यात्रा कर रही थी। प्रसव पीड़ा शुरू होने के कारण दंपति मुरी में उतर गए थे। आंचल देवी और उनके पति ने समय पर त्वरित कारवाई तथा जीवन रक्षक के लिए आरपीएफ और स्वास्थ्य इकाई, मुरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## बाबूलाल मरांडी ने कोदईबांक में मांझी थान का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को अपने गांव कोदईबांक के मुहाने पर मांझी थान (संताल आदिवासी समाज का पूजा स्थल) का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि संथालों का दो ही पूजा स्थल होता है, एक जाहेर थान और दूसरा मांझी थान ये हमारे संथाल समाज की पवित्र पहचान है। अगर गांव से मांझी थान और जाहेर थान समाप्त हो जाएगा, तो संथाल जाति भी समाप्त हो जाएगी। हम तभी तक संथाल हैं, जब तक हम जाहेर थान-मरांग बुरू को पूजते हैं। जाहेर थान में मरांग बुरू की पूजा संथालों की पहचान है। ठीक वैसे ही, हम पिलचु हाड़म और पिलचु बूढ़ी के वंशज हैं और उनकी आराधना करते हैं। यही हमारी जड़ें, हमारी परंपरा और हमारे संथाल होने की सबसे बड़ी पहचान हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर आक्रमण और मंदिर तोड़े जाने के विरोध में कोडरमा में निकला आक्रोश मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ ही बौद्ध, सिख सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में गुरुवार को कोडरमा में सर्व सनातन समाज सड़कों पर उतरा और विरोध में आक्रोश रैली निकाल कर धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे सर्व सनातन समाज ने कहा कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यक आज खौफ और डर के साए में जी रहे हैं। बांग्लादेश में आए दिन कट्टरपंथी इन हिंदू अल्पसंख्यकों को अपना शिकार बना रहे हैं और हिंदू मंदिरों और मूर्तियों और पूजा स्थलों पर लगातार हमले कर रहे हैं। हिंदू समुदाय के जरिये इस अन्याय का बांग्लादेश में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने पर इस्कॉन मंदिर के पूज्य संत कृष्ण दास को गिरफ्तार कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार का मामला बढ़ता ही जा रहा है। वहां बहुसंख्यक के जरिये अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसके चलते अब भारत में भी जगह-जगह विरोध प्रदर्शन होने लगे हैं। प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों ने कहा हमारी भारत सरकार से मांग है कि वह इस मामले को प्राथमिकता से उठाएं और बांग्लादेश सरकार के साथ कूटनीतिक चर्चा कर हिंदू समुदाय की सुरक्षा की जाए। भारत आने वाले हिंदू शरणार्थियों को सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बांग्लादेश में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का सख्ती से पालन करवाया जाए। इस्कॉन मंदिर के संत चिन्मय कृष्ण दास को शीघ्र रिहा करवाया जाए। अपनी मांगों को लेकर सर्व हिंदू समाज के जरिये उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन में ध्वजाधारी धाम के महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, चेंबर ऑफ कॉमर्स समेत विभिन्न वर्ग के लोगों ने हिस्सा लेकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हैं अत्याचार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास जी महाराज, अध्यक्षता बिनोद भदानी, संचालन देवेंद्र कुमार, प्रवीण चन्द्रा के अलावे अनिल कुमार सिंह, मनोज चंद्रवंशी, राजेश सिंह, आदित्य बरनवाल, रंजन राज, अजय पांडेय, उत्तम कुमार, दिनेश सिंह, नरेंद्र हिंदुत्ववादी, किरण प्रकाश मेहता, पंकज मेहता, अनिल कुमार, सत्यनारायण यादव, चंद्रशेखर जोशी, जूही दास गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चैनपुर में मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के केडेग सोनाटोली गांव में मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। घटना गुरुवार सुबह की है, जब चैनपुर थाना क्षेत्र के केड़ेग सोनाटोली निवासी रामचंद्र लोहरा ने अपने घर के अंदर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के मानसिक संतुलन बिगड़ने के बाद उसने गांव के एक व्यक्ति को टांगी से मारकर घायल कर दिया था। इसकी सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपने दल बल के साथ गांव पहुंचे और आरोपी को घर में दुढने लगे, लेकिन तब तक उसने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया है। घटना की जांच की जा रही है।

### एसबीयू में जलवायु परिवर्तन पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आज यूनिसेफ के सहयोग से जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता पर युवाओं की भागीदारी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यूनिसेफ की ओर से डब्ल्यूएसएच ऑफिसर लक्ष्मी ने मेंटीमीटर प्लेटफॉर्म पर क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर आधुनिक जीवनशैली में लगातार दूषित हो रहे पर्यावरण को वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए यूनिसेफ की स्टेट चीफ डॉ. कनीनिका मित्रा ने जलवायु परिवर्तन पर यूनिसेफ की पहल और वचनबद्धता पर अपने विचार रखे। डब्ल्यूएसएच विशेषज्ञ प्रेमचंद ने जलवायु में हो रहे परिवर्तन पर युवाओं की भागीदारी को आवश्यक करार दिया। कार्यक्रम में एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने जलवायु परिवर्तन पर उपस्थित श्रोताओं के समक्ष अपने विचार रखा। इस अवसर पर विवि के प्रभारी कुलपति श्रीधर डांडीन, कुलसचिव डॉ. बीके सिंह, डॉ. अरबिंद भंडारी, डॉ. अशोक अस्थाना, डॉ. संदीप, डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. आरोही समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और माननीय सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### प्रमुख और उप प्रमुख ने आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण



**हजारीबाग :** सदर प्रखंड प्रमुख वीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही गड़बड़ियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए गुरुवार को कई केंद्रों का निरीक्षण किया। इस जांच में पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, नीलम देवी और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी शामिल थे। जांच के दौरान बैहरी, ओरिया, नगवां सहित कई आंगनबाड़ी केंद्रों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण टीम ने पाया कि कई केंद्रों का संचालन कर्मियों के जरिये अपने घरों से किया जा रहा है। इसके अलावा, बच्चों की संख्या में कमी, पोषण आहार की कमी और गर्भवती महिलाओं को समय पर राशन न मिलने जैसी समस्याएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान टीम ने केवल आंगनबाड़ी केंद्रों तक ही नहीं, बल्कि प्रखंड में चल रही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे अबुआ आवास, जनवितरण प्रणाली, पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों की भी जांच करने का निर्णय लिया है। वहीं जनता की शिकायतें सीधे सुनने के लिए प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख ने अपने संपर्क नंबर साझा किए हैं। प्रखंड प्रमुख वीना देवी 9931341724 और प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह 9431141317 मोबाईल नंबर साझा किया। जबकि जांच टीम ने साफ कहा है कि किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सीसीएल के बंद सीएचपी रेलवे साइडिंग में सुरक्षा कर्मियों से भिड़े अपराधी

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सीसीएल सिरका के बंद पड़े रेलवे साइडिंग में सुरक्षा कर्मियों से ही अपराधी भिड़ गए। बुधवार की देर रात हुई इस वारदात को लेकर सुरक्षाकर्मी गुरुवार को रामगढ़ थाना पहुंचे। जानकारी के अनुसार अपराधियों के दल ने रेलवे साइडिंग में धावा बोला और लोहे के एंग्ल को गैस कटर की मदद से काटना आरंभ कर दिया। गश्ती के दौरान जीएम ऑफिस के सुरक्षाकर्मी वहां पहुंचे तो अपराधियों की तरफ दौड़े। इस दौरान अपराधियों ने भी सुरक्षा कर्मियों पर हमला करने का प्रयास किया। लेकिन बाद में वे लोग लोहे के एंग्ल को छोड़कर फरार हो गए। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों ने लोहे के एंगल को सिरका कार्यालय में जमा करवा दिया। सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस भी सिरका साईडिंग पहुंचकर जायजा लिया। जाते-जाते बदमाश तीन हेलमेट सहित कई सामान लेकर भाग निकले। सिरका सीसीएल पेट्रोलिंग पार्टी की गाड़ी खराब हो जाने के कारण पेट्रोलिंग में तैनात जवान को बाइक से घटना स्थल पर आना पड़ा। रेलवे साईडिंग लोडिंग सिरका पॉइंट में जवानों की भी कमी है। साईडिंग में सीसीएल जवानों की प्रतिदिन तैनाती नहीं हो पाती। इसका फायदा अपराधी उठा रहे हैं।

### अड़की पूर्वी भाग में जन सुविधाओं को दुरुस्त करने की ग्रामीणों की मांग

**खूंटी :** मुरहू प्रखंड की केवड़ा पंचायत के मुरूद गांव में गुरुवार को वुद्धिजीवियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में केवड़ा, इंदिपीड़ि, हेठगोवा तथा कुदा पंचायत के वुद्धिजीवियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में खूंटी विधानसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के राम सूर्या मुंडा की अप्रत्याशित जीत पर हर्ष व्यक्त किया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि मुरहू का पूर्वी क्षेत्र जनसुविधाओं से वंचित है। यहां की संड़कें काफी खराब है। मुरहू-सरवादा, गोड़ाटोली-डोंडाडीह-बुरजू बाजार, हेठगोवा-बुरजू, नील फैक्ट्री-हेठगोवा-गुटीगड़ा-मुरूद, नील फैक्ट्री-बुड़जू-सायोको, इटी-बुरुहातु-कारुडीह आदि सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसे यथाशीघ्र बनाने की मांग की गई। क्षेत्र में बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य जैसी सेवाओं की स्थिति भी ठीक नहीं है। इन्हें ठीक करने की जरूररत है। बैठक में बाजीनाथ पाहन, अंथोनी ओड़ेया, जोहन हस्सा पूर्ति, बिरसा मुंडा, मंगा ओड़ेया, तोपल हस्सापूर्ति, टुटी ओड़ेया, लुसिया जोजो, चमनी हस्सापूर्ति, सरानी टुटी, सनिका बोदरा सहित अन्य मौजूद थे।

# अंतर राज्यीय चेक नाकों पर गहन परिवहन जांच करें अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर परिषद, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं



को भी लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिनमें उपायुक्त ने अंतर राज्यीय चेक नाकों पर गहन परिवहन जांच करने दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहां कि वह हर दूसरे-तीसरे दिन अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर गहनता पूर्वक वाहन जांच चलाने हेतु निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिला में दिनांक 08 दिसंबर से तीन दिनों तक पल्स पोलियों का अभियान चलाया जाएगा। भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में प्रकुलेशन टैंक निर्माण हेतु जमीन चिन्हित करने हेतु अपर समाहर्ता को निर्देशित किया गया। जिला में प्रस्तावित एकलव्य महाविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु जमीन चिन्हित कर हैंड ओवर करने हेतु निर्देशित किया गया।

उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि थाना एवं मलखानो मे लंबे समय तक पड़ी वाहनों की नीलामी कर दिया जाए एवं प्रत्येक सप्ताह शनिवार को थाना दिवस के रूप में मनाया जाए जिसमें संबंधित थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों को ससमय सुलझाएंगे। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करने व कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन एवं विकास के कार्यों को गति प्रदान करने की बात कहीं। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्यों के बारे में अब तक के कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने कृषि पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति योजना के अंतर्गत 20 हजार किसानों को निबंधन करने हेतु निर्देशित किया । वहीं नगर परिषद को निर्देशित करते हुए शहर के शेडो एरिया में हाई मास्क लाईट लगाने को कहा गया जिससे रात के समय कोई अपराधिक घटनाएं ना हो। भवन प्रमंडल के कार्यों कि समीक्षा कर सभी कार्यों को समय अनुकूल करने हेतु कहा गया वहीं भवन प्रमंडल को राधानगर क्षेत्र में पुलिस बैरक का निर्माण हेतु प्रस्ताव समर्पित करने को कहा गया।

## एक नजर

### कुत्ते ने छह राहगीरों को काटकर बुरी तरह किया घायल

**साहिबगंज/राजमहल :** गुरुवार को राजमहल थाना क्षेत्र के निबंधन कार्यालय के पास एक कुत्ते ने छ राहगीरों को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार पूर्वी नारायणपुर के चार नंबर दियारा निवासी कन्हाई सरकार (56), पूर्वी नारायणपुर निवासी तीन नंबर कॉलोनी के अर्जुन मंडल (45), शहर के बर्मन कॉलोनी के गोड़ बर्मन (49), छोटू कुमार (18) गोदारा घाट निवासी रोहन घोष (18), मंगल हाट के (50) अपने अपने काम से वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान अलग-अलग समय में इन सभी को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल राजमहल में किया गया।

### बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पे अत्याचार को लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन

**बोकारो :** बांग्लादेश में पिछले कई महीनों से कट्टरपंथियों द्वारा वहाँ के हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध मे आज विश्व हिन्दू परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन चास के पटेल चौक से शुरू हुआ जो डीसी कार्यालय पंहुचा जहां नेताओं ने ज्ञापन सौपा। नेताओं ने कहा कि वहां की सरकार का इस पर मूकदर्शक बन कर इस नरसंहार का समर्थन और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अपनी सुरक्षा की मांग कर रहे हिंदुओ पर ही लाठीचार्ज, उन पर देशद्रोह का चार्ज लगा कर उनकी गिरफ्तारी, वहां के दर्जनों मन्दिरों पर हमला कर उन्हें क्षतिग्रस्त करना,संतो की गिरफ्तारी से दुनिया भर के हिंदुओं में रोष है। देश भर में इसे लेकर जगह जगह प्रदर्शन हो रहे है। नेताओं ने कहा कि दुनिया भर के हिन्दू आक्रोशित है। नेताओं ने केंद्र सरकार से तत्काल करवाई की मांग की है। कहा की बांग्लादेश सब्र का इम्तिहान न लें, नहीं तो इसका खामियाजा भुगतना होगा।

### लातेहार में 50 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब जब्त



**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में लातेहार पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लगभग 50 लाख रुपये कीमत का अवैध शराब बरामद किया। बरामद शराब राजस्थान के नंबर वाले ट्रक में हरियाणा से रांची भेजा जा रहा था। इसी बीच लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने इसे जप्त कर लिया। पुलिस ने मामले में दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है,जिनमें काना राम और किशना राम शामिल हैं। दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं। गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब रांची की ओर जा रहा है। सूचना मिलने के बाद चंदवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने एक ट्रक को देखा और जांच की तो ट्रक में पशु का चारा लोड था। लेकिन जब पुलिस ने पशु चारा को हटाकर देखा तो ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब लोड था। इसके बाद पुलिस ने ट्रक पर सवार दोनों तस्करों को हिरासत में ले लिया। पूरी ट्रक की तलाशी लेने के बाद ट्रक से 947 पेटी अवैध शराब बरामद हुई ,जिसकी कीमत 50 लाख रुपये से अधिक का बताया गया। एसपी ने कहा कि पुलिस अवैध शराब के सिंडिकेट में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी आगे की कार्रवाई कर रही है।

## शालिग्राम मंडल हत्याकांड के आरोपी अब भी पुलिस पकड़ से बाहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लालबन बाईपास सड़क और लालबन गांव के बीच सोमवार को अज्ञात अपराधियों द्वारा राजमहल थाना क्षेत्र के दलाही निवासी शालिग्राम मंडल की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। साथ ही अपराधी लाखो रुपए लेकर भाग गए थे। मंडल कोच और गंगोत्री फिलिंग स्टेशन के मालिक लेकिन पुलिस इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों को नहीं पकड़ पायी है। इस घटना के अब तक 4 दिन बीत चुके हैं लेकिन अब भी अपराधी पुलिस के पकड़ से दूर है साथ ही घटना से 24 घंटे के बाद मृतक के परिजन और आसपास के लोगो द्वारा बीते मंगलवार को अपराधियो को जल्द से जल्द पकड़ने को लेकर सड़क जाम किया गया था जहां जाम को हटाने के लिये बरहरवा एसडीपीओ नितिन खण्डेलवाल द्वारा खुले रूप से परिजनों और लोगो को कहा गया था 24 घंटे के अंदर इसमें शामिल अपराधियो को पुलिस द्वारा पकड़ लिया जाएगा लेकिन फिर भी अपराधी पुलिस के पकड़ से बाहर है पुलिस द्वारा लोगो से किया गया वादा खोखला साबित हुआ। हालांकि पुलिस ने इस घटना में शामिल अपराधी की पकड़ के लिये काफी प्रयास कर रही है और दिन रात भर छपेमारी किया गया लेकिन पुलिस का हाथ अभी भी खाली है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बीते मंगलवार की संध्या को तीनपहाड़ थाना के थाना प्रभारी कक्ष को बंद कर एसआईटी टीम के साथ घंटो वार्ता किया गया।

## एसपी ने पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की शाखा कार्यालय का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड पुलिस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के साहिबगंज शाखा के कार्यालय का शुभारंभ कार्यालय परिसर में हुआ। इसका उद्घाटन जिले के एसपी सह प्रभारी जैप कमांडेंट अमित कुमार सिंह नारियल फोड़ने के बाद फिता काटकर किया। इस दौरान कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष पंकज ठाकुर की अगुवाई में पूजा अर्चना भी की गई। दरअसल झारखंड पुलिस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के सहायक की कार्यालय के निर्माण को लेकर तकरीबन 7 - 8 साल पूर्व इसकी आधारशिला तत्कालीन जैप कमांडेंट हरिनारायण महली ने रखी थी। बाद में संघ के सदस्यों के सहयोग से धीरे-धीरे इस कार्यालय का निर्माण



कार्य पूर्ण किया गया। इस मौके पर संघ के शाखा अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यालय का शुभारंभ होने से कर्मचारियों का वर्षों का सपना पूरा हो चुका है। संघ के सदस्य अब यहां बैठकर अपनी समस्याओं से संघ के बढ़िया पदाधिकारी को अवगत करा सकेंगे, ताकि उन समस्याओं को विवाद के बढ़िया पदाधिकारी के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि कार्यालय का उद्घाटन जिले एसपी सह प्रभारी जैप कमांडेंट के कर कमलों के द्वारा हुआ है। कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद जिले के एसपी सह जैप कमांडेंट अमित कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यालय विभाग के कर्मचारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है।

## आरपीएफ ने एक बाल तस्कर को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायिक हिरासत में



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** आरपीएफ पुलिस ने नाबालिग लड़कों को श्रम कार्य कराने वाले बाल तस्कर को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की बुधवार को मानव तस्करों के संबंध में सूचना मिली थी कि कुछ नाबालिग लड़कों को श्रम कार्य के लिए बहला फुसलाकर ट्रेन से अन्य राज्यों में ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एएसआई जेके दुबे, एएसआई सुरेश पासवान, एचसी मजनू सोरेन टीम गठित कर बरहरवा स्टेशन पर बुधवार की रात 8:15 बजे तलाशी एवं जांच की गई। वहीं तलाशी के दौरान 5 नाबालिग लड़कों को संदिग्ध तरीके से बरहरवा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास घूमते हुए पाया गया और एक अन्य व्यक्ति ने उनका मार्गदर्शन किया। आगे बताया कि उमर फारूक (15 वर्ष), मो मंजर आलम (15 वर्ष), गुलाम रसूल शेख (14 वर्ष), लाल मोहम्मद (14 वर्ष), हसन शेख (14 वर्ष) उपरोक्त सभी 05 नाबालिग लड़कों से पूछताछ करने पर बताया कि एक अन्य व्यक्ति उन लोगों को श्रम कार्य के लिए गुजरात ले जा रहा था। वहीं पुलिस ने मो नसरुद्दीन शेख को भी हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर उसने 05 नाबालिग लड़कों की तस्करी के संबंध में अपना अपराध कबूल कर लिया। वहीं हिरासत में लिए गए सभी को थाना लाया गया। उपरोक्त मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई तथा शिकायत के आधार पर जीआरपी बरहरवा ने धारा 137(2), 143(5) बीएनएस तथा 75/81 जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। तथा सभी 5 नाबालिग लड़कों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आराधना मंडल, बाल संरक्षण मंथन साहिबगंज, को सौंप दिया गया है। वही गिरफ्तार अभियुक्त को आगे की कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## दूसरे दिन भी उत्साह के साथ रेल कर्मियों ने बैलेट पेपर से डाले वोट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** ट्रेड यूनियन के मान्यता प्राप्त संगठनों को लेकर बृहस्पतिवार के दूसरे दिन भी चुनाव के तहत सुबह 8:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम 6:00 बजे तक बैलेट पेपर से वोट डाले गए। दूसरे दिन भी मतदान में रेलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाले। नॉर्थ कॉलोनी के लिए रेलवे इंस्टीट्यूट बूथ नंबर-6 जबकि गेस्ट हाउस में बूथ नंबर-7 बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार पहले दिन 40 फीसदी मतदान हुआ। बूथ नंबर-6 पर 782 में 304, बूथ नंबर 7 पर 840 में 359 मतदाताओं ने वोट डाले। चुनाव आयुक्त के रूप में मालदा के सीनियर डीईएन-टू विद्युत मंडल की निगरानी में चुनाव कराया जा रहा है। वहीं दोनों बूथों पर क्रमशः पोलिंग अधिकारी के रूप में एएमई साहिबगंज पीके सिंह व एईई/टीआरडी एस हेंब्रम मौजूद रहे। रेलवे के अनुसार शाम 4 बजे



तक लगभग 42% वोट डाले जा चुके थे। वहीं वोटिंग शुक्रवार को भी जारी रहेगी। चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में 100 मीटर की दूरी पर प्रवेश निषेध था। केवल मतदाता ही मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने जा रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के रूप में आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू व उप निरीक्षक सरोज कुमार दलबल के साथ मतदान केंद्र पर मौजूद थे। ट्रेड यूनियन से मान्यता प्राप्त करने के लिए पांच संगठन मैदान में हैं, जिनमें ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस, ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन, ईस्टर्न रेलवे कर्मचारी यूनियन, ईस्टर्न रेलवे तृणमूल मेंस कांग्रेस व ईस्टर्न रेलवे कर्मचारी संघ शामिल हैं। वहीं सभी संगठन के सदस्यों द्वारा मतदाताओं को पर्ची वितरण कर सभी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही थी।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सनातन समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** सनातन समाज के बैनर तले बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन कर डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले जनआक्रोश रैली यज्ञ मैदान से निकलकर टाटा शोरूम चौक, टीन बाजार चौक होकर होते हुए समाहरणालय पहुंचा। जहां बंग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय से अमानवीय व्यवहार, अपहरण, विश्वविद्यालयों में धार्मिक अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर मारना,




महिलाओं से अभद्रता, छेड़छाड़ एवं बलात्कार करना, धार्मिक अल्पसंख्य हिन्दुओं के दुकानों और संपत्तियों को लूटपाट उसमें आग लगा देना, देवी-देवता के मूर्तियों को खंडित करना, साधु संतों को पीटना और उन्हें प्रताड़ित करना, जबरन धर्म विरोधी नारा लगवाना एवं इस्कॉन के सन्यासी स्वामी चिन्मय कृष्ण दास को षडयंत्र के तहत गिरफ्तारी किए जाने का विरोध जताया गया । इस मौके पर विभिन्न संगठनों के लोगों का अपने अपने विचार रखे। इनमें जनजातीय सुरक्षा मंच सह संयोजक डॉ राजकिशोर हांसदा, सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ राजेन्द्र पांडेय, महात्मा संतलाल मूर्मू, प्रांत सह कार्यवाह प्रमोद यादव, नगर संघचालक मनोज सिंघानिया शामिल थे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का मंच संचालन विश्व हिंदू परिषद सदस्य मिथलेश मांझी और धन्यवाद ज्ञापन संघ नगर संघचालक मनोज सिंघानिया ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एकल विद्यालय, जनजातीय सुरक्षा मंच, भाजपा, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद, विद्या भारती, जिले के मातृशक्ति और विचार परिवार के लोग सहभागी बने। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, देवघर विभाग के विभाग प्रचारक बिगेंद्र कुमार, संघ सदस्य प्रकाश, अवधेश, ललन, सनातन, रूपेश, गौरवकांत, सूरेश मूर्मू, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, अमूल्य, शंभूनाथ, कृषनंदन सिंह, अमिता रक्षित, गायत्री जयसवाल, नरेन्द्र मरांडी, बिनोद पंडित, उमेश सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पटमदा में किसानों के साथ मनाया गया विश्व मृदा दिवस



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के लावा पंचायत मंडप में कृषि विभाग और आत्मा के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मृदा दिवस मनाया गया।इस दौरान किसानों के बीच खेती से पहले मिट्टी की जांच ओर उसके उपचार के विषय में विभागीय अधिकारियों के द्वारा जानकारी दी गई।जानकारी देते हुए बीएओ देव कुमार ने कहा कि किसानों को खेती करने से पहले खेती को करने की उन्नत तकनीकों को जानना जरूरी है।वही आत्मा की प्रखंड कृषि तकनीकी पदाधिकारी सालगे सोरेन ने बताया कि मिट्टी को उर्वरक बनाने के लिए जिंक आवश्यक हैं।जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और फसल की गुणवत्ता का विकास होता हैं।किसी भी किसान को अपने फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई प्रकार के पोषक तत्वों को मिट्टी में संतुलित करने की आवश्यकता है।इस दौरान कुल 495 किसान मौजूद थे।जिनके बीच जिप्सम का वितरण किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में उप परियोजना निदेशक आत्मा गीता कुमारी, बीएओ देव कुमार, बीटीएम सालगे सोरेन, एटीएम जितेंद्र रूहिदास,कल्याण पदाधिकारी अभय कुमार,जिला कृषि तकनीकी पदाधिकारी सहित कई किसान और अधिकारी मौजूद थे।

### किसानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, माचा तालाब से पानी देने की रखी मांग



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय में पटमदा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग को बिडरा पंचायत के कई गांव के किसानों ने ग्राम प्रधान विकास महतो के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में माचा स्थित तालाब से किसानों को फसल उत्पादन के लिए सिंचाई जल उपलब्ध करवाने की मांग की। इस दौरान किसानों ने बताया कि माचा स्थित राजकीय कृषि विभाग के फार्म के तालाब से सिंचाई जल का उठाव बंद करवा दिया गया हैं। ग्राम प्रधान विकास महतो ने बताया कि इस तालाब से माचा ओर बिडरा गांव के किसान काफी लंबे समय से कृषि के लिए सिंचाई का पानी उपयोग करते आ रहे हैं। वही प्रगति एजुकेशन एकाडमी रांची की एक एनजीओ द्वारा बिना ग्राम सभा के ग्राम प्रधान के अनुमति के बिना फार्म को लीज में लेकर किसानों को फार्म के अंदर स्थित तालाब का नहाने ओर सिंचाई के लिए पानी का उपयोग करने पर रोक लगाया है। वही उप मुखिया गोपाल गोराई ने बताया कि किसानों को जल्द से जल्द प्रशासन द्वारा तालाब से खेती कार्य के लिए सिंचाई करने का अनुमति दिया जाए। पूर्व मुखिया आदित्य माहली ने बताया कि किसानों की मांग जायज है। प्रखंड प्रशासन मामले को संज्ञान लेकर समाधान करें। पटमदा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने बताया कि एनजीओ को फार्म पांच साल के लिए विभाग द्वारा लीज में दिया गया है। विभाग से वार्ता करने के बाद ही किसानों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। तत्काल किसी प्रकार का प्रावधान नहीं है। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालो में ग्राम प्रधान विकास महतो,उप मुखिया गोपाल गोराई,पूर्व मुखिया आदित्य माहली,समाजसेवी विश्वनाथ कुमार,चंदन कुमार सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### अलीनगर में बम फूटने की घटना से लोगों में दशहत



**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड के समीप स्थित अलीनगर में बुधवार की देर रात तकरीबन 12 बजे बम फटने की घटना घटित हुई, जिससे वहां काफी देर तक भय और अफरातफरी का माहौल रहा। मामले को लेकर मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने इसकी लिखित शिकायत नगर थाना में की है। मिली शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो की अगुवाई में पुलिस टीम घटनास्थल में पहुंचकर मामले की छानबीन की। मोहल्ले के मो. रजाक एवं मो. सफीउल्लाह ने बताया कि बीती रात तकरीबन 12 बजे घर की खिड़की पर तेज रोशनी के साथ एक जोरदार धमाका की आवाज सुनाई पड़ी। जिसे वेलोग काफी भयभीत हो गए। कुछ देर बाद उन लोगों ने हिम्मत जुटाकर जब वहां छानबीन किया तो पाया कि वहां कोई बम को फोड़ा गया था, हालांकि इस घटना में किसी प्रकार का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन इस घटना से मोहल्ले के लोग काफी भयभीत हैं। बताया कि दीपावली के दौरान भी कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उन लोगों के घर की खिड़की पर रखकर एक बम को फोड़ा गया था, उस समय भी वेलोग काफी भयभीत हुए थे। इधर पुलिस के अनुसार मिली शिकायत पर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है, ताकि उसके सहारे वैसे असामाजिक तत्वों की खोज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

### आईटीडीए ने संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा :** समाहरणालय में सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समेकित जनजातीय विकास अभिकरण तथा कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में आदिवासी मांझी कला भवन,धुकुड़िया भवन,सरना,मसना, कब्रिस्तान घेराबंदी तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना ,छात्रावासों की मरम्मति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं की गुणवत्ता पूर्ण पूरा करने का निर्देश कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया साथ ही गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं करने का निर्देश दिया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में अपने स्तर से लाभुक समिति के अध्यक्ष सचिव के साथ अभियंताओं की बैठक कर लाभुक समिति को निर्माण कार्य मे प्रोत्साहित करें। पूरे हुए योजनाओ की देयता का बजट प्राप कर भुगतान करें। हर वर्ष की योजनाओं का स्टेटस रिपोर्ट बनाएं। निमार्णाधीन योजनाओ के फोटोग्राफ भी संलग्न करें। 2022-23की योजनाओं को प्राथमिकता देकर पूर्ण कराएं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों का अंशदान का डीडी प्राप्त कर 15 दिनों में भुगतान सुनिश्चित करें।

# पप्पू यादव का प्रवक्ता बोला-धमकी दो तुम्हें नेता बना दूंगा

## आरोपी का कबूलनामा- राजेश यादव ने कहा लॉरेंस का नाम लेना

**पूर्णिया।** निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को वीडियो भेजकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी राम बाबू राय ने बड़ा खुलासा किया है। आरोपी ने बताया कि 'सांसद के प्रवक्ता राजेश यादव ने मुझे पैसे और पद का लालच देकर धमकी वाला वीडियो बनाने को कहा था।' आरोपी ने बताया कि 'राजेश यादव ने मुझसे कहा था कि मैं तुम्हें भी नेता बना दूंगा, लेकिन उसके लिए तुम्हें एक काम करना होगा। इसके बाद तुम्हें कोई दिक्कत हो तो तुम मुझे बताना।' 'इसके बाद राजेश यादव ने मुझे सांसद पप्पू यादव का मोबाइल नंबर दिया। मुझसे कहा कि तुम्हें मोबाइल में धमकी भरा वीडियो बनाना है। वीडियो में कहना है कि हम लॉरेंस बिश्नोई के आदमी हैं। बिश्नोई से माफी मांग लो नहीं तो तुमको 5 दिन के अन्दर जान से मार देंगे। जिसके बाद 1 दिसंबर को सांसद पप्पू यादव को यह वीडियो भेजना है। ऐसा करने से सांसद पप्पू यादव को सिक्योरिटी की सुरक्षा दी जाएगी। उनकी लोकप्रियता भी बढ़ जाएगी। आरोपी राम बाबू राय ने बताया कि 'मैं किसी लॉरेंस बिश्नोई को नहीं जानता है। 4-5 साल पहले उसकी मुलाकात राजेश यादव नाम के व्यक्ति से हुई थी। उसी ने बाद में मुझे पप्पू यादव से मिलवाया। कुछ दिन पहले मैं पटना का यूको पार्क घूमने गया था। जहां दोबारा मेरी मुलाकात राजेश यादव से हुई। उस समय उनके साथ दो-तीन लोग और भी थे, जिसे मैं नहीं जानता हूं। उसी दौरान राजेश यादव ने मुझसे ये बातें कही और वीडियो बनाया।'


आरोपी- रामबाबू

'जिसके बाद मैं घर चला आया। राजेश यादव के कहे अनुसार 1 दिसंबर को पटना में बनाया गया वीडियो अपने घर के बगीचे से दोपहर 2 बजे सांसद पप्पू यादव के वॉट्सऐप नंबर पर भेज दिया। वीडियो भेजने के पप्पू यादव ने मुझे अपने नम्बर से कॉल किया और पूछने लगे तुम कौन हो और कहां से आए हो। जिसके बाद मैंने अपना



नाम और पता बताते हुए कहा कि मैं लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बिहार टीम का सदस्य हूं।' 'आप लॉरेंस बिश्नोई से माफी मांग लीजिए नही तो लॉरेंस बिश्नोई भाई ने मुझे आपको मारने को कहा है। मैं 5 दिन के अन्दर आपको मार दूंगा। जिसके बाद सांसद ने मुझसे कहा कि ऐसा नहीं होता है, हम आते है मिलने के लिए। जिसके बाद मैं डर से अपने दोस्त बिट्टू यादव के घर पर जाकर छिप गया और मोबाइल घर के बाहर तालाब में फेंक दिया। उसी रात 8 बजे शाहपुर पुलिस ने मुझे पकड़ लिया। जिसके बाद मुझे पूर्णिया लाया गया।' रामबाबू राय की कहानी स्क्रिप्टेड- राजेश यादव राजेश यादव ने कहा कि 'आरोपी की पूरी कहानी मनगढ़ंत है। मुझे इस मामले में क्यों घसीटा जा रहा, ये समझ से परे है। 4 से 5 साल पहले मुलाकात की बात उसने पुलिस को दिए बयान में बताया। इसके बाद अचानक से यूको पार्क में मिलने की बात कही और इसके ठीक बाद ही वो वीडियो बनवाने को तैयार हो गया। उसे ये अच्छे से मालूम ही कि सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से धमकी दिए जाने का मामले काफी हाइलाइट है। ऐसा करने का मतलब है जेल।

## संक्षिप्त डायरी

### भागलपुर में अदकलेवल 322 पार, सांस लेने में परेशानी



**भागलपुर।** के शहरी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति ठीक नहीं है। सर्दी में हवा के बड़े दबाव और कोहरे के कारण धरती की सतह के पास भारी मात्रा में धूल जम रही है। जिसके कारण शहरी क्षेत्र के कई इलाके के वायु प्रदुषण बढ़ रही है। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मायागंज कचहरी चौक, तिलकामांझी चौक, पटेल बाबू रोड, स्टेशन चौक, ततारपुर चौक नाथनगर के टमटम चौक, विश्वविद्यालय समेत शहर के मुख्य बाजारों की हवा पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। बुधवार को सुबह 10 बजे शहर का अधिकतम वायु गुणवत्ता सूचकांक 322 पर पहुंची थी। लंबे समय तक खराब हवा के संपर्क में रहने के कारण ज्यादातर लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। डॉक्टरों ने लोगों को दिया निर्देश जेएलएनएमसीएच के डॉक्टरों का कहना है कि प्रदूषण के कारण लोगों को एलर्जी समेत सांस संबंधी बीमारियां हो रही हैं। सांस लेने में दिक्कत होने के कारण शरीर में ऑक्सीजन का स्तर हमेशा कम रहता है। इसके कारण लोगों को हर समय कमजोरी और थकान महसूस हो रही है। सड़क पर निकलते समय लोगों को मास्क जरूर पहनना चाहिए। किसी भी तरह की परेशानी होने पर डॉक्टर से संपर्क करें। तेज हवा या बारिश के बाद हवा में मौजूद धूल के कण कम हो जाते हैं। लेकिन फिलहाल यह स्थिति नहीं बन रही है। सुबह में हल्की धुंध और रात में ठंडक बढ़ी मालूम हो कि जिले में बुधवार का मौसम शुष्क रहा। सुबह में हल्की धुंध व दोपहर में धूप खिली रही। शाम से लेकर सुबह तक ठंड का असर रहा। अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस थी। हवा में नमी की मात्रा 84 प्रतिशत रही। 4 किमी प्रति घंटा की गति से पछिया हवा चलती रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 04 से 08 दिसंबर के मध्य जिले में आसमान साफ एवं मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### बढ़ सकते हैं आलू-प्याज के दाम बंगाल ने आलू-प्याज रोका





**किशनगंज।** पश्चिम बंगाल की सरकार ने झारखंड के बाद बिहार आने वाले आलू-प्याज पर रोक लगा दी है। बड़ी बात ये है कि बंगाल पुलिस ने बिहार क्षेत्र में पड़ने वाले गोदाम से भी बिहार में आलू-प्याज ले जाने पर रोक लगा दी है बंगाल पुलिस ने बुधवार को अचानक बिहार की सीमा में घुसकर NH-27 पर बैरियर लगाकर बंगाल से बिहार की ओर आने वाले आलू और प्याज के वाहनों को रामपुर के पास रोक दिया। बंगाल पुलिस के इस कार्रवाई से रामपुर आलू गद्दी के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। इस बारे में बंगाल पुलिस कुछ भी कहने से बचती नजर आ रही है। पुलिस का एक ही जवाब है कि सरकार का आदेश है। रामपुर में आलू-प्याज की बड़ी मंडी है। NH-27 के दोनों ओर आलू प्याज के गोदाम हैं। NH के पूरब की गोदाम बंगाल के क्षेत्र में है, जबकि पश्चिम तरफ की दुकान बिहार के क्षेत्र में है। उस पर भी रोक लगा दी है। बंगाल पुलिस की इस कार्रवाई का असर किशनगंज सहित अररिया और सुपौल जिले में भी पड़ सकता है। दरअसल रामपुर से ही इन जिलों में अधिकांश आलू और प्याज की सप्लाई होती है। रामपुर में आलू-प्याज की बड़ी मंडी है।

## 35 हजार का इनामी बदमाश सहित दो गिरफ्तार



**रक्सौल।** में 35 हजार का इनामी अपराधी अमीर सहनी के साथ एक अन्य को रक्सौल पुलिस ने एक स्कार्पियो के साथ भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों नेपाल से स्कार्पियो में शराब को लोड कर भारत में ला रहे थे। जिसकी सूचना जब रक्सौल पुलिस को लगी तो इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा के नेतृत्व में छापेमारी कर 72 पेटी नेपाली कस्तूरी शराब को जब्त किया गया। प्रत्येक पेटी में 30 पीस 300 एमएल शराब रखी हुई थी। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल 648 लीटर देशी कस्तूरी नेपाली शराब को बरामद किया है। वही एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि अपराधी आमिर सहनी पर पहले से ही 35 हजार का इनाम रखा गया था। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी मोहन सहनी के पुत्र अमीर सहनी और पश्चिम चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र के जौकटिया निवासी बागड़ सहनी के पुत्र देवनन्द कुमार के रूप में की गई है। यहां बता दे कि भारत-नेपाल की खुली सीमा का लाभ उठाकर शराब तस्कर शराब की तस्करी करते है। इस बार शराब तस्करी में एक इनामी अपराधी के पकड़े जाना पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## 11वीं भूटानी राजगीर धम्म यात्रा को लेकर डीएम के निर्देश

### 500 बौद्ध श्रद्धालु आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेंगे: 13 दिसम्बर को धम्म यात्रा

**नालंदा।** जिले के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली 11वीं जेठियन राजगीर धम्म यात्रा की सफल व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। जो ऐतिहासिक यात्रा बुद्ध धर्म के पवित्र इतिहास को जीवंत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सुरक्षा, यातायात और कानून व्यवस्था के संदर्भ में सख्त निर्देश दिया है। इस साल भी विश्व भर से लगभग 1500 बौद्ध श्रद्धालु इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेंगे। धम्म यात्रा जेठियन ग्राम से शुरू होकर लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए राजगीर के वेणुवन में समाप्त होती है। यह मार्ग इतिहास की धड़कन है, जहां एक





समय भगवान बुद्ध ने मगध के राजा बिम्बिसार से मुलाकात की थी। नव नालंदा महाविहार की ओर से आयोजित यह वार्षिक कार्यक्रम न केवल एक धार्मिक परंपरा है, बल्कि बौद्ध संस्कृति के महत्वपूर्ण इतिहास को जीवित रखने का एक प्रयास भी है। लाइट ऑफ बुद्ध धम्म फाऊंडेशन, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघ जैसी संस्थाएं इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यात्रा का ऐतिहासिक महत्व इस बात में निहित है कि यह वही मार्ग है,

जिस पर भगवान बुद्ध ने अपने ज्ञानोदय के बाद सारनाथ में धर्मचक्र प्रवर्तन के उपरांत राजगृह की ओर कदम बढ़ाया था। मगध के राजा बिम्बिसार ने उन्हें वेणुवन में स्वागत किया था। बाद में इसी स्थान को भिक्षु संघ को दान किया था।

राजगीर में आयोजित यह धम्म यात्रा एक ऐसा अवसर है,

जो बौद्ध धर्म के गौरवशाली इतिहास को आज के युवाओं तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## तिरहुत स्नातक उपचुनाव:12 बजे तक 16.95% वोटिंग

### शाम 4 बजे तक होगा मतदान: जदयू-आरजेडी के बीच मुख्य मुकाबला





**बिहार।** विधान परिषद की स्नातक सीट तिरहुत के लिए वोटिंग जारी है। 12 बजे तक 16.95% वोटिंग हुई है। चार जिलों मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर के कुल 197 मतदान केंद्रों पर शाम 4 बजे तक मतदान होगा। कुल 1 लाख 54 हजार 828 मतदाता आज वोट डालेंगे। जबकि एक सीट के लिए 18 उम्मीदवारों मैदान में हैं। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। एनडीए के खाते से जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने राजद के गोपी किशन चुनावी मैदान में हैं। जनसुराज ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। पूर्व एमएलसी राजकुमार सिंह के बेटे डॉ. विनायक गौतम प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उपचुनाव में LJP(R) के नेता रहे राकेश रौशन भी उम्मीदवार हैं। तिरहुत स्नातक चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने भास्कर को बताया कि 'हर बूथ पर हथियारबंद जवान तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

ऑब्जर्वर भी लगाए गए हैं। जिला में कंट्रोल रूम बनाया गया है। निर्वाचन विभाग में भी कंट्रोल रूम काम करेगा। शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।'

## आपसी विवाद में दो भाइयों से मारपीट, एक गंभीर



**जमुई।** के झाझा थाना क्षेत्र के बैजला इलाके में आपसी विवाद में पड़ोसी ने दो भाइयों पर धारदार हथियार से वॉर कर जख्मी कर दिया। इस घटना में दोनों भाइयों को गंभीर चोट लगी है। परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा दोनों भाइयों के इलाज किया जा रहा है। घायलों की पहचान बहादुर यादव और पिंटू यादव के रूप में हुई है, दोनों सहोदर भाई है। जहां बहादुर यादव की स्थिति नाजुक होने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। तलवार से हमला कर किया जख्मी घायल की मां सुहागा देवी ने बताया मेरे देवर ईश्वर यादव ने बुधवार को मेरे पोते के साथ मारपीट किया था और उसी बात को लेकर आज गुरुवार को मेरे दोनों बेटे के साथ उसने मारपीट किया और तलवार से हमला कर घायल कर दिया। एक जख्मी की हालत गंभीर ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि दो पेशेंट बैजला गांव से आए है, दोनों को काफी गंभीर चोट लगी है। बताया कि आपसी विवाद में मारपीट की घटना है।

डॉक्टर ने बताया कि बहादुर यादव 35 साल की स्थिति नाजुक है। सिर में चोट लगी है, काफी खून निकला है। प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए जमुई रेफर किया गया है।

## पिकअप और बाइक के बीच टक्कर: एक की मौत



**शेखपुरा।** के शेखोपुरसराय-वारिसलीगंज मुख्य सड़क पर एक बेकाबू पिकप वैन और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार 56 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि घटना में बाइक के पीछे बैठी 24 साल की बहू बुरी तरह घायल हो गई। घटना में मृतक की पहचान सदर प्रखंड क्षेत्र के मेहूस गांव निवासी निवास सिंह के बेटे अजय कुमार सिंह के रूप में की गई। जबकि घायल महिला की पहचान रोहित कुमार की पत्नी शिवानी कुमारी के रूप में की गई। परिजन सावन कुमार ने बताया कि अजय कुमार सिंह नवादा से अपनी बहू को बाइक में बैठाकर घर वापस लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में घटना हो गई। वहीं मेहूस थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसर गया।

मेहूस थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दादी-पोती को ब्लास्ट कर जिंदा जलाने की कोशिश

### मुजफ्फरपुर में टीचर के घर में लगी आग: किचन में फिट किया था विस्फोटक सामग्री

**मुजफ्फरपुर।** में एक टीचर के घर के अंदर ब्लास्ट कर दादी-पोती को जिंदा जलाने की कोशिश हुई है। घटना बुधवार रात को पारू थाना क्षेत्र के बड़ादाउद गांव में हुई है। विस्फोट के समय दोनों महिलाएं घर में अकेली सोई हुई थी। हालांकि दादी गुलाबरी देवी (75) और पोती मोना (22) घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। किचन में पेंट का डिब्बा रखा मिला है जिसमें तार लगा है। तार खिड़की के बाहर से फिट किया गया है। गुरुवार को मौके पर ऋछ की टीम के साथ पारू थाना पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित के भाई टीचर अंजनी कुमार ने बताया कि रात 2.30 बजे ब्लास्ट की आवाज सुनी।

उस समय लगा कि हाइवे किनारे घर है, तो लगा कि किसी वाहन का चक्का आवाज किया। इसके बाद छत पर चढ़कर देखा की तो मेरे बड़े भाई के घर से धुआं





निकल रहा था।

शोर हुई कि घर में आग लगी है। उस घर में रह रही मां और बेटी को जलाने का प्रयास किया गया है।

किसी तरह उन्हें घर से बाहर निकला गया, जिसके बाद घर का किचन खोला तो देखा कि किचन में पूरा धुआं भरा हुआ है।उसमें लगा सिलेंडर को तार से जोड़ता हुआ एक पेंट का डिब्बा रखा है, जो विस्फोट जैसा है।तार बाहर निकला हुआ था। अभी हम लोगों को घटना का कारण समझ में नहीं आ रहा है। हम लोग का किसी से कोई विवाद नहीं है। इस घटना में 20 से 25 लोगों की जान जा सकती थी।

विस्फोट की आवाज से गांव के लोग जाग गए और पारू थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पाडु थाना पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ता और एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर जांच की। पीड़ित पक्ष से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है।

मामले की जांच चल रही है। बड़ा विस्फोट नहीं लगता है। किसी शरारती तत्व ने डराने की नीयत से ऐसी हरकत की है।

### मां-बेटी को डराने की नीयत से हमले की आशंका



**ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि पारू थाना के बड़ा दाऊद गांव में असामाजिक तत्वों ने पेंट के डिब्बे में तार लगाकर विस्फोट कराया है। हल्के विस्फोट से घर में आग लग गई। उस वक्त घर में मां और बेटी अकेले थे।**



# शलजम में पाया जाता है ये सबसे जरूरी विटामिन

शलजम में विटामिन सी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ये सब्जी फोलेट यानि विटामिन बी9, आयरन और कैल्शियम का अच्छा सोर्स मानी जाती है। आपको सलाद के रूप में शलजम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। शलजम में फाइबर सबसे ज्यादा होता है। इसे खाने से कब्ज की बीमारी को दूर किया जा सकता है।

## शलजम कौन सी बीमारियों में फायदा करती है?

खांसी दूर करे- सर्दियों में ज्यादातर लोग खांसी से परेशान रहते हैं। ऐसे में शलजम को डाइट में जरूर शामिल करें। ठंड में खांसी होने पर शलजम को काटकर, भूनकर, नमक डालकर खाएं। इससे खांसी में राहत मिलेगी।

बवासीर में आराम- जिन लोगों को मसालेदार और तीखा खाने की आदत है उन्हें पाइल्स होने का खतरा रहता है। ऐसे लोगों को शलजम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। फाइबर से भरपूर शलजम खाने से कब्ज की समस्या को दूर किया जा सकता है। आप शलजम के पत्तों का साग बनाकर भी खा सकते हैं।

बीपी के मरीज के लिए फायदेमंद- शलजम को ब्लड प्रेशर के मरीज भी खा सकते हैं। इसमें नाइट्रेट पाया जाता है, जो शरीर में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। शलजम खाने से आंखें भी स्वस्थ रहती है। क्योंकि इसमें ल्यूटिन होता है जो आंखों के लिए फायदेमंद है।

# कोलेस्ट्रॉल कम करने में कारगर है किचन में रखा ये मसाला

अगर आपने समय रहते हाई कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल नहीं किया तो आपको लेने के देने भी पड़ सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप किचन में रखे एक मसाले का इस्तेमाल भी कर सकते हैं? औषधीय गुणों से भरपूर ये मसाला आपकी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकता है। आइए दालचीनी के कुछ कमाल के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

## मिलेंगे फायदे ही फायदे

हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या को दूर करने के अलावा दालचीनी आपकी ओवरऑल हेल्थ के लिए वरदान साबित हो सकती है। सर्दी-जुकाम की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी दालचीनी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा दालचीनी आपकी गट हेल्थ को भी काफी हद तक इम्प्रूव कर सकती है।

## गंभीर बीमारियों के लिए रामबाण इलाज

अगर आप गठिया के दर्द से परेशान हैं तो रोजाना किसी न किसी तरह से थोड़ी सी दालचीनी को अपनी डाइट में शामिल कर लीजिए। टीबी के इलाज के लिए भी दालचीनी को कंज्यूम करने की सलाह दी जाती है। हालांकि, अगर दालचीनी को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम न किया जाए, तो आपकी सेहत पर नेगेटिव असर भी पड़ सकता है।



# डायबिटीज के रोगियों को सुबह जरूर खाना चाहिए ये फल

**अमरूद एक ऐसा फल है जो पोषक तत्वों के मामले में सेब से भी ज्यादा बढ़कर है। अमरूद के फायदों की वजह से इसे संस्कृत में %अमृत% भी कहा जाता है। सर्दियों में ताजा और मीठे अमरूद का सीजन होता है। आपको रोजाना 1 अमरूद जरूर खाना चाहिए। डायबिटीज के मरीज के लिए भी अमरूद फायदेमंद फल है। सिर्फ अमरूद ही नहीं उसके पत्ते भी डायबिटीज में फायदा करते हैं।**

## डायबिटीज में अमरूद खाने के फायदे

न्यूट्रीशियन, वेट लॉस कोच और कीटो डाइटिशियन स्वाति सिंह की मानें तो अमरूद का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 12-24 के बीच होता है जो काफी कम है। अमरूद में ऐसे कई विटामिन पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखते हैं। अमरूद में विटामिन सी, फाइबर, आयरन, पोटैशियम, लाइकोपीन और एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसके अलावा अमरूद खाने से वजन कम होता है और शरीर में इन्सुलिन रेजिस्टेंस बेहतर होता है।

## अमरूद कब खाना चाहिए?

डायबिटीज के मरीज दिनभर में 1 बड़ा अमरूद खा सकते हैं। सुबह नाश्ते में अमरूद खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इससे दिनभर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। सुबह खाली पेट अमरूद खाने से पेट और पाचन से जुड़ी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है। इससे कब्ज में राहत मिलती है। अमरूद खाने से मोटापा भी कम होता है।



# ये लोग भूलकर भी न करें पपीता का सेवन

**किडनी में पथरी से पीड़ित- अगर आपकी किडनी में पथरी है तो आपको पपीता नहीं खाना चाहिए। पपीता में विटामिन सी काफी होता है, जो एक रिच एंटीऑक्सीडेंट है। ज्यादा पपीता खाने से किडनी में पथरी की समस्या और बढ़ सकती है। पपीता खाने से कैल्शियम ऑक्सलेट की कंडीशन पैदा हो सकती है जिससे किडनी का स्टोन बड़ा हो सकता है।**

हाइपोग्लाइसीमिया वाले लोग- डायबिटीज से पीड़ित लोगों को पपीता फायदा करता है। इससे ब्लड शुगर के लेवल को कम करने में मदद मिलती है। लेकिन जिन लोगों का ब्लड शुगर लेवल पहले से ही कम है उन्हें पपीता नहीं खाना चाहिए। यानि जो लोग हाइपोग्लाइसीमिया से परेशान हैं उन्हें पपीता खाने से परहेज करना चाहिए। इससे हार्ट बीट तेज या शरीर में कंपन की समस्या हो सकती है।

हार्टबीट कम ज्यादा हो सकती है- पपीता हार्ट के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन अगर आपको इरेगुलर हार्टबीट की समस्या है तो पपीता नहीं खाना चाहिए। एक रिसर्च में पता चला है कि पपीता में साइनोजेनिक ग्लाइकोसाइड होता है, जो एक तरह का अमीनो एसिड है। इससे पाचन तंत्र में हाइड्रोजन सायनाइड का उत्पादन करता है। अगर आप इरेगुलर हार्टबीट की समस्या से परेशान हैं तो पपीता खाना आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

प्रेगनेंसी के दौरान- प्रेगनेंट महिलाओं को पपीता नहीं खाने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि पपीता में लेटक्स होता है, जो गर्भाशय के संकुचन को ट्रिगर कर सकता है। इसकी वजह से बच्चा समय से पहले पैदा हो सकता है। पपीता में पपैन होता है जिसे शरीर प्रोस्टाग्लैंडीन समझने की भूल कर सकता है। जिससे आर्टिफिशियली लेबर पेन इंड्यूस हो सकते हैं। पपीता खाने से भ्रूण को सपोर्ट करने वाली झिल्ली भी कमजोर हो सकती है।

एलर्जी वाले लोगों को- पपीता उन लोगों को नहीं खाना चाहिए जो किसी तरह की एलर्जी से पीड़ित हैं। पपीता के अंदर एक एंजाइम होता है जिसे चिटिनेज कहते हैं। ये एंजाइम लेटेक्स पर क्रॉस रिएक्शन कर सकता है। इससे आपको छींक आना, सांस लेने में तकलीफ, खांसी या आंखों से जुड़ी समस्या होने का खतरा रहता है।



# सर्दी में स्किन ड्राई होने पर वैक्सिंग से पहले अपनाएं ये आसान टिप्स

सर्दी के मौसम में जब त्वचा ड्राई और खुरदरी हो जाती है, तो वैक्सिंग करवाने का अनुभव थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। स्किन का सूखापन वैक्सिंग के दौरान और भी बढ़ सकता है, जिससे सफेद या डल दिखने लगती है। इस स्थिति से बचने के लिए कुछ खास टिप्स अपनाई जा सकती हैं, ताकि आपकी स्किन हेल्दी और नर्म दिखे, और वैक्सिंग का अनुभव आरामदायक हो।

## त्वचा को पहले से मॉइस्चराइज करें

सर्दी के मौसम में त्वचा रूखी हो जाती है, क्योंकि ठंडी हवा में त्वचा की नमी उड़ जाती है। वैक्सिंग से पहले यदि त्वचा में नमी बनी रहे तो इससे त्वचा के जलने या डल होने का खतरा कम होता है। इसके लिए रोजाना अपने चेहरे और शरीर पर एलोवेरा जेल, कोको बटर या कोई अच्छा मॉइस्चराइजर लगाना शुरू करें। यह स्किन को हाइड्रेट करता है और वैक्सिंग के दौरान त्वचा में खिंचाव नहीं महसूस होगा।

## प्री-वैक्स स्क्रब का इस्तेमाल करें

वैक्सिंग से पहले हल्का स्क्रब करना एक अच्छा तरीका है। इससे आपकी त्वचा की डेड सेल्स हट जाएंगी, जिससे बालों को निकालना आसान हो जाएगा। इससे त्वचा नर्म और स्मूद महसूस होगी। आप बाजार में उपलब्ध स्क्रब का उपयोग कर सकती हैं या घर पर चीनी और शहद के मिश्रण से हलका स्क्रब बना सकती हैं। इससे त्वचा का एक्सफोलिएशन होगा और वैक्सिंग के बाद रिजल्ट बेहतर आएंगे।

## वैक्सिंग के बाद लूज कपड़े पहनें

वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा थोड़ी सेंसिटिव हो सकती है। ऐसे में तंग कपड़े पहनने से त्वचा पर और अधिक दबाव पड़ेगा और यह जलन या रैशेज पैदा कर सकता है। इसलिए वैक्सिंग के बाद लूज और आरामदायक कपड़े पहनें। इससे त्वचा को आराम मिलेगा और ड्राईनेस की वजह से रेडनेस भी कम होगी।

## ठंडी हवा से बचाव करें

वैक्सिंग के बाद त्वचा की नमी धीरे-धीरे वापस आती है। इस दौरान ठंडी हवा से बचना ज़रूरी है, क्योंकि इससे त्वचा और भी ज्यादा सूख सकती है। लूज कपड़े पहने और ठंडी हवा से बचने की कोशिश करें, ताकि त्वचा जल्दी से ठीक हो जाए।

## त्वचा पर कोई नया प्रोडक्ट लगाने से पहले पैच टेस्ट करें

कोई भी नया प्रोडक्ट लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह आपकी स्किन के लिए सुरक्षित है। इससे स्किन रिएक्शन या एलर्जी का खतरा कम होगा। सर्दियों में जब त्वचा रूखी हो जाती है, तो वैक्सिंग के दौरान त्वचा की देखभाल और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इन सरल टिप्स को अपनाकर आप अपनी त्वचा को सर्दी में भी नर्म और हाइड्रेटेड रख सकती हैं और वैक्सिंग का अनुभव आरामदायक बना सकती हैं। यदि आपको कोई शंका हो, तो आप अपने स्किन एक्सपर्ट से भी सलाह ले सकती हैं।

नोट- स्किन पर किसी भी प्रोडक्ट को लगाने से पहले पैच टेस्ट करना न भूलें, ताकि आपकी त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान न हो।

# सर्दियों में मूंगफली खाने के फायदे

कोलेस्ट्रॉल घटाए- ठंड के दिनों में आपको रोजाना मूंगफली जरूर खानी चाहिए। मूंगफली खाने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है। मूंगफली कई बीमारियों के खतरे से बचाती हैं। मूंगफली में मोनो-अनसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है जो एचडीएल के लेवल को बढ़ाता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है।

शरीर को गर्म रखे- सर्दियों में बादाम खाने से जितनी गर्मी मिलती है उतनी ही मूंगफली खाने से भी मिलती है। आपको 1-2 मुट्ठी मूंगफली रोजाना जरूर खानी चाहिए। मूंगफली खाने से आप सर्दी के असर को कम कर सकते हैं। इससे शरीर को एनर्जी मिलती है और जरूर विटामिन भी मिलते हैं। मूंगफली का रोस्ट करके खाना फायदेमंद होता है।

वजन घटाए- मूंगफली खाने से वजन भी कम हो सकता है। मूंगफली खाने के बाद काफी देर तक भूख नहीं लगती है। कई रिसर्च में भी ये पाया गया है कि मूंगफली, उससे बना तेल और पीनट बटर खाकर मोटापा कम किया जा सकता है। इससे भूख कम लगती है जिससे आपका वजन कम होता है।

डिप्रेशन भगाए- अवसाद को दूर भगाने में मूंगफली मदद करती है। मूंगफली खाने से दिमाग की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। मूंगफली में पाया जाने वाला ट्रिप्टोफैन सेरोटोनिन रिलीज को बढ़ाता है। जिससे डिप्रेशन का खतरा कम होता है। लो सेरोटोनिन का लेवल डिप्रेशन का कारण बनता है।

अन्य फायदे- मूंगफली में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्ट्रोक के खतरे को कम करते हैं। मूंगफली का सेवन करने से ब्लड शुगर कंट्रोल रहा है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है। मूंगफली में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स कैंसर के खतरे को भी कम करते हैं।



# अखरोट को भिगोकर खाने के फायदे



कोई भी मेवा हो वो तसीर में गर्म होता है। अखरोट भी गर्म तासीर का ड्राई फ्रूट है इसलिए इसे भिगोकर खाना चाहिए। आप रात में 2 अखरोट की गिरी को पानी में भिगो दें। सुबह इसे दूसरे भीगे हुए नट्स के साथ या ऐसे ही सिर्फ 2 अखरोट खा लें। इससे अखरोट गर्मी नहीं करेगा और इसे पचाना भी आसान हो जाएगा। आप रात में दूध में भिगोकर भी अखरोट का सेवन कर सकते हैं। अखरोट के साथ आप दूसरे ड्राई फ्रूट्स भी खा रहे हैं। दिमाग और हार्ट के लिए अखरोट को सबसे अच्छा माना जाता है।

अखरोट में कौन से विटामिन होते हैं?

अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड की मात्रा काफी होती है ।

अखरोट में विटामिन ई, विटामिन सी और विटामिन ए होता है ।

अखरोट खाने से मैग्नीशियम की कमी पूरी की जा सकती है ।

आयरन, कैल्शियम की कमी दूर करने के लिए भी अखरोट खा सकते हैं ।

अखरोट खाने से विटामिन के की कमी को भी पूरा किया जा सकता है ।

अखरोट में प्रोटीन, कार्ब, फाइबर, सैचुरेटेड फैट और अनसैचुरेटेड फैट होता है ।

फोलेट, जिंक, कॉपर और सेलेनियम जैसे मिनरल भी अखरोट में होते हैं ।

अखरोट में फास्फोरस और कोलीन जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं ।

हार्ट को हेल्दी और दिमाग को स्वस्थ बनाने में अखरोट मदद करता है ।

# नारियल पानी पीने के साइड इफेक्ट्स

**हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक नारियल का पानी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। लेकिन अगर आप सेहत से जुड़ी कुछ समस्याओं से जूझ रहे हैं और ऐसे में आपने ज्यादा नारियल का पानी पिया, तो आपको लेने के देने भी पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि किन लोगों को नारियल के पानी को अपनी डाइट में शामिल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह ले लेनी चाहिए। अगर आपने बिना सोचे-समझें ज्यादा नारियल का पानी पिया, तो आपको कुछ साइड इफेक्स्ट का सामना भी करना पड़ सकता है।**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कोकोनट वॉटर में पोटैशियम की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। अगर आपने जरूरत से ज्यादा नारियल का पानी पिया, तो आपकी बॉडी में मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बिगड़ सकता है। इसके अलावा अगर डायबिटीज पेशेंट्स ज्यादा नारियल का पानी पीते हैं, तो उनका ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। नारियल पानी की अति किडनी की फंक्शनिंग पर भी बुरा असर डाल सकती है।

## हो सकता है पेट में दर्द

इसमें कोई शक नहीं है कि सही मात्रा में नारियल का पानी पीकर आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। लेकिन ज्यादा नारियल का पानी पीने से आपकी गट हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर आप दस्त या फिर पेट के दर्द जैसी समस्याओं की चपेट में आने से बचना चाहते हैं, तो ज्यादा मात्रा में नारियल का पानी न पिएं।

## लो ब्लड प्रेशर

इस नेचुरल ड्रिंक को हाई ब्लड प्रेशर पर काबू पाने के लिए भी मददगार माना जाता है यानी औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में रक्तचाप को कम करने की क्षमता है। यही वजह है कि अगर आपका ब्लड प्रेशर अक्सर लो रहता है, तो आपको नारियल के पानी को अपनी डाइट में शामिल करने से बचना चाहिए।



# पुरुष जूनियर एशिया कप: भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर जीता खिताब





**मस्कट, (एजेंसी)।** अराएजीत सिंह हुंदल के चार गोलों की बदौलत भारत ने बुधवार को पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसी के साथ भारत पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई हैं। आज यहां ओमान के मस्कट खेले गये फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मैच के तीसरे मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके एक मिनट बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने पेनल्टी कार्नर की मदद से चौथे मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

इसके बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने एक बार फिर कमाल करते हुए दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में गोलकर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। पाकिस्तान के लिए सुफिया खान ने 30वें और 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद दोनों टीमों का स्कोर तीन-तीन से बराबर रहा। चौथे क्वार्टर मे अराएजीत सिंह हुंदल ने 47वें मिनट में मैदानी गोल और उसके बाद 54वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोलकर स्कोर को 5-3 कर भारत की जीत सुनिश्चत कर दी। भारतीय ने लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब जीता है। भारत ने 2023 में भी टूर्नामेंट का चैंपियन रहा था। इससे पहले भारत ने 2015 और 2008 और 2004 में भी यह खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार को सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया था।

# गोवा ने लगाई जीत की हैट्रिक,

## हैदराबाद एफसी के खिलाफ बटोरे पूरे तीन अंक



**हैदराबाद (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी का अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में हारने का सिलसिला जारी है। मेजबान टीम को अपने घर पर खेले चौथे मैच में भी हार मिली, जब एफसी गोवा ने बुधवार रात आईएसएल 2024-25 में जीत की हैट्रिक पूरी करते हुए मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया।

एफसी गोवा की जीत में राइट विंगर उदांता सिंह ने 33वें और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने 44वें मिनट में गोल किए। स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना को दूसरा गोल करने और मिडफील्ड में दमदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। एफसी गोवा 10 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और दो हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर आ गई है।

वहीं, अपनी टीम की लगातार तीसरी हार से हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो जरूर निराश होंगे। हैदराबाद एफसी 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर बनी हुई है। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और आज एफसी गोवा ने छठी बार जीत हासिल की है जबकि हैदराबाद ने तीन मैच जीते हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

मैच का पहला गोल 33वें मिनट में आया, जब राइट विंगर उदांता सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। 44वें मिनट में स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया।

पहले हाफ में दबदबा एफसी गोवा का रहा क्योंकि राइट विंगर उदांता सिंह और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना के गोल की बदौलत बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। लिहाजा, एफसी गोवा 2-0 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गई। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण एफसी गोवा का 62 फीसदी रहा। गोवा ने छह प्रयास किए और दो शॉट टारगेट पर रखे, जिन पर गोल आए। वहीं, गेंद पर 38 फीसदी कब्जा रखने वाली हैदराबाद एफसी की ओर से आठ प्रयास किए गए, जिनमें से तीन शॉट टारगेट पर भी रहे लेकिन गोल नहीं आया।

# केएल राहुल और जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे, रोहित शर्मा इस क्रम पर करेंगे बल्लेबाजी



**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आज कहा कि शुक्रवार से एडिलेड में शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पारी की शुरुआत और वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे। मैच से पहले गुरुवार को रोहित ने कहा, 'वह पारी की शुरुआत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा मैं मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा।'

मध्य क्रम में अपनी बल्लेबाजी को लेकर रोहित ने कहा, 'यह एक अभ्यास मैच था। इसी कारण से हमने अधिक कुछ सोचे बिना, अपना खेल आगे बढ़ाना चाह रहे थे। पहले से ही एक दिन बारिश के कारण धुल चुका था। हम चाह रहे थे कि हमें थोड़ा गेम टाइम मिले। हम मैच के डिटेल के बारे में अधिक कुछ नहीं सोच रहे थे। हमने गुलाबी गेंद के साथ अधिक नहीं खेला है तो हम चाह रहे थे कि हमें इस गेंद के साथ खेलने का अवसर मिले।'

रोहित ने राहुल की अनुकूलन क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा, 'राहुल ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी पारी ने हमें वह स्थिरता दी जिसकी हमें जरूरत थी।' जायसवाल के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा, 'जायसवाल की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई। राहुल के साथ उनकी साझेदारी टर्निंग पॉइंट थी।'

भारतीय कप्तान ने कहा, 'पर्थ जैसी पिच पर 500 रन बनाना बहुत बड़ी बात है। बाहर से यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और इसमें कोई बदलाव करने की भी जरूरत नहीं है। व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन टीम के लिहाज से यह तर्कसंगत भी था। गुलाबी गेंद खेल में एक नया आयाम जोड़ती है। हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और पर्थ से मिली लय को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

# भारत और पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**शारजाह (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को अपने-अपने ग्रुप मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इससे पहले युद्धजीत गुहा (तीन विकेट), चेतन शर्मा और हार्दिक राज(दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (नाबाद (76) और आयुष म्हात्रे (67) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 12वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 10 विकेट से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।


138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज बल्लेबाजी करते हुए महज 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 143 रन पर बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंदों में तीन चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद (76) रनों की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (नबाद 67) रन बनाये।

इससे पहले आज यहां यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। आर्यन सक्सेना (नौ) और यायीन राय (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में हार्दिक राज ने इथन डिसूजा (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अक्षत राय (26), मोहम्मद रयान (35) और उद्दीश सुरी (16) रन पर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और यूएई की पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने तीन विकेट लिये। चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में मोहम्मद रियाजुल्लाह (नाबाद 66), शाहजेब खान (45) और फहम-उल-हक (34) की शानदार पारियों के बाद मोहम्मद हुजैफा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 11वें एकदिवसीय मुकाबले में जापान को 180 से करारी शिकस्त देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम को मोहम्मद हुजैफा आठ रन देकर (पांच विकेट), मोहम्मद अहमद , अहमद हुसैन ने (दो-दो) विकेट तथा फहम-उल-हक ने एक विकेट के कहर का सामना करना पड़ा। जापान की ओर से निहार परमार ने सर्वाधिक (25) रनों की पारी खेली। जापान के 10 खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने 28.3 ओवर में जापान को 68 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 180 रनों से जीत लिया।

इससे पहले आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जापानी गेंदबाजों ने शुरुआत में पाकिस्तान के किसी भी बल्लेबाज को अधिक देर तक पिच पर नहीं टिकने दिया। कप्तान साद बेग (तीन), हारून अरशद (नौ), फरहान यूसफ (10) और फहम-उल-हक (34) और तैय्यब आरिफ (20) रन बनाकर आउट हुये। 25वें ओवर में 100 रन के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां कर पाकिस्तान की टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय शाहजेब खान मोहम्मद रियाजुल्लाह ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 82 रनों की साझेदारी हुई। छठे विकेट के रूप में शाहजेब खान (45) का विकेट गिरा। मोहम्मद रियाजुल्लाह (66) और अहमद हुसैन (30) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 243 रन बनाये। जापान की ओर से निहार परमार ने दो विकेट लिये। के वाई लेक ,के वॉल,चार्ल्स हिंजे,और तिमुती मूरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। शुक्रवार को सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला श्रीलंका से होगा। और इसी दिन दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान की टीम बंगलादेश से भिड़ेगी।

# बजरंग ने किया किसानों का समर्थन



सोनीपत । ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि वह हमेशा किसानों के साथ रहेंगे ।किसानों के दिल्ली कूच की घोषणा को लेकर बजरंग ने ये बात कही ।उन्होंने कहा कि वह किसानों के साथ कल भी थे, और आगे भी रहेंगे । साथ ही कहा, 'यह दुख की बात है कि जब हमारे किसान भाई आंदोलन कर रहे थे, तब उनकी शहादत भी हुई और अब भी आंदोलन जारी है पर उनकी समस्या हल नहीं हुई। किसानों को शांतिपूर्वक अपनी मांगें रखने का अधिकार है पर उन्हें रोका जा रहा है ।उन्होंने कहा, 'हमारे उपराष्ट्रपति ने भी यह सवाल उठाया कि अगर सरकार ने लिखित में किसाने से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का वादा किया था, तो अब तक किसानों को वह क्यों नहीं दिया गया? उनके इस बयान का हम स्वागत करते हैं क्योंकि वह किसानों की आवाज उठाने के लिए आगे आए हैं ।किसानों की मुख्य मांग है कि उन्हें अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले जिससे वे अपनी जिंदगी ठीक से चला सकें। यह कोई बड़ी मांग नहीं है; हर व्यक्ति को उसकी मेहनत के अनुसार मूल्य मिलना चाहिए ।' इसलिए चाहे वह शंभू बॉर्डर पर आंदोलन हो या किसी और जगह, मेरा समर्थन किसानों के साथ है ।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने जो आंदोलन किया था, वह उनके अधिकारों के लिए था, और राजनीति से परे था ।

# विराट को फिर कप्तान बना सकती है आरसीबी : अश्विन



मुम्बई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि विराट कोहली को एक बार फिर से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपना कप्तान बना सकती है। आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए नीलामी के बाद अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी ।आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके। अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उनकी नीलामी बेहतरीन रही। उन्होंने संतुलन बनाए रखा और इंतजार करते हुए जरुरत के अनुसार खिलाड़ी खरीदे।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** मेगन शूट (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 46) और फीबी लिचफील्ड (35) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया है।

100 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिय 48 रन जोड़े। सातवें ओवर में रेणुका सिंह ने फीबी लिचफील्ड (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नौवें ओवर में रेणुका ने एलिस पेरी (एक), बेथ मूनी (एक) को आउट कर भारत को वापसी की उम्मीद जताई। ऐनाबेल सदरलैंड (6) और एश्ली गार्डनर (आठ) को प्रिया मिश्रा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मेगन शूट को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। प्रिया मिश्रा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज 19 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। स्मृति मंधाना (आठ) और प्रिया पुनिया (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हरलीन देओल और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने हरलीन देओन (19) रन को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसके बाद सदरलैंड ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (23) और ऋचा घोष (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 34.2ओवर में 100 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शूट ने पांच विकेट लिये। किम गार्थ, एश्ली गार्डनर,ऐनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे देस्ट में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम




**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। ये मैच दिन-रात का है और इसलिए गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। इस मैच से कप्तान रोहित शर्मा औ शुभमन गिल टीम में वापसी करेंगे। रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में शामिल नहीं थे जबकि शुभमन चोटिल होने के कारण बाहर थे। भारतीय टीम ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में 295 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में वह दूसरे टेस्ट में भी जीत के साथ ही सीरीज में अपनी बढ़त को और आगे ले जाना चाहेगी। पहले टेस्ट में के एल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करते हुए शानदार साझेदारी बनायी थी। इसी के बाद से ही सवाल उठ रहे थे कि कप्तान रोहित की वापसी के बाद वह पारी की शुरुआत करेंगे या राहुल और यशस्वी को ही ये जिम्मेदारी देंगे। इस का जवाब रोहित ने दिया है और कहा है कि राहुल और यशस्वी ही पारी शुरु करेंगे और वह मध्यक्रम में जरुरत के अनुसार उतरेंगे। वहीं शुभमन किया जगह पर उतरेंगे ये भी देखना होगा।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से उत्साहित है, इसलिए वह गुलाबी गेंद वाले इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच हालांकि भारतीय बल्लेबाजों के सामने अलग तरह की चुनौती पेश करेगा। गुलाबी गेंद से अतिरिक्त सीम मूवमेंट मिलता है और भारतीय बल्लेबाजों को इससे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उसने अभी तक घरेलू धरती पर जो 12 दिन रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले टेस्ट मैच में करारी शिकस्त झेलने के कारण इस बार उसकी टीम पर दबाव रहेगा। रोहित मध्यक्रम में कहीं भी उतरें वह बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। रोहित और शुभमन अंतिम एकादश में देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे।

# पृथ्वी को मिला पीटरसन और वॉटसन का साथ


लंदन ।खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को अब दो दिग्गज क्रिकेटरों का समर्थन मिला है ।इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने पृथ्वी का बचाव करते हुए उसे एक असाधारण प्रतिभा बताया है। पृथ्वी पिछले काफी समय ये भारतीय टीम से बाहर हैं। इस दौरान उनका प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट में भी खराब रहा जिस कारण उन्हें आईपीएल नीलामी में भी कोई खरीददार नहीं मिला ।इसके बाद से ही पृथ्वी को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था पर और अब उन्हें पीटरसन और



औस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन से समर्थन मिला है। इस युवा को आईपीएल में कोई खरीददार नहीं मिलने का कारण फिटनेस और अनुशासनहीनता को माना जा रहा है पीटरसन ने पृथ्वी से कहा है कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफल होना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना होगा। पृथ्वी ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था पर अब 25 साल की उम्र में वह असफल खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जिसे कोई नहीं लेना चाहता है ।आईपीएल में उनकी अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उन्हें 75 लाख रुपए के आधार मूल्य पर भी खरीदने बोली नही लगायी ।इसका कारण पूर्व क्रिकेटरों के अनुसार मैदान के बाहर की उनकी नकारात्मक छवि है। पीटरसन ने 'सोशल मीडिया में लिखा कि खेल में वापसी की कुछ बेहतरीन कहानियां हैं ।अगर पृथ्वी के आस पास अच्छे लोग हैं जो उनकी सफलता की परवाह करते हैं तो वे उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने और पूरी तरह से फिट होने के लिए ट्रेनिंग करने को कहेंगे ।यह उसे सही रास्ते पर वापस ले आएगा जहां पिछली सफलता वापस हासिल की जा सकती है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं ।हाल में इस क्रिकेटर को अधिक वजन के कारण ही मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में वापसी हुई पर वहां भी अब तक विफल रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी : वॉन

सिडनी ।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि पहले टेस्ट में हार का कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी होना रहा ।वॉन ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के इस मैच में उन्हें कभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता नहीं दिखी थी। उनकी बल्लेबाजी में पहले वाली चमक नहीं थी। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम एडिलेड ओवल में 6 दिसंबर को होने वाले दिन-रात के दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी ।पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से असफल रहा। स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे बल्लेबाज भी रन नहीं बना पाये केवल ट्रेविस हेड ही कुछ हद तक भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये ।वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने शतकीय पारियों खेली। जिसके कारण मेजबान टीम को विशाल लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक गये। वॉन ने कहा कि भातरीय टीम एक बार आत्मविश्वास महसूस करने के बाद बेहद खतरनाक हो जाती है और यह पर्थ में दिखाई दिया क्योंकि उनकी बॉडी लैंग्वेज और खेलने का तरीका आक्रामक था। वॉन ने कहा, भारतीय टीम एक बहुत ही खतरनाक टीम है, खासकर जब उन्हें आत्मविश्वास मिलना शुरू होता है और मुझे लगता है कि हमने पर्थ में यह देखा था ।उनके पास वह ऊर्जा और वह आक्रामक स्वभाव है, और यही एक चीज है जिसने मुझे पर्थ में हैरान कर दिया ।मुझे पता है कि भारत शीर्ष पर था, लेकिन भारत एक अधिक आक्रामक टीम की तरह लग रहा था ।वहीं ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी टीम की तरह लग रहा था जो बस खेल रही थी ।उन्होंने कहा, मैंने कोई आक्रामकता नहीं देखी ।यशस्वी के खिलाफ बाउंसर थ्योरी नहीं देखी ।मैंने मैदान पर किसी तरह का टकराव नही देखा ।वॉन ने कहा कि शायद ऑस्ट्रेलियाई टीम को रिटायर्ड बल्लेबाज डेविड वार्नर की कमी खली जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी और मैदान पर टकराव, स्लेजिंग और मजाक के माध्यम से बहुत ऊर्जा और आक्रामकता दिखाई।



# बुमराह , जेनसन और राउफ आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित

**नई दिल्ली (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन और पाकिस्तान के हारिस राउफ को खेल के अलग-अलग प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नवंबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित किया है।

बुमराह को पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट लेने के लिए नामांकित किया गया है।

बुमराह ने इस मैच में पहली पारी में तीन जबकि दूसरी पारी में पांच विकेट के साथ ही कुल आठ विकेट लिए।

वहीं जेनसन ने टी20 और टेस्ट में अपनी टीम को सफलताएं दिलायी हैं। सेंचुरियन में विकेट लेने के अलावा, जेनसन ने सिर्फ 17 गेंदों पर 54 रनों की तूफानी पारी भी खेली। टेस्ट में जेनसन ने श्रीलंका के खिलाफ 11 विकेट लिए। जिसमें पहली पारी में 7-13 विकेट शामिल थे।

इसके अलावा राउफ ने पाकिस्तान के लिए छह एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलते हुए अपने बेहतरीन फॉर्म में वापसी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत मेलबर्न में तीन विकेट लेकर की और सीरीज में बराबरी के लिए अहम पांच विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। पर्थ में सीरीज के निर्णायक मैच में राउफ ने दो और विकेट लिए और सीरीज में शीर्ष 10 विकेट लेकर पांच की इकॉनमी रेट से पाकिस्तान को 2-1 से सीरीज जीतने में मदद की। राउफ ने इसके बाद की टी20 सीरीज में भी अपना फॉर्म जारी रखा और दूसरे मैच में चार विकेट सहित पांच विकेट लिए। इसके अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय में भी तीन विकेट लिए।



# सलमान खान के शूटिंग सेट पर घुसा संदिग्ध शख्स, लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर दी धमकी

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मुंबई के जोन-5 में एक संदिग्ध बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के शूटिंग स्थल में घुस गया और उसने कथित तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध को तुरंत पकड़ लिया और पूछताछ के लिए शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। मिड डे के अनुसार, पुलिस सूत्रों ने बताया कि, संदिग्ध उस सेट तक पहुंचने में कामयाब हो गया जहां सलमान खान को शूटिंग करनी थी। मुंबई पुलिस ने बताया कि सलमान खान दादर वेस्ट में फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। एक फैन शूटिंग देखना चाहता था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उसे ऐसा नहीं करने दिया। गुस्से में उस शख्स ने लॉरेंस बिश्नोई का नाम लिया, जिसके बाद गार्ड्स ने पुलिस को बुलाकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। शख्स मुंबई का रहने वाला है। बता दें कि सलमान खान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से लगातार धमकियां मिल रही हैं। विजयादशमी की शाम एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तीन हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया था। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक गुर्गे ने ली थी। हालांकि, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि पिछले कुछ साल से लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान को जान से मारने की धमकियां मिलती आई है। सलमान खान के घर पर गोलियां तक चलाई गई हैं। एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सलमान खान को बाबा सिद्दीकी का करीबी माना जाता है। उनकी हत्या के बाद से ही सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। 1998 के काले हिरण मामले को लेकर लॉरेंस बिश्नोई सलमान खान से खफा है। इसी वजह से वह सलमान खान को मारना चाहता है। एक टीवी इंटरव्यू में लॉरेंस बिश्नोई कहा था कि अगर सलमान खान माफी मांग लें तो मैं कुछ नहीं करूंगा। इसी साल सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग भी हो चुकी है।



# दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 की पाबंदियां हटाने को सुप्रीम कोर्ट की इजाजत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत लगी पाबंदियों को हटाने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने एक्यूआई में गिरावट के चलते ये फैसला लिया है। कोर्ट ने साफ किया है कि अगर एक्यूआई 350 से ऊपर जाता है तो वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग तुरंत ग्रैप-3 और अगर 400 से ऊपर गया तो आयोग तुरंत ग्रैप-4 लागू करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी कुछ अतिरिक्त पाबंदियों के साथ ग्रैप-2 को लागू किया जा सकता है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ग्रैप-2 से कम की स्टेज को अभी लागू नहीं किया जाएगा। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ग्रैप-4 लगाये जाने के बाद निर्माण मजदूरों को मिलने वाले मुआवजे की रकम का भुगतान नहीं करने पर दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप निर्माण मजदूरों को भूखे मार डालना चाहते हैं। तब दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील शदान फरासत ने कहा कि रजिस्टर्ड निर्माण मजदूरों को दो-दो हजार रुपये दिए गए हैं। तब कोर्ट ने कहा कि मुझे ये नहीं समझ आता है कि नौकरशाही इतना वेरिफिकेशन क्यों कर रही है। निर्माण मजदूरों को छह हजार रुपये और मिलने चाहिए थे। कोर्ट ने 2 दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत लगी पाबंदियां जारी रखने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि हम एक्यूआई लेवल को देखेंगे कि क्या उसमें लगातार कमी आ रही है या नहीं।

# आपराधिक घटनाओं का असर बच्चों पर पड़ रहा, ये बहुत चिंताजनक विषय है : आतिशी

एजेंसी


**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी आज वसन्त विहार चिन्मया स्कूल में 6ठी क्लास में पढ़ने वाले उस 12 वर्ष के प्रिंस के घर गईं, जिसकी मौत स्कूल में दो दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ लगभग 20 मिनट समय बिताया और उन्हें ढाढ़स बंधाया। आतिशी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग की एक टीम स्कूल में जाकर जांच करेगी। साथ ही इलाके के एसडीएम भी इस घटना कि जांच करेंगे कि हादसा कैसे हुआ? अगर बच्चों में लड़ाई हुई तो टीचर कहां थी? सभी सीसीटीवी की जांच की जाएगी। साथ हीं अस्पताल पहुंचाने में कितना समय लगा, क्या उपचार दिया गया, इन सभी की भी जांच की जाएगी और अगर इसमें कोई भी लापरवाही सामने आएगी तो उनके खिलाफ सख्त कदम उठाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद दिल्ली के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया कि दिल्ली में आये दिन ऐसी आपराधिक घटनाएं, मारपीट-हत्या, गोलीबारी आम बात हो गई है। इसे बच्चे टीवी या मोबाइल पर देखते हैं और इसका असर बच्चों पर भी पड़ रहा है। ये बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सभी को बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ एकसाथ आना पड़ेगा वरना इसके बुरे असर से छोटे बच्चे भी अछूते नहीं रहेंगे। साथ ही उन्होंने दिल्ली के बच्चों के अभिभावकों तथा माता-पिता से अपील की कि वो अपने बच्चों को अच्छे वातावरण और अच्छी शिक्षा देने की कोशिश करें।



# उत्तरी अरब सागर में डूबे भारतीय पोत के 12 सदस्यों को आईसीजी ने बचाया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने उत्तरी अरब सागर में डूबे भारतीय पोत एमएसवी अल पिरानपीर के 12 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया है। खास बात यह रही कि इस खोज और बचाव मिशन में भारतीय तटरक्षक बल के साथ पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी (एमएसए) के बीच घनिष्ठ सहयोग देखा गया। दोनों देशों के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) ने भी पूरे ऑपरेशन के दौरान निरंतर संवाद बनाए रखा। बचाए गए चालक दल को गुजरात के पोरबंदर तट पर लाया जा रहा है। दरअसल, पोरबंदर से ईरान के बंदर अब्बास के लिए रवाना हुआ भारतीय नौकायन पोत अल पिरानपीर 04 दिसंबर की सुबह समुद्र में उथल-पुथल और बाढ़ के कारण डूब गया। संकट की सूचना आईसीजी के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र मुंबई को मिली, जिसने गांधीनगर में आईसीजी क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पश्चिम) को तुरंत सतर्क कर दिया। इसके बाद तत्काल आईसीजी के जहाज सार्थक को बताए गए स्थान के लिए रवाना किया गया। क्षेत्र में नाविकों को सतर्क करने के लिए पाकिस्तान के एमआरसीसी से भी संपर्क करके तुरंत सहायता देने का आग्रह किया गया। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि अग्रिम क्षेत्र में गश्त के लिए तैनात आईसीजीएस सार्थक संभावित स्थान पर अधिकतम गति से आगे बढ़ा और व्यापक खोज अभियान चलाया। जब जहाज सार्थक मौके पर पहुंचा, तब तक भारतीय पोत के 12 चालक दल के सदस्यों ने अपना पोत छोड़कर एक छोटी सी नाव में शरण ले ली थी। यह स्थान पाकिस्तान के खोज और बचाव क्षेत्र के भीतर द्वारका से लगभग 270 किलोमीटर पश्चिम में था। जीवित बचे लोगों की खोज में पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी के विमान और व्यापारी जहाज एमवी कॉस्को ग्लोरी ने भी सहयोग किया।



पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने खोज और बचाव मिशन में दिया पूरा सहयोग

# भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना राहुल गांधी को बताया देशद्रोही

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं रायबरेली के कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने कहा कि उन्हें राहुल गांधी को देशद्रोही कहने में कोई संकोच नहीं है। वह देशद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि जॉर्ज सोरोस ओपेन सोसाइटी को फंडिंग करते है। ये देश के खिलाफ प्रोपगेंडा चलाते हैं। यह मुद्दा गंभीर हैं। देश की एकता और संप्रभुता का मुद्दा है। कुछ ताकतें भारत को तोड़ना चाहती हैं। फ्रेंच न्यूज पेपर मीडिया ने इसका कुछ खुलासा किया है। राहुल गांधी भी जॉर्ज सोरोस से मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के भारत को अस्थिर करने के एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक फ्रांसीसी अखबार ने 2 दिसंबर को एक रिपोर्ट प्रकाशित की। फ्रेंच अखबार की इस रिपोर्ट का शीर्षक था, 'द हिडन लिंक्स बिटवीन अ जाइंट ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म एंड द यूएस गवर्नमेंट'। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि जॉर्ज सोरोस ने ओसीसीआरपी को फंड किया था। संबित पात्रा ने कहा कि अगर ओसीसीआरपी को तकलीफ होती है, तो राहुल गांधी रोते हैं। अगर राहुल गांधी रोते हैं, तो ओसीसीआरपी को तकलीफ होती है। ये दो शरीर लेकिन एक आत्मा हैं। पात्रा का यह बयान संसद परिसर में अडाणी मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद आया। विपक्ष के नेताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने जैकेट पहन रखी थी जिस पर लिखा था कि मोदी-अडाणी एक हैं।

# एक बिटकॉइन की कीमत बढ़ कर 100,000 डॉलर के पार

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** संयुक्त राज्य अमेरिका में बुधवार को एक बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 100,000 डॉलर से अधिक हो गई। पहली बार बिटकॉइन की कीमत इस स्तर पर पहुंची है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति पद पर जीत के बाद इसकी कीमत में लगातार उछाल आ रहा है। क्रिप्टो उत्साही लोगों ने उन्हें पहला बिटकॉइन राष्ट्रपति करार दिया है। अमेरिका के समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान खुद को एक बिटकॉइन उत्साही के रूप में प्रचारित किया। उन्होंने अमेरिका को प्लेनेट की क्रिप्टो कैपिटल के रूप में स्थापित करने और एक राष्ट्रीय बिटकॉइन रिजर्व बनाने की बात कही थी। निवेशकों को उम्मीद है कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद परिदृश्य और बदलेगा। इस साल बिटकॉइन की कीमत में 100 फीसदी तेजी आई है। ट्रंप के जीतने के बाद से चार सप्ताह में इसकी कीमत 45 फीसदी बढ़ी है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप पहली बार 2 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। यह मास्टरकार्ड, वॉलमार्ट और जेपी मॉर्गन चेज के संयुक्त मूल्य से अधिक है। वर्ष 2008 में एक अज्ञात कोडर के बिटकॉइन बनाए जाने पर इसे अपनाने वाले हैकरों और राजनीतिक कट्टरपंथियों के विविध समूह कई बार करोड़पति बन चुके हैं। इसने सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कॉइनबेस, क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज जैसी कंपनियों को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है। क्रिप्टो करेंसी के इतिहास के बारे में 2019 में किताब लिखने वाले फिन ब्रंटन का कहना है कि बिटकॉइन की यह प्रभावशाली उपलब्धि है। प्रभावशाली अमेरिकी क्रिप्टो कंपनी सर्कल के मुख्य कार्यकारी जेरेमी अल्लायर ने कहा, इस समय उद्योग में भारी उत्साह है। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि फिर भी, बिटकॉइन में अत्यधिक अस्थिरता का खतरा बना हुआ है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संघर्ष करती है तो इसकी कीमत कभी-कभी गिर जाती है। क्रिप्टो फॉरेंसिक फर्म चैनालिसिस के अनुसार, हालांकि कुछ अवैध गतिविधियों में कमी आई है। साइबर अपराधियों ने साल के पहले छह महीनों में लगभग 500 मिलियन डॉलर की फिरौती भुगतान की सुविधा के लिए डिजिटल मुद्रा का उपयोग किया। बिटकॉइन 2008 में हैलोवीन पर एक इंटरनेट मेलिंग सूची पर पोस्ट किए गए नौ पेज के श्वेत पत्र में उल्लिखित विचार था। लेखक एक रहस्यमय कोडर था। उसने छद्म नाम सातोशी नाकामोटो का इस्तेमाल किया था। सातोशी की दृष्टि एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा थी जिसे लोग हस्तांतरण की प्रक्रिया के लिए बैंकों पर निर्भर हुए बिना विनिमय कर सकते थे। प्रत्येक लेनदेन सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाले बही-खाते पर दर्ज होते थे, जिसे ब्लॉकचेन के रूप में जाना जाता है।



## एक नजर

### चीन में जमीन धंसी 13 मजदूर लापता

**बीजिंग :** चीन के एक शहर में जमीन का बड़ा हिस्सा धंस जाने से 13 मजदूर लापता हो गए। यह हादसा दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के शेनझेन में हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने आज कहा कि रात लगभग 11 बजे शेनझेन में रेलवे परियोजना के एक निर्माण स्थल पर अचानक जमीन का बड़ा हिस्सा धंस गया। इस हादसे में 13 लोग लापता हो गए। यह सभी मजदूर हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाओआन जिले के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के हवाले से कहा कि यह हादसा शेनझेन-जियांगमेन रेलवे के एक खंड के निर्माण स्थल पर हुआ। राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। आसपास के निवासियों को हटा दिया गया है। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

### केंद्र ने टेक्निकल टेक्सटाइल्स के क्षेत्र में दो स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

**नई दिल्ली :** कपड़ा मंत्रालय के सचिव ने राष्ट्रीय टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन के तहत 9वीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। समिति ने ह्यटेक्निकल टेक्सटाइल्स में महत्वाकांक्षी अन्वेषकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता अनुदान (ग्रेट)ह्व योजना के तहत लगभग 50 लाख रुपये प्रत्येक के अनुदान के साथ 2 स्टार्ट-अप को मंजूरी दी है। कपड़ा मंत्रालय ने बताया कि समिति ने ह्यटेक्निकल टेक्सटाइल्स में शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने के लिए सामान्य दिशा-निर्देशह्व के तहत टेक्निकल टेक्सटाइल्स में पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 6 शिक्षण संस्थानों को लगभग 14 करोड़ रुपये के अनुदान को भी मंजूरी दी है। स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाएं टिकाऊ वस्त्रों और मेडिकल टेक्सटाइल्स के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। अनुमोदित शिक्षा संस्थानों ने मेडिकल टेक्सटाइल, मोबाइल टेक्सटाइल, जियोटेक्सटाइल्स, जियोसिंथेटिक्स आदि सहित सभी टेक्निकल टेक्सटाइल्स के विभिन्न क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में नए बीटेक पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

### भारतीय वायुयान विधेयक 2024 राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली :** गुरुवार को राज्यसभा से भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पारित हो गया। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने गुरुवार को राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पेश किया। यह विधेयक एयर क्राफ्ट एक्ट 1934 का स्थान लेगा। लोकसभा विधेयक को पिछले सत्र में पारित कर चुकी है। विधेयक में विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, अधिकार, उपयोग, संचालन, बिक्री, निर्यात और आयात के विनियमन और नियंत्रण तथा उससे जुड़े मामलों का प्रावधान है। राज्यसभा में भोजनवकाश के बाद इस भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर चर्चा शुरू हुई। व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने और विमानन क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने की मांग करने वाले 'भारतीय वायुयान विधेयक, 2024' पर चर्चा में भाग लेते हुए टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने विधेयक के हिन्दी नाम का विरोध किया। इस बीच भाजपा के सांसद भीम सिंह ने इस विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि पुराने विधेयक में अबतक 21 संशोधन किए जा चुके थे। उसमें सिर्फ 19 खंड थे। मौजूदा विधेयक में 43 धाराएं शामिल की गई हैं। भारतीय वायुयान विधेयक 2024 भारत को डिजाइन राज्य के रूप में सक्षम बनाने, विनिर्माण में आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने पर जोर देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन तस्कर गिरफ्तार, करोड़ों की हेरोइन व साढ़े चार लाख की ड्रग मनी बरामद




**चंडीगढ़ :** नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और ड्रग मनी को जब्त किया है। जांच में पता चला है कि नशे की यह खेप सरहद पार से आई थी और इसे पंजाब के साथ-साथ अन्य राज्यों में कई जगह सप्लाई किया जाना था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने विशेष ऑपरेशन के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अमृतसर के पंजाबी बाग रिसॉर्ट के पास की गई है। ऑपरेशन के दौरान आरोपितों के पास से पांच किलोग्राम हेरोइन और 4.45 लाख रुपए की ड्रग मनी जब्त की गई। मामला दर्ज करने के बाद आरोपितों से उनके संपर्कों के बारे में जानकारी ली जा रही है। आरोपितों के तार अंतरराष्ट्रीय तस्करों से जुड़े हो सकते हैं। इसके बारे में जांच की जा रही है।

### हर रेलवे जोन में आईटीएमएस मशीनें तैनात की जाएंगी : रेल मंत्री

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि अब हर रेलवे जोन में एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) मशीनें तैनात की जाएंगी। रेल मंत्री वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) और सड़क सह रेल निरीक्षण वाहन (आरसीआरआईवी) का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ये मशीनें नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ट्रैकमैन के जीवन को बेहतर बनाएंगी। उन्होंने कहा कि व्यापक ट्रैक निगरानी के लिए सभी रेलवे जोनों में एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य ट्रैक निरीक्षण और रखरखाव में सुधार के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाना है। उन्होंने ट्रैक रखरखाव के लिए जिम्मेदार कर्मियों, ट्रैकमैन के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस और आरसीआरआईवी के उपयोग से अब ट्रैकमैन के पास सटीक, वास्तविक समय के डेटा तक पहुंच होगी, जिससे उनका काम आसान, सुरक्षित और अधिक कुशल हो जाएगा। रेलवे ट्रैक सिस्टम पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि करीब 2-2.5 साल पहले रेलवे में तीन और आईटीएमएस मशीनें लगाई गई थीं। ये मशीनें रेलवे ट्रैक का सटीक माप देती हैं। ऐसी मशीनें अब हर रेलवे जोन में लगाई जाएंगी। ट्रैक माप प्रोटोकॉल को और अधिक बार ट्रैक माप करने के लिए संशोधित किया जाएगा। रेल सह सड़क वाहन (आरआरवी) के साथ ट्रैकमैन और कीमैन के कामकाज और सुरक्षा में सुधार होगा। आने वाले 5 वर्षों में यह रेलवे के आधुनिकीकरण में बहुत बड़ा कारक होगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य (इंफ्रास्ट्रक्चर) नवीन गुलाटी, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे और आरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### इजराइल -फिलिस्तीन संघर्ष में दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत का समर्थन करता है भारत : जयशंकर

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान फिलिस्तीन संबंधों पर सदस्यों के सवालों के जवाब देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को लेकर भारत दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। दशकों से जारी इस विवाद को दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत के जरिए ही हल खोजा जा सकता है। भारत भी लगातार इसी बात का वकालत करता आया है। भारत सरकार फिलिस्तीन के लोगों तक लगातार मदद पहुंचा रही है। संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों से भारत के कथित रूप से दूर रहने के दावे पर जयशंकर ने जवाब देते हुए कहा कि 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीन से संबंधित 13 प्रस्ताव पेश किए गए हैं। इनमें से भारत ने 10 प्रस्तावों के पक्ष में मतदान किया। तीन प्रस्तावों पर मतदान से परहेज किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत एक ₹संप्रभु, स्वतंत्र और टिकाऊ फिलिस्तीनी राज्य₹ के निर्माण के पक्ष में है, जो इजराइल के साथ शांति से रह सके। चालू संकट के दौरान भारत ने फिलिस्तीन को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता प्रदान की है। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत ने लगभग 70 मीट्रिक टन सहायता सामग्री भेजी। इसमें 16.5 मीट्रिक टन दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति शामिल थीं।

### निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में शुरू किया अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र



**रायपुर :** एशिया की सबसे बड़ी होम एलेवेटर ब्रांड, निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र शुरू किया है। इस रणनीतिक कदम के साथ, कंपनी अपनी कुल उत्पादन क्षमता को 7,500 यूनिट से बढ़ाकर 15,000 यूनिट प्रति वर्ष करने जा रही है। एसआईपीसीओटी, इरुंगट्टुकोट्टई में स्थित यह अत्याधुनिक संयंत्र 1,00,000 वर्ग फुट में फैला है और विशेष रूप से कंपनी की नई होम एलेवेटर रेंज, निबाव सीरीज-4 का उत्पादन करेगा। इस पहल के माध्यम से कंपनी क्षेत्र में विभिन्न विभागों में 450 रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगी। नया संयंत्र उच्च दक्षता वाली निर्माण लाइनों और पैकेजिंग सुविधाओं से लैस है, जो अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ-साथ संसाधनों की बबार्दी को कम करता है। इस फैक्ट्री में एडवांस सुविधाएं भी मौजूद हैं, जिनमें लेटेस्ट लेजर कट मशीनें, सीएनसी मशीनें, पाउडर कोटिंग यूनिट्स, रोबोटिक मशीनरी और एक टेस्ट टावर शामिल हैं। इनोवेशन और क्वालिटी पर गहरी नजर रखते हुए, निबाव होम लिफ्ट्स ने इस नए संयंत्र में एक समर्पित रिसर्च और डेवलपमेंट लैब भी स्थापित की है, जो निबाव की एयर-ड्रिवन होम लिफ्ट्स के डिजाइन और तकनीक को और अधिक मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस अवसर पर निबाव होम लिफ्ट्स के सीईओ और फाउंडर विमल बाबू ने कहा, हमें चेन्नई में अपने नए प्रमुख निर्माण संयंत्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो निबाव के सफर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। यह नया संयंत्र न केवल होम एलेवेटर इंडस्ट्री में अपनी तरह का सबसे बड़ा है, बल्कि आकार, दक्षता और इनोवेशन के मामले में एक नया बेंचमार्क भी स्थापित करता है। इस विस्तार के साथ, हम 12 से अधिक देशों में अपने उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं, साथ ही क्वालिटी और सर्विस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हमें यह कहते हुए भी खुशी हो रही है कि हम चेन्नई में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देगा और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**